# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026


एसपी बोले- दीवार पर कुछ लिखा है जांच कर रहे

## घर में लटकी 3 लाशें पति-पत्नी और डेढ़ साल की बेटी की मौत



मृतक परिवार

### दरवाजा तोड़कर निकाली लाशें सुसाइड नोट नहीं मिला

**दमोह।** दमोह के तेंदूखेड़ा में गुरुवार सुबह पति-पत्नी और उनकी डेढ़ साल की बेटी के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मनीष केवट (30), पत्नी दसौदा केवट और डेढ़ साल की की बेटी आरोही के साथ तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक एक में रहता था। मनीष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। दमोह एसपी श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने कहा फिलहाल कोई स्पष्ट कारण समझ नहीं आ रहा है। पड़ोसियों और परिजन के बयान लिए जा रहे हैं। दीवार पर कुछ लिखा है, उसे भी जांच में लिया है। डॉक्टरों के पैनल से शवों का पीएम कराया जाएगा।

आई-पीएसी के मालिक प्रतीक जैन तृणमूल कांग्रेस के आईटी विभाग के हेड

कोलकाता के आई-पीएसी के ऑफिस व घर पर मनी लांड्रिंग मामले में ईडी का छापा, सीएम ममता ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

# छापेमारी के दौरान ममता उठा ले गईं फाइल, ईडी कोर्ट पहुंचा

*इस कार्रवाई को ममता ने डराने-धमकाने की कार्रवाई बताया और कहा कि यह कानून लागू करना नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कोलकाता और विधाननगर में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में सॉल्ट लेक स्थित पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पीएसी का कार्यालय, लाउडन स्ट्रीट स्थित डायरेक्टर प्रतीक जैन का आवास और बुर्राबाजार के पोस्टा में एक बिजनेसमैन का कार्यालय शामिल है। यह छापेमारी मनी लांड्रिंग मामले के सिलसिले में की गई।



प्रतीक जैन

छापेमारी के दौरान केंद्रीय एजेंसी ने प्रतीक जैन से पूछताछ भी की है। इधर, सूचना मिलते ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी प्रतीक जैन के घर पहुंच गईं। इसके बाद छापेमारी के दौरान वह सीधे प्रतीक जैन के घर में घुस गईं और हाथ में एक हरे रंग की फाइल लेकर बाहर आईं।

इस फाइल में पार्टी की हार्ड डिस्क रणनीति और योजनाओं की जानकारी



सीएम ममता फाइल के साथ मीडिया से बात करते हुए

### हम संयम बरत रहे हैं हमें कमजोर न समझें

ममता ने आरोप लगाया कि ईडी ने सुबह 6 बजे तलाशी अभियान शुरू किया, जब वहां कोई मौजूद नहीं था। हम गुरुवार दोपहर आई-पीएसी कार्यालय पर छापे के दौरान ईडी द्वारा टीएमसी दस्तावेजों की लूट के खिलाफ पूरे बंगाल में विरोध प्रदर्शन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**»** ***ईडी ने सुबह 6 बजे अपना तलाशी अभियान शुरू किया था***

**»** ***विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने इसे जांच में असंवैधानिक और हस्तक्षेप करार दिया***

### टीएमसी का आंतरिक डेटा जब्त करने की कोशिश की

ममता ने हाथ में एक फाइल लिए बाहर आते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ईडी ने हमारे आईटी विभाग और उसके प्रमुख के घर और कार्यालय पर छापा मारा। वे (ईडी) सारी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने प्रतीक को फोन किया, वे मेरी पार्टी के प्रभारी हैं। ममता का आरोप है कि ईडी ने आई-पीएसी प्रमुख के घर पर छापेमारी के दौरान टीएमसी का आंतरिक डेटा जब्त करने की कोशिश की। मुख्यमंत्री ने फाइल के बारे में बात करते हुए कहा कि इसमें उनके पार्टी की हार्ड डिस्क ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 2700 करोड़ के सिंडिकेट में ईडी की स्ट्राइक

बंगाल में ईडी की छापेमारी ने ममता बेनर्जी की नींद उड़ा दी है। ईडी यह साबित करने में जुटी है कि कोयले की कालिख का पैसा आई-पीएसी तक पहुंचा, जिसे ममता की पार्टी का दिमाग माना जाता है। कहानी शुरू होती है आसनसोल और रानीगंज की उन खदानों से, जो केंद्र सरकार की कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। सरकारी खदानों से रात के अंधेरे में हजारों टन कोयला खोदा गया और चोरी-छिपे बेच दिया गया। यह कोई छोटी-मोटी चोरी नहीं थी। ईडी की जांच बताती है कि करीब 2,742.32 करोड़ का कोयला सरकारी तंत्र की नाक के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सिंडिकेट का 'गॉडफादर'

इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड अनूप माजी उर्फ लाला था। 2000 से 2015 के बीच उस पर 16 एफआईआर हुईं, लेकिन उसका रसूख उसे हर बार बचाता रहा। कहानी में ट्विस्ट तब आया जब ईडी ने मनी ट्रेल यानी पैसों के ट्रांजैक्शन का रास्ता खंगालना शुरू किया। कोयला घोटाले से कमाए गए करोड़ों रुपए हवाला नेटवर्क के जरिए इधर-उधर किए गए। जांच में एक सिरा आई-पीएसी और उसके निदेशकों की तरफ मुड़ता दिखा। आरोप है कि सिंडिकेट का पैसा कुछ शेल कंपनियों और ट्रांजैक्शन के जरिए आई-पीएसी तक पहुंचा। इसी सबूत की तलाश में ईडी ने दिल्ली और बंगाल में 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

आवारा कुत्तों का मामला

वकील की दलील दिल्ली में चूहों की आबादी बढ़ रही कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं...कोर्ट ने कहा- तो क्या हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अस्पताल के गलियारों और मरीजों के आसपास कितने कुत्तों को घूमने की अनुमति दी जानी चाहिए?



फाइल फोटो

**»** ***बच्चे, वयस्क सभी को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर गुरुवार को फिर से सुनवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा जानवरों से होने वाले खतरों और उन्हें नियंत्रित करने में नागरिक अधिकारियों की कथित कमियों को उजागर करने वाली याचिकाओं पर ध्यान केंद्रित किया। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा कि दिल्ली में चूहे और बंदरों का भी खतरा है। कुत्तों को अचानक हटाने से क्या होता है? चूहों की आबादी बढ़ जाती है। कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं। उनकी इस दलील पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की कि क्या इसका आपस में कोई संबंध है? हमें बिल्लियों को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि वे चूहों की दुश्मन हैं। संवेदनशील स्थानों में सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पीठ ने पूछा कि अस्पताल के गलियारों और मरीजों के आसपास कितने कुत्तों को घूमने की अनुमति दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि बच्चे, वयस्क, सभी को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।

### सड़क से हर कुत्ते को हटाने का नहीं दिया निर्देश

आवारा कुत्तों के मामले पर न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ में सुनवाई शुक्रवार के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच पीठ ने अपने पहले के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सड़कों से हर आवारा कुत्ते को हटाने का आदेश नहीं दिया गया था। नियमों के तहत उन्हें केवल संस्थागत इलाकों से हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे।

### सिब्बल ने कहा था सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा था कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर

## म.प्र. सरकार ने वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास में दी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव









- केन्द्रीय वस्त्र मंत्री ने की मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सराहना
- कृषि के बाद टेक्सटाइल देश में सर्वाधिक रोजगार देने वाला सेक्टर
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन म.प्र. में करने का दिया प्रस्ताव
- भारत का वस्त्र उद्योग- विकास, विरासत और नवाचार का ताना-बाना की थीम पर गुवाहाटी में शुरू हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वस्त्र उद्योग विरासत का संरक्षण करते हुए विकास की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट को लेकर महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को औद्योगिक और निवेश की दृष्टि से उल्लेखनीय सहयोग मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने जन्मदिवस पर मध्यप्रदेश के धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया। यहां टेक्सटाइल पार्क और उद्योगों का एक साथ लोकार्पण किया जाएगा। यह पार्क भारत को सशक्त बनाने के संकल्प की पूर्ति भी करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत आर्थिक रूप से तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने के ओर अग्रसर है। मां कामाख्या की धरती असम से आज देश के वस्त्र उद्योग को नई दिशा प्राप्त होगी। सभी राज्यों में वस्त्र उद्योग को आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को गुवाहाटी में आयोजित वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। भारत का वस्त्र उद्योग- विकास, विरासत और नवाचार का ताना-बाना की थीम पर आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कृति, संस्कार, संसाधन और विरासत की दृष्टि से मध्यप्रदेश, टेक्सटाइल सहित अनेक उद्योगों में देश में अग्रणी है। राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक गतिविधियां और निवेश बढ़ाने के लिए विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत संभाग और जिला स्तर पर भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से उज्जैन, रीवा, कटनी, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में औद्योगिक विकास से जुड़ी गतिविधियों का विस्तार हुआ है। प्रदेश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई के काल से महेश्वरी, चंदेरी साड़ी जैसे सिल्क को प्रोत्साहित करने की परंपरा है। राज्य सरकार ने नर्मदापुरम के हाईक्वालिटी मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कपास का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयास किए हैं। मध्यप्रदेश में हम टेक्सटाइल मिल, लूम हैंडलूम और स्पिंडल्स से बड़ी संख्या में महिलाओं को जोड़कर आत्म निर्भर बनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश ऑर्गेनिक कॉटन, मेनमेड फाइबर, टेक्नीकल टेक्सटाइल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के खरगोन, बुधनी सहित जनजातीय बहुल इलाकों में टेक्सटाइल सेक्टर को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में डेढ़ दशक से चल रही टेक्सटाइल सेक्टर की वैल्यू चेन में राज्य सरकार ने 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश कराया है। भविष्य में इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। वर्ष 2026 में मध्यप्रदेश नए संकल्पों के साथ विकास की उड़ान भरने के लिए तैयार है।

## विलुप्त जंगली भैंस प्रजाति की पुनर्स्थापना से प्रदेश की जैव विविधता में जुड़ेगा नया अध्याय : डॉ. यादव

- असम से आयेंगे गैंडा के दो जोड़े, कान्हा किसली में किया जायेगा भैंस पुनर्स्थापन
- दोनों राज्यों के बीच वन्यजीवों की संख्या जिनका आदान-प्रदान किया जाना है की जानकारी आ रही है वह भी जोड़नी है।




*दोनों राज्यों के बीच जो समझौता हुआ है उसके तहत असम मध्य प्रदेश को आगामी 3 वर्ष में 50 जंगली भैंसा देगा. इसके साथ ही एक जोड़ा गेंडा हाथी और उपलब्धता अनुसार किंग कोबरा भी देगा. मध्य प्रदेश असम राज्य को एक जोड़ा टाइगर और 6 मगरमच्छ प्रदान करेगा.*

मध्यप्रदेश एक बार फिर जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नई मिसाल कायम करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य में विलुप्त हो चुकी जंगली भैंस प्रजाति को को पुनर्स्थापित करने की वैज्ञानिक पहल अब अंतिम चरण में पहुँच गई है। जंगली भैंसों को असम से मध्यप्रदेश लाने की योजना है। असम से गैंडे के दो जोड़े भी प्रदेश में आयेंगे। इन्हें भोपाल के वन विहार में रखा जायेगा। मध्यप्रदेश वन विभाग बदले में असम की मांग के अनुसार 3 टाइगर और 6 मगरमच्छ स्थानांतरित करेगे। असम के गुवाहाटी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और श्री हिमंता विश्व सरमा के बीच हुई बैठक में इस आदान प्रदान पर चर्चा हुई। इस अवसर पर दोनों राज्यों के वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चीते के बाद अब भैंस पुनर्स्थापना से प्रदेश की जैव विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा यह प्रयास एक प्रजाति के संरक्षण के साथ ही प्रदेश के जंगलों के पारिस्थितिकी तंत्र सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश पहले ही 'टाइगर स्टेट' और 'लेपर्ड स्टेट' के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सफल चीता पुनर्स्थापना के बाद जंगली भैंसों का पुनर्स्थापन से राज्य के जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ेगा। राज्य सरकार वन्यजीव संरक्षण के साथ ही उन प्रजातियों की वापसी के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, जो कभी इस भूमि की पहचान हुआ करती थीं। मध्यप्रदेश में जंगली भैंसों की आबादी पिछले सौ वर्षों से भी अधिक समय पहले समाप्त हो चुकी थी। अत्याधिक शिकार, मानव का जंगलों में अवैध दखल, आवास का क्षरण और घास के मैदानों का नष्ट होना इसके प्रमुख कारण रहे। वर्तमान समय में देश में जंगली भैंसों की प्राकृतिक आबादी मुख्य रूप से असम राज्य तक सीमित रह गई है। छत्तीसगढ़ में भी ये हैं, किंतु इनकी संख्या अत्यंत सीमित रह गई है।







## प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण में सुरक्षित है हमारा भविष्य : प्रधानमंत्री मोदी

- चीतों को यहाँ के माहौल में ढलने का देना होगा समय

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में नेशनल पार्क कूनो में अफीक्रा के नामीबिया से लाये गये चीतों को छोड़ कर देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में चीतों की वापसी से अब जैव विविधता की टूटी कड़ी पुनः जुड़ गई है। भारत की प्रकृति प्रेमी चेतना भी पूरी शक्ति से जाग्रत हो गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रीय अभ्यारण्य में चीतों को छोड़ कर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज दुनिया की पहली बड़े जंगली मांसाहारी जीव की अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण परियोजना का चीता प्रोजेक्ट के अंतर्गत शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज सौभाग्य से हमें दशकों पहले जैव-विविधता की टूटी और विलुप्त कड़ी को जोड़ने का फिर से मौका मिला है। आज भारत की धरती पर चीता लौट आया है। आजादी के अमृत महोत्सव में देश नई ऊर्जा के साथ चीतों के पुनर्वास के लिए जुट गया है। अमृत में तो वो सामर्थ्य होता है, जो मृत को भी पुनर्जीवित कर देता है। मुझे खुशी है कि आजादी के अमृतकाल में कर्त्तव्य और विश्वास का ये अमृत हमारी विरासत को, हमारी धरोहरों को और अब चीतों को भी भारत की धरती पर पुनर्जीवित कर रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के सरंक्षण में ही हमारा भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि चीतों को यहाँ के वातावरण में ढ़लने के लिये समय देना है। तब तक हमें धैर्य रखना होगा। मुक्त होते ही चीते सुरक्षा के लिहाज से तैयार किये गये बाड़े में विचरण करने लगे। अंतर्राष्ट्रीय गाइड लाइन के अनुसार क्वारेंटाइन पीरियड खत्म होने के बाद उन्हें जंगल स्वच्छंद विचरण के लिये आजाद किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए चीतों को देखने के लिए देशवासियों को कुछ महीने का धैर्य पूर्वक इंतजार करना होगा।



D-13013/25

शुभ मांगलिक कार्य करते हैं मनोरथ पूर्ण

# उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि, वज्र योग व रवि योग के संयोग में 19 से होगी गुप्त नवरात्र की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघ मास की गुप्त नवरात्र का आरंभ 19 जनवरी को सर्वार्थसिद्धि योग के महासंयोग में होगा। इस बार नवरात्र पूरे नौ दिन के रहेंगे। साधक तंत्र, मंत्र व यंत्र की सिद्धि के लिए गुप्त साधना करेंगे।

राजधानी के सभी देवी मंदिरों में माता का नितनया श्रृंगार होगा। मां चामुंडा दरबार में प्रतिदिन संध्या आरती के समय दीपमालिका प्रज्जवलित की जाएगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि श्रीमद्


प्रतीकात्मक फोटो।

देवी भागवत महापुराण में वर्षभर में चार नवरात्र की मान्यता है। इसमें दो प्राकट्य व दो गुप्त नवरात्र मानी गई हैं। माघ व आषाढ़ मास के नवरात्र गुप्त तथा चैत्र व अश्विन मास के नवरात्र प्राकट्य नवरात्र कहे गए हैं। पंचांग की गणना के अनुसार 19 जनवरी सोमवार को प्रतिपदा तिथि पर उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग तथा मकर राशि के चंद्रमा की साक्षी में गुप्त नवरात्र का आरंभ होगा। मध्यान काल में शुभ अभिजीत के समय सर्वार्थसिद्धि योग का संयोग रहेगा। सर्वार्थसिद्धि योग प्रत्येक शुभ कार्य को सफल करने वाला माना गया है। इस योग में किए गए शुभ मांगलिक कार्य मनोरथ पूर्ण करते हैं। इस योग में साधना, आराधना की शुरूआत करने से यह शीघ्र फलित होती है।

### चार रवियोग का संयोग

*पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि दो सर्वार्थसिद्धि व चार रवि योग का संयोग माघ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी पर्यंत गुप्त नवरात्रि का अनुक्रम रहता है। यह साधक और आराधकों के लिए विशेष महत्वपूर्ण होती है। इस कालखंड में सूर्य का उत्तरायण होता है, जो शुभ मांगलिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। ग्रह योग की गणना भी इस बार श्रेष्ठ है जो साधना का अनुकूल और मनवांछित फल प्रदान कर सकती है।*

जमकर लुटाई बधाइयां

# नंद जी के आंगन में बजी आज बधाइयां भजनों में गोप-गोपियां बन झूम उठे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... बधाई हो नंद घर लाला जायो है.. जैसे भजनों ने कथा पंडाल को गोकुल बना दिया। साकेत नगर गणेश मैदान मे चल रही श्रीमद भागवत महापुराण में गुरुवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कथावाचक शशांक शेखर महाराज ने संक्षिप्त रामचरित मानस के वर्णन के साथ कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कृष्ण जन्म के बाद गोकुल के तर्ज पर बधाई उत्सव मनाया गया। कथाव्यास के द्वारा गाये बधाई गीतों पर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया। आयोजकों और कथा व्यास ने जमकर बधाइयां लुटाईं।


श्रीमद भागवत महापुराण का दृश्य।

## भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल में डॉ. सरीन का व्याख्यान 11 को

**भोपाल।** भारत भवन में भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 9, 10 और 11 जनवरी को किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित साहित्यिक आयोजन में देश-विदेश की अनेक जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध लीवर एवं उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवकुमार सरीन भी विशेष व्याख्यान देने भोपाल आ रहे हैं। भोपाल के वरिष्ठ चिकित्सक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जीके अग्रवाल ने बताया कि 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत भवन के अंतरंग सभागार में डॉ. सरीन का व्याख्यान देंगे। डॉ सरीन व्याख्यान में लीवर एवं उदर रोगों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में साझा करेंगे, जो सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी होंगी। इस सत्र में उनके साथ अशोक लवासा संवाद करेंगे, जिसमें प्रश्न-उत्तर के माध्यम से विषय पर विस्तृत चर्चा होगी। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि डॉ. सरीन ऐसे विरले विशेषज्ञ हैं जिनके पास देश-विदेश से जटिल रोगी उपचार के लिए आते हैं और सफल निदान प्राप्त करते हैं। व्याख्यान निश्चय ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला और समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। डॉ सरीन को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्म भूषण, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं। वे कई गोल्ड मेडल तथा एलएलबी उपाधि से भी सम्मानित हैं।

■ देश के सुप्रसिद्ध लीवर एवं उदर रोग विशेषज्ञ है

## आदमपुर खंती की आग और वायु प्रदूषण पर एनजीटी ने निगम से मांगा प्लान

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में गुरुवार को हुई अहम सुनवाई

# कचरा खंती में जमा कचरा निपटान के लिए निगम बनाएगा एक्शन प्लान


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आदमपुर छावनी स्थित नगर निगम की कचरा खंती में हर साल लगने वाली आग और उससे फैलने वाले वायु प्रदूषण को लेकर गुरुवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में अहम सुनवाई हुई। ट्रिब्यूनल ने निगम को फटकार लगाते हुए जमा कचरे के निपटान के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार कर 27 जनवरी तक पेश करने के निर्देश दिए हैं। एनजीटी ने स्पष्ट किया कि यह बताना होगा कि सालों से खंती में जमा कचरा आखिर कब और कैसे खत्म किया जाएगा। यह मामला पहले एनजीटी बोर्ड से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है और अब एक बार फिर सुनवाई में सामने आया है। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से वाटर वर्क्स और स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग उपस्थित हुए। उन्होंने ट्रिब्यूनल को बताया कि निगम द्वारा पूर्व में की गई कार्रवाइयों की जानकारी भी पेश की गई है।

### फर्जी पानी छिड़काव पर एनजीटी नाराज

एनजीटी ने शहर में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी नाराजगी जताई। ट्रिब्यूनल ने कहा कि निगम रोजाना पानी छिड़काव का दावा करता है, लेकिन यह छिड़काव मुख्य रूप से कलेक्टोरेट परिसर, विधानसभा के सामने और शाहपुरा इलाके तक सीमित है। जहां एक्यूआइ मापने के सिस्टम लगे हैं।

### कचरा जलाने पर वसूला जुर्माना

शहर में प्रदूषण फैलाने पर स्वास्थ्य विभाग के अमले ने वार्ड 30 में कचरा जलाए जाने पर मनोरिया अस्पताल के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया। जोन आठ के अमले ने गुरूवार को चूना भट्टी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति को कचरा जलाते हुए पाया जिससे पूछताछ में पता चला कि वह चूना भट्टी स्थित मनोरिया अस्पताल का कर्मचारी है।

निगम अमले ने चूना भट्टी स्थित मनोरिया अस्पताल के संचालकों से 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया।



चालानी कार्रवाई करते निगम के कर्मचारी।

### बायपास को लेकर एनजीटी ने सुनाया फैसला

## पर्यावरण संतुलन के लिए मामला एनजीटी की प्रधान पीठ भेजा

*नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने अयोध्या बायपास 10 लेन परियोजना से जुड़े मामले में एक अहम फैसला सुनाया है। ट्रिब्यूनल ने कहा कि आर्थिक विकास के नाम पर बड़े पैमाने पर हो रही पेड़ों की कटाई अब केवल राज्य स्तर का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाना चाहिए। इसके लिए पूरे देश में लागू होने वाली एक समान नीति बनाए जाने की जरूरत है। जस्टिस शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर चतुर्वेदी की पीठ ने कहा कि सड़क, हाईवे के लिए पेड़ों की कटाई को नियंत्रित करने देशभर में एकरूप नीति जरूरी है। यह प्रकरण भोपाल में आसाराम तिराहा, करोंद से रत्नागिरी तिराहा तक प्रस्तावित 16 किलोमीटर लंबी 10 लेन अयोध्या बायपास सड़क परियोजना से संबंधित है। इस परियोजना के लिए लगभग 8 हजार से 12 हजार पेड़ों की कटाई प्रस्तावित बताई गई है। याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना की ओर से अधिवक्ता हरप्रीत सिंह गुप्ता और सृजन जैन ने दलील दी कि ये पेड़ भोपालवासियों के लिए जीवनरेखा हैं और इन्हें बचाना जरूरी है। वहीं एनएचएआइ ने विकास कार्यों की आवश्यकता का हवाला देते हुए शीघ्र निर्णय की मांग की।*



फाइल फोटो।

जबलपुर हाईकोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी

## जब पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो वे जनता को कैसे सुरक्षा देंगे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के पूर्व महापौर प्रभात साहू व पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। मामला राजनीतिक दबाव में पीड़ित पुलिस कर्मी के ही विरुद्ध एफआइआर दर्ज कर लिए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो वे आम जनता को कैसे सुरक्षा देंगे? वाहन चेकिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी से मारपीट और उसकी वर्दी फाड़ने के मामले में उल्टे उसी पुलिसकर्मी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज किए जाने को हाईकोर्ट ने गंभीर लापरवाही निरूपित किया। जबलपुर निवासी अधिवक्ता मोहित वर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह सवाल भी उठाया कि

वीडियो वायरल होने और पुलिस कर्मी की शिकायत से आरोपियों की पहचान स्पष्ट होने के बावजूद नेताओं के नाम एफआइआर में क्यों नहीं जोड़े गए और मामला अज्ञात के विरुद्ध क्यों दर्ज किया गया।

पुलिस कर्मी से मारपीट व वर्दी फाड़ने का मामला

## दो बकायादारों की प्रॉपर्टी कुर्क

**भोपाल।** निगम अमले ने गुरुवार को वार्ड 45 स्थित मान सरोवर काम्प्लेक्स में एक बकायादार की सम्पत्ति कुर्क की, जबकि एक अन्य बकायादार का किराया असेधन करने की कार्वाई की। गुरूवार को अमले ने मान सरोवर काम्प्लेक्स की दुकान एसएफ 16 के ललित प्रेमचंदानी द्वारा बकाया कर की राशि 2 लाख 15 हजार 21 रुपए का भुगतान न करने पर उक्त दुकान का किराया असेधन करने की कार्वाई की। मान सरोवर काम्प्लेक्स की दुकान एफएफ-16 के वैभव जैन द्वारा बकाया कर की राशि 2 लाख 17 हजार 474 रुपए का भुगतान न करने पर उक्त सम्पत्ति कुर्क करने की कार्वाई की। कार्वाई से पूर्व निगम द्वारा बकायादारों को नोटिस भी दिए गए थे।

स्थानीय लोगों ने किया पुरजोर विरोध

## इमाम को मस्जिद कोहे अरेरा में पदस्थ करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुरानी जेल स्थित मस्जिद कोहे अरेरा में स्थानीय लोग और मस्जिद के पेशे इमाम मोहम्मद राशिद नदवी के बीच हुए विवादों के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेश पर इमाम को यहां से हटा दिया गया था। लेकिन यह इमाम दोबारा से यहां आने का प्रयास कर रहे हैं। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध शुरु कर दिया है। अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम को दिए आवेदन में बताया कि वर्तमान में यहां पदस्थ इमाम मोहम्मद हसीन पदस्थ हैं। जिसको लेकर किसी तरह का विवाद नहीं है। विवादित इमाम को दोबारा से यहां पदस्थ करने पर विवाद होने लगेंगे। जिसको देखते हुए यहां पूर्व इमाम को पदस्थ नहीं किया जाए। आपत्ति दर्ज करने वाले चांद खां और अब्दुल हलीम ने शहर तहसीलदार करुणा दंडोतिया के यहां भी इसको लेकर आपत्ति पेश की है। बताया जा रहा है कि पूर्व इमाम ने दोबारा से मसाजिद कमेटी में यहां पदस्स्थ करने का आवेदन पेश किया है।

शहर तहसीलदार करुणा दंडोतिया के यहां पेश की आपत्ति

## सारिका ने परीक्षा तनाव से मुक्त रहने के लिए विद्यार्थियों को किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित किए जाने वाले 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम से पूर्व दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से लाइव संवाद किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को बोझ न मानकर अपने ज्ञान और क्षमता को परखने का अवसर समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे परीक्षा को उत्सव की तरह मनाएं और पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' में भाग लें।

परीक्षा से पहले मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर लक्ष्य पर फोकस रखने की बात पर जोर देते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी आज के समय में एक बड़ा अवसर है, लेकिन इसका सही उपयोग आवश्यक है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप किया जा रहा विकसित

## पीएमश्री में तैयार हो रहे 799 स्कूल 458 अटल टिंकरिंग लैब भी होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के तहत प्रदेश के 799 सरकारी स्कूलों का चयन किया गया है। इन स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

वहीं स्टेम (एसटीईएम) शिक्षा एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में सभी उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक पीएमश्री विद्यालयों में आईसीटी लैब, इंटरैक्टिव पैनल तथा डिजिटल पुस्तकालय विकसित किए जा रहे हैं।

इसके साथ ही प्रदेश में 458 अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं तकनीकी दक्षता को बढ़ावा मिल रहा है। इन स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। प्रदेश के 663 में से 650 उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक पीएमश्री विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्राप्त हो रहे हैं और उनका भविष्य अधिक सुदृढ़ बन रहा है।

विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का भी संचालन किया जा रहा है।

थाने पहुंच कर एनएसयूआई ने की जांच की मांग

## सीएमएचओ का फर्जी अस्पतालों को संरक्षण, झूठे केस में फंसाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परमार का कहना है कि भोपाल में संचालित फर्जी अस्पतालों, फर्जी स्टाफ और नियम विरुद्ध मेडिकल संस्थानों पर कार्रवाई करने के बजाय सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा द्वारा उन्हें खुला संरक्षण दिया जा रहा है।

इतना ही नहीं जब इन अनियमितताओं को उजागर किया तो सीएमएचओ कार्यालय में धमकाने के साथ हबीबगंज थाने में शिकायत कर झूठे प्रकरण में फंसाने का प्रयास भी कर रहे हैं। रवि परमार ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से भोपाल के विभिन्न निजी अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों और पैथोलॉजी लैब्स में व्याप्त गंभीर अनियमितताओं को लेकर लगातार लिखित शिकायतें कर रहे हैं। इन


एनएसयूआई का प्रदर्शन।

शिकायतों के साथ पर्याप्त दस्तावेज साक्ष्य भी संलग्न किए गए, बावजूद इसके सीएमएचओ कार्यालय द्वारा किसी भी मामले में न तो निरीक्षण दल भेजा गया और न ही पंजीयन निरस्तीकरण अथवा दंडात्मक कार्रवाई की गई। एनएसयूआई प्रतिनिधि मंडल ने गुरूवार को हबीबगंज थाने पहुंच कर पुलिस से सीएमएचओ कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज तत्काल सुरक्षित कर निष्पक्ष जांच की जाए, फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए।

## प्राध्यापक पहुंच रहे स्कूल, विद्यार्थियों को दी जा रही जानकारी

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग के कॉलेज चलो अभियान के तहत निजी व सरकारी स्कूलों तक कॉलेज की जानकारी पहुंचाई जा रही है। इसके लिए प्राध्यापक पहुंच रहे स्कूलों में पहुंच रहे हैं और विद्यार्थियों को कॉलेज की विशेषताएं और पाठयक्रमों की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राध्यापकों का दल तैयार किया गया है। इस दल द्वारा भेल क्षेत्र में संचालित स्कूलों में विद्यार्थियों तक जानकारी पहुंचाई जा रही है। प्राध्यापकों का दल प्रगतिशील हायर सेकेंडरी स्कूल पिपलानी भेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदनगर, बोनीफाइ कोएड हायर सेकेंडरी स्कूल आदि में पहुंचा।

## निषादवंशीय समाज का सर्वगौत्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निषाद वंशीय मछुआ समुदाय का सर्वगौत्रीय अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 जनवरी को मानस भवन में दोपहर 11.00 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि इस बार साल 2025 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 90 प्रतिषत से अधिक अंक अर्जित करने वाले समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं मे सबसे टॉप करने वाले दो बच्चों को 11-11 हजार रूपए की नकद राशि से स्व. किशोरीलाल रायकवार-स्व. भगवती देवी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा तथा समाज के अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भगवान निषादराज केवटराज गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में देशभर से मछुआ समाज के मांझी, कीर, कहार, केवट, कश्यप, निशाद, मल्लाह, भोंई, ढीमर, नाविक, सोंधिया, रायकवार, बाथम उपनामों के युवक-युवती व उनके परिजन शामिल होंगे। परिचय सम्मेलन के लिए अब तक 700 से अधिक पंजीयन हो चुके हैं, पंजीयन कार्य अभी जारी है।

समिति के महामंत्री मुकेश केवट व अनिल रायकवार ने बताया कि इस आयोजन को लेकर अनिल कश्यप, संजय माझी, घनश्याम रायकवार, कमलेश खरे, जमुना प्रसाद सोंधिया, सोहनलाल सोंधिया, सीताराम बाथम, रामसेवक कर्णधार, शांता रायकवार, ममता रायकवार, संतोष नोरिया, वीर सिंह रायकवार सहित अन्य लोगों को सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारी बांटी गई है।

पैल्विक केविटी में फैला कैंसर दुर्लभ और तकनीकी रूप से होता है चुनौतीपूर्ण

पेल्विक क्षेत्र में पूरे तरीके से फैल चुका था कैंसर

# 54 साल की महिला यूटेरस कैंसर से थी प्रभावित, जोखिम भरी सर्जरी कर डॉक्टरों ने निकाला भारी-भरकम ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में 54 वर्षीय महिला के गर्भाशय (यूटेरस) के कैंसर से प्रभावित एक अत्यंत जटिल मामला सफलतापूर्वक ऑपरेट किया गया। मरीज में लगभग 15.15.15 आकार का ट्यूमर पाया गया था, जो पेल्विक क्षेत्र में व्यापक रूप से फैल चुका था। ट्यूमर के बढ़ते आकार के कारण कैंसर ने पेशाब की नली और मलद्वार (रेक्टम) पर गंभीर दबाव डालकर उन्हें संकुचित कर दिया था। मरीज को पिछले तीन महीनों से मूत्रत्याग एवं मलत्याग में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। मरीज को कुछ दिन पूर्व एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, किंतु सर्जरी के जोखिम को देखते हुए ऑपरेशन संभव नहीं बताया गया। इसके बाद मरीज बीएमएचआरसी पहुंचीं, जहां स्थिति का मूल्यांकन करते हुए कैंसर सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनवीर गौतम, एनेस्थीशियोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संध्या इवने और उनकी टीम ने इस चुनौतीपूर्ण शल्यक्रिया को करने का निर्णय लिया।


बीएमएचआरसी में ऑपरेशन करती डॉक्टरों की टीम।

### चार घंटे के ऑपरेशन में चिकित्सकों ने हटाए कैंसरग्रस्त ऊतक

लगभग चार घंटे चले इस ऑपरेशन के दौरान कैंसरग्रस्त ऊतकों को हटाते हुए डॉक्टरों ने मूत्र मार्ग, छोटी आंत और रेक्टम को सुरक्षित रखने में सफलता प्राप्त की। कैंसर की अवस्था, ट्यूमर के आकार और कई अंगों पर दबाव के कारण यह सर्जरी अत्यंत जोखिमपूर्ण श्रेणी में आती है, जिसे कई बड़े चिकित्सा संस्थानों द्वारा करने से भी परहेज किया जाता है। डॉक्टरों के अनुसार पेल्विक केविटी में इस स्तर पर फैला कैंसर दुर्लभ और तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति प्रस्तुत करता है, जहां थोड़ी भी त्रुटि से मरीज के जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। ीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि यह सर्जरी हमारे डॉक्टरों और टीम की मेहनत का नतीजा है। हमें खुशी है कि ऐसे मरीज, जिन्हें दूसरे अस्पतालों में उम्मीद नहीं मिल पाती, उनके लिए बीएमएचआरसी एक भरोसे का स्थान बन रहा है।

भोपाल
शुक्रवार, 9 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष–06
वर्ष : 12, अंक : 280
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

बिटकॉइन 2% से ज्यादा गिरी

## क्रिप्टो मार्केट क्रैश... 24 घंटे में 6.30 लाख करोड़ स्वाह हो गए

वेनेजुएला इफेक्ट भी क्रिप्टो मार्केट पर पड़ा

**नई दिल्ली।** गुरुवार का दिन निवेशकों के लिए बड़ी मुसीबत लेकर आया। शेयर मार्केट से लेकर क्रिप्टो मार्केट तक क्रैश हो गए। क्रिप्टोकरेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 24 घंटे में दो फीसदी से ज्यादा गिरकर 3.09 ट्रिलियन डॉलर रह गया। बिटकॉइन शेष पेज 4 पर



प्रदेश के आधे शहर कोहरे से ढंके, एक दर्जन शहरों में दिन भी हुए ठंडे

# खजुराहो सबसे ठंडा रहा: 3.2 डिग्री दर्ज... सीहोर छिंदवाड़ा व मुरैना में पौधों पर ओस की बूंदें जम गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में घना कोहरा और तेज ठंड का असर बरकरार है। गुरुवार सुबह प्रदेश के अधिकांश शहरों में पारे में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को छतरपुर का खजुराहो सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 3.2 डिग्री दर्ज किया गया। सीहोर, छिंदवाड़ा, मुरैना में पौधों पर ओस की बूंदें बर्फ के रूप में जम गईं। जबकि ग्वालियर में दिन का तापमान 10.4 और दतिया में पारा लुढ़ककर 11.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिससे रात के साथ दिन में भी ठिठुरन बढ़ गई।

सुबह दतिया, खजुराहो, रीवा, सतना, रतलाम, नौगांव, सीधी, भोपाल, इंदौर, दमोह समेत 20 से ज्यादा शहरों में घना कोहरा रहा। मौसम विभाग का दावा है कि आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ जाएगा। दरअसल हिमालय के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जब ये आगे बढ़ेगा तो बर्फ पिघलने लगेगी और बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ शेष पेज 4 पर

**ग्वालियर-दतिया में दिन व खजुराहो, रीवा में रात सबसे ठंडी**


सतना में सुबह छाया घना कोहरा

### सीजन में पहली बार दिन हुए ठंडे

प्रदेश में रात के साथ दिन में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गुरुवार को ग्वालियर में दिन का तापमान सबसे कम 10.4 और दतिया में पारा लुढ़ककर 11.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जबकि नौगांव में 14.5 डिग्री, रीवा में 18.5 डिग्री, टीकमगढ़ में 17..5 डिग्री, श्योपुर में 17.4 डिग्री और सतना में 19.4 डिग्री दर्ज किया गया। इन शहरों में कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रही। इसी तरह पचमढ़ी में 20.8 डिग्री, गुना में 22 डिग्री, सीधी में 20.4 डिग्री, दमोह में 22 डिग्री, शिवपुरी में 21 डिग्री, मलाजखंड में 23 डिग्री, भोपाल में 27.2 डिग्री रहा।

### उत्तरी हवाओं से ठिठुरा ग्वालियर

उत्तरी हवाओं की वजह से प्रदेश का ग्वालियर-चंबल सबसे ठंडा रहता है। जनवरी में यहां कड़ाके की ठंड पड़ती है। पिछले 10 साल का रिकॉर्ड देखें तो 2018 में तापमान 1.9 डिग्री और 2019 में 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 24 जनवरी 1954 को रात का तापमान माइनस 1.1 डिग्री रहा था। ग्वालियर में जनवरी में बारिश भी होती है। साल 2014 से 2024 के बीच 9 साल बारिश हो चुकी है।

### 3 दिन बाद ठंड होगी और प्रचंड

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि जनवरी में ऐसी ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी। जबकि दो से तीन दिन बाद सर्दी का असर और बढ़ जाएगा, क्योंकि हिमालय के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जब ये आगे बढ़ेगा तो बर्फ पिघलने लगेगी और बर्फीली हवा की रफ्तार भी बढ़ जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दीपू दास का हत्यारा इमाम गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में 18 दिसंबर को हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की लिंचिंग मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भालुका के रहने वाले 25 वर्षीय मोहम्मद यासीन अराफात को ढाका के सरुलिया इलाके से गिरफ्तार किया गया। अराफात काशर में शेखबारी मस्जिद में इमाम के तौर पर काम करता था।



### सीएम डॉ. यादव 18 से स्विटजरलैंड के दौरे पर

**भोपाल।** विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 19 से 23 जनवरी 2026 तक स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसमें हिस्सा लेने 18 जनवरी को स्विटजरलैंड जाएंगे और मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों की जानकारी देंगे। यहां वैश्विक अर्थव्यवस्था पर विमर्श होगा।




### कोर्ट भवन को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**रीवा।** रीवा में गुरुवार को नए जिला कोर्ट भवन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। धमकी भरा ई-मेल जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रिंसिपल डीजे ने यह मैसेज एसपी को फॉरवर्ड किया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं।



सम्मेलन की थीम -भारत का वस्त्र उद्योग- विकास, विरासत और नवाचार का ताना-बाना

गुवाहाटी में वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सीएम डॉ. यादव ने कहा

# टैक्सटाइल सेक्टर में मप्र सरकार ने 25 हजार करोड़ से अधिक 'निवेश' कराया

*सीएम ने कहा कि मप्र ऑर्गेनिक कॉटन, मेनमेड फाइबर, टेक्निकल टैक्सटाइल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा। खरगोन, बुधनी सहित जनजातीय बहुल इलाकों में टैक्सटाइल सेक्टर को बढ़ाने पर जोर*


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश का अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन उज्जैन में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इसी साल जुलाई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन में मप्र सरकार पार्टनर बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उज्जैन वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री को अगला सम्मेलन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मप्र ऑर्गेनिक कॉटन, मेनमेड फाइबर, टेक्निकल टैक्सटाइल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में डेढ़ दशक से चल रही टैक्सटाइल सेक्टर की वैल्यू चेन में राज्य सरकार ने 25 हजार शेष पेज 4 पर

**राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया**



सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया

- *देश का अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन उज्जैन में आयोजित होगा मुख्यमंत्री ने दिया प्रस्ताव*
- *नर्मदापुरम के हाईक्वालिटी मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कपास का उत्पादन बढ़ाना शुरू*
- *सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे*

### वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के खरगोन, बुधनी सहित जनजातीय बहुल इलाकों में टैक्सटाइल सेक्टर को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2026 में मप्र नए संकल्पों के साथ विकास की उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नर्मदापुरम के हाईक्वालिटी मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कपास का उत्पादन बढ़ाना शुरू किया है। मप्र में हम* शेष पेज 4 पर

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा


*मप्र में वस्त्रोद्योग के क्षेत्र में की जा रही पहल सराहनीय*

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने मप्र में वस्त्रोद्योग के क्षेत्र में की जा रही पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सराहना की। उन्होंने कहा कि धार में बन रहे देश के पहले पीएम मित्रा पार्क के निर्माण में तेजी से हो रहे कार्य के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आने से वस्त्र मंत्रियों के शेष पेज 4 पर

अगले हफ्ते लिमिट 'क्रॉस' कर देंगे ट्रंप

# भारत पर अब 500 फीसदी टैरिफ लगाएंगे ट्रंप! पूरी तैयारी

- *एक बिल लिंडसे ग्राहम और सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है*
- *इसके तहत ऐसे देशों पर सख्ती की जाएगी जो रूस से तेल और यूरेनियम खरीद रहे हैं*


डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसे बिल को मंजूरी दे दी है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। इसके बाद भारत और चीन पर अमेरिकी टैरिफ बहुत ज्यादा बढ़ सकता है, कुछ मामलों में यह 500 फीसदी तक पहुंच सकता है। यह कदम यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि इस बिल पर अगले हफ्ते संसद में वोटिंग हो सकती है। सीनेटर ग्राहम के मुताबिक इस बिल से राष्ट्रपति ट्रंप को भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर दबाव बनाने की ताकत मिलेगी, ताकि वे सस्ता रूसी तेल खरीदना बंद करें। पिछले साल ट्रंप ने भारत से आने वाले सामान पर 25 फीसदी टैक्स लगाया था। इसके साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25 फीसदी का अतिरिक्त टैक्स भी लगाया गया। इससे कुछ भारतीय सामानों पर कुल टैक्स 50 फीसदी तक पहुंच गया और दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई।

### चीन के साथ भी बिगड़े रिश्ते

अमेरिका और चीन के बीच भी टैक्स को लेकर तनाव बढ़ चुका है। अमेरिका ने चीन से आने वाले सामान पर 145 फीसदी तक टैक्स लगाया, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी सामान पर 125 फीसदी टैक्स लगा दिया था। हालांकि, बाद में अमेरिका शेष पेज 4 पर

### चावल पर भी टैक्स की चेतावनी

पिछले महीने ट्रंप ने भारतीय चावल पर भी नया टैक्स लगाने की धमकी दी थी. यह बात तब सामने आई, जब व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों ने भारत, चीन और थाईलैंड पर सस्ता अनाज बेचने का आरोप लगाया।

### अटकी हुई है बातचीत

भारत और अमेरिका के बीच टैक्स को लेकर चल रही बातचीत फिलहाल रुकी हुई है। अमेरिका चाहता है कि भारत अमेरिकी खेती से जुड़े सामान पर टैक्स कम करे। वहीं,भारत सरकार साफ कह चुकी है कि वह अपने किसानों और डेयरी सेक्टर की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगी।


हजारों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत

# मप्र हाईकोर्ट ने कहा- प्रोबेशन पीरिएड में वेतन कटौती अवैध

*एरियर्स सहित पूरा पैसा लौटाने का आदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर हाईकोर्ट से मध्य प्रदेश के हजारों सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने प्रोबेशन पीरिएड के दौरान वेतन में की गई कटौती को अवैध करार देते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि जिन कर्मचारियों से इस अवधि में सैलरी काटी गई है, उन्हें एरियर्स सहित पूरी राशि लौटाई जाए। हाईकोर्ट ने सामान्य प्रशासन विभाग का 12 दिसंबर 2019 को शेष पेज 4 पर


जबलपुर हाईकोर्ट

अवैध रेत परिवहन रोकने पहुंचे थे अफसर

# नायब तहसीलदार की बोलेरो में ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर मारी

*आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

ब्यौहारी और देवलौंद क्षेत्र में रेत माफिया की दबंगई का मामला सामने आया है। सरकारी अधिकारियों को सबक सिखाने के लिए वे अब खुलेआम हमले कर रहे हैं। रेत माफिया ने ब्यौहारी तहसील के नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी पर हमला बोल दिया। मंगलवार रात खरपा तिराहे के पास जंगल से रेत लादे ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश में माफिया ने सरकारी बोलेरो शेष पेज 4 पर


ट्रैक्टर ट्राली

## अग्रवाल की कुल नेटवर्थ 4.2 अरब डॉलर, जो भारतीय रुपए में लगभग 35,000 करोड़

वेदांता, माइनिंग, पावर और ऑयल जैसे बड़े सेक्टर में काम करती है और भारत के साथ विदेशों में भी कंपनी की मौजूदगी

# बेटे के निधन के बाद वेदांता चेयरमैन अग्रवाल दान करेंगे 75% संपत्ति, बोले-सादगी से जीऊंगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल इस वक्त अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। बेटे अग्निवेश अग्रवाल के अचानक निधन ने उन्हें अंदर से तोड़ दिया है। इस गहरे दुख के बीच उन्होंने एक बड़ा फैसला दोहराया है, जिसने सबका ध्यान खींचा है।

अग्रवाल ने कहा है कि वह अपनी कमाई का 75 फीसदी से ज्यादा हिस्सा दान करेंगे। इसे वह समाजिक कामों में लगाएंगे और आगे की जिंदगी और भी सादगी से जीएंगे। उन्होंने यह वादा अपने बेटे अग्निवेश से किया था।

उन्होंने कहा कि जो भी कमाया है, उसका बड़ा हिस्सा समाज को लौटाया जाएगा। बेटे के जाने के बाद उन्होंने यह संकल्प और मजबूत किया है और कहा है कि अब उनकी बाकी जिंदगी इसी मकसद के लिए होगी।



फाइल फोटो

### बेटी प्रिया के कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी

उनकी बेटी प्रिया अग्रवाल वर्तमान में वेदांता और हिंदुस्तान जिंक के बोर्ड में शामिल हैं और हिंदुस्तान जिंक की चेयरपर्सन के तौर पर बड़ी जिम्मेदारियां संभाल रही हैं। बिजनेस में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है और आने वाले समय में वेदांता की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर रहने की उम्मीद है।

### संपत्ति दान की प्रेरणा मां से मिली थी

अग्रवाल के जीवन में दान और सेवा की भावना उनके बचपन के उन दृश्यों से आई है, जिन्हें उन्होंने पटना के गंगा घाटों पर देखा था। वे अपनी मां के संस्कारों को अपने साम्राज्य की नींव मानते हैं। उन्होंने बताया था कि जब उनकी मां और अन्य महिलाएं छठ पूजा के दौरान गंगा जी में अर्घ्य देने जाती थीं, वे देखते थे कि कैसे उनकी मां गंगा जी का पानी अपनी अंजलि में उठाती थीं और मंत्रोच्चार के साथ वापस गंगा जी में ही अर्पित कर देती थीं। इसका मतलब था कि जो आपसे (प्रकृति/समाज से) लिया है, वह आपको ही वापस देना है।



### 15 फ़रवरी तक पूर्ण होना चाहिए अभियान : मंत्री पटेल

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की होगी जांच

*पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद ने की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विभागीय राज्यमंत्री राधा सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभाग की ओर से संचालित समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता जांच का अभियान चलाएं। यह अभियान 15 फ़रवरी तक पूर्ण होना चाहिए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पहुंचाने की है। योजनाओं का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। समीक्षा बैठक में मंत्री पटेल ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 (जी राम जी) के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं कार्यात्मक तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर सुदृढ़ हो सकें।

### ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मंत्री पटेल।

### फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें

मंत्री पटेल ने अधिकारियों को प्रतिमाह अनिवार्य रूप से फील्ड विजिट कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे जिलों में किए जा रहे अच्छे नवाचारों को प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जा सके। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी स्तर पर अनियमितता या गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिलों के कार्य निष्पादन के आधार पर मासिक ग्रेडिंग प्रणाली लागू कर ग्रेडिंग सूची जारी करने के निर्देश दिए, जिससे अधिकारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो और कार्य निष्पादन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि 15 फरवरी तक जल स्त्रोतों की सैंपलिंग कर जांच कराई जाए तथा पुनः अप्रैल माह में अनिवार्य रूप से जल गुणवत्ता की समीक्षा की जाए। बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके लिए तकनीकी अमले की ओर से सतत निगरानी रखी जाए।

### बहरी में होगा लोकार्पण-शिलान्यास

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सीधी को देंगे विकास कार्यों की सौगात

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को सीधी जिले के बहरी में विभागों के हितग्राहियों के प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे 201 करोड़ 64 लाख रुपए के 209 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। डॉ. यादव 68 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 179 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 133 करोड़ 62 लाख रुपए लागत के 30 विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

वे 'एक बगिया मां के नाम' योजना में 505 हितग्राहियों को 11 करोड़ 58 लाख रूप, की राशि से लाभान्वित करेंगे। हितग्राहियों के प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों तक सीधे पहुंचेगी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी।

#### इन कार्यों का होगा लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बहरी में अनुसूचित जाति विभाग, आदिवासी विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जिला पंचायत वाटरशेड, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 179 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इनके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीआईयू विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कुल 30 विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

### प्रदेश से असम को दिए जाएंगे एक जोड़ा बाघ और 6 मगरमच्छ

# असम से 50 जंगली भैंसे 3 साल में, गेंडे का एक जोड़ा और तीन कोबरा लाए जाएंगे मध्यप्रदेश

### जंगली भैंसे की पुनर्स्थापना से जैव विविधता होगी और समृद्ध

### मुख्यमंत्री की असम के सीएम के साथ हुई बैठक


सीएम डॉ. यादव ने असम के मुख्यमंत्री सरमा के साथ वन्य जीवों के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को गुवाहाटी प्रवास के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ वन्य जीवों के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। दोनों राज्यों के बीच में सहमति बनी कि असम से 50 जंगली भैंसे 3 समूहों में 3 साल में, गैंडे का एक जोड़ा और 3 कोबरा मध्यप्रदेश में लाए जाएंगे। इन्हें भोपाल के वन विहार में रखा जाएगा।

मध्यप्रदेश इसके बदले में असम की मांग के अनुसार एक जोड़ा टाइगर और 6 मगरमच्छ देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में चीते के बाद अब भैंस पुनर्स्थापना से प्रदेश की जैव विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। यह प्रयास एक प्रजाति के संरक्षण के साथ ही प्रदेश के जंगलों के पारिस्थितिकी तंत्र सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मध्यप्रदेश पहले ही 'टाइगर स्टेट' और 'लेपर्ड स्टेट' के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सफल चीता पुनर्स्थापना के बाद जंगली भैंसों की पुनर्स्थापना से राज्य के जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ेगा। राज्य सरकार वन्यजीव संरक्षण के साथ ही उन प्रजातियों की वापसी के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

#### कान्हा टाइगर रिज़र्व जंगली भैंसों के पुनःस्थापन के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र

देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से किए गए विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि कान्हा टाइगर रिज़र्व जंगली भैंसों के पुनःस्थापन के लिए सबसे उपयुक्त क्षेत्र है। अध्ययन में घास के मैदानों की गुणवत्ता, जल स्त्रोतों की उपलब्धता, मानव हस्तक्षेप की न्यूनता और अन्य शाकाहारी जीवों के दबाव जैसे कारकों का मूल्यांकन किया गया है। मध्यप्रदेश शासन की ओर से इस संबंध में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) तथा भारत सरकार से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पुनर्स्थापन को चरणबद्ध और सुरक्षित ढंग से अंजाम दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने असम के सिल्क विलेज सुआलकुची का किया भ्रमण, रेशम उत्पादन की बारीकियों को जाना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को अपने असम प्रवास के दौरान गुवाहाटी के समीप स्थित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान के केंद्र सुआलकुची का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने 'सिल्क विलेज' के नाम से विख्यात सुआलकुची पहुंचकर रेशम उत्पादन की प्राचीन और पारंपरिक प्रक्रिया को बेहद करीब से देखा और इस कला की बारीकियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुआलकुची में बुनकरों के घरों और कार्यशालाओं का अवलोकन किया। उन्होंने देखा कि किस तरह यहां की समृद्ध विरासत को सहेजते हुए लगभग हर घर में हाथकरघों (हैंडलूम) के माध्यम से कलाकृतियां उकेरी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बुनकरों से सीधे संवाद कर उनके श्रम और शिल्प कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की पारंपरिक बुनाई तकनीक न केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ रीढ़ भी है।

*मूगा रेशम की बुनाई प्रक्रिया का लिया जायजा*



#### 'पूर्व का मैनचेस्टर' है सुआलकुची

*गुवाहाटी से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित सुआलकुची को 'पूर्व का मैनचेस्टर' कहा जाता है। यह गांव अपनी विशिष्ट रेशम बुनाई तकनीकों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां मुख्य रूप से तीन प्रकार के रेशम मूगा (सुनहरा), पैट (हाथीदांत जैसा सफेद) और एरी (हल्का बेज) का उत्पादन किया जाता है, जो असम की मूल पहचान हैं।*

#### संग्रहालय और वस्त्र कला का अवलोकन

भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'बस्त्रा उद्यान' और 'आमार सुआलकुची' संग्रहालय का भी दौरा किया। उन्होंने यहां तैयार होने वाले पारंपरिक परिधानों जैसे मेखला चादर, साड़ियां, कुर्ते और गमछे की निर्माण पद्धति को भी समझा। मुख्यमंत्री के इस भ्रमण का उद्देश्य अन्य राज्यों की श्रेष्ठ पारंपरिक कलाओं और कुटीर उद्योगों की कार्यप्रणाली को समझना और उनके अनुभवों से प्रदेश के शिल्प क्षेत्र को लाभान्वित करना है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हॉर्स पॉवर तक कृषि पंप कनेक्शन मात्र 5 रुपए में किसानों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए सिंचाई कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हॉर्स पॉवर तक के ऑनलाइन स्थाई कृषि विद्युत संयोजन के लिए आवेदन शुल्क को मात्र 5 रुपए निर्धारित किया है। यह सुविधा उन मामलों में दी जाएगी, जहां विद्युत लाइन विस्तार की आवश्यकता नहीं होगी।

यह योजना मध्य क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र में भी जारी है। कंपनी की ओर से जारी परिपत्र के अनुसार अब तक प्रचलित व्यवस्था में किसानों से ऑनलाइन आवेदन के लिए 2500 रुपए पंजीयन शुल्क एवं सुरक्षा निधि जमा कराई जा रही थी। नवीन निर्णय के तहत किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया है कि उपभोक्ता की ओर से स्थापित सर्विस लाइन की सुरक्षा नियमों की जांच के उपरांत मात्र 5 रुपए शुल्क में आवेदन स्वीकार किया जाएगा, जबकि शेष सुरक्षा निधि राशि प्रथम विद्युत बिल में समायोजित कर ली जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि यह निर्णय मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर से जारी विनियम-2022 के प्रावधानों के अनुरूप लिया गया है। कंपनी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत सुविधा सरल, सुलभ एवं किफायती बनाना है। कंपनी प्रबंधन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑनलाइन स्थाई कृषि पंप संयोजन जारी करने की कार्रवाई नियमानुसार शीघ्र पूर्ण की जाए, जिससे किसानों को समय पर लाभ मिल सके।

# कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का आयोजन 15 जनवरी को

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 15 जनवरी गुरुवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस सुबह 11 बजे से मंत्रालय में होगी। कांफ्रेंस में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा भी होगी। मंत्रालय में होने वाली इस कांफ्रेंस में विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे। इसमें कलेक्टर, कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता करेंगे। पहले यह कांफ्रेंस नए साल के पहले या दूसरे दिन होना तय हुआ था। इसके बाद इसमें संशोधन हुआ और 5 जनवरी को होना तय हुआ। अब एक बार फिर से इसमें बदलाव हुआ है। अब कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस 15 जनवरी को होगी।

### पुलिस एवं पत्रकारों का नव वर्ष मिलन समारोह में डीजीपी मकवाणा ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं

# मीडिया और पुलिस के बीच समन्वय जनहित से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में नव वर्ष मिलन समारोह आयोजन किया गया। आयोजन पुलिस ऑफिसर्स मेस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकार, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने समारोह में पत्रकारों एवं अधिकारियों से भेंट कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने सभी पत्रकारों से वन-टू-वन संवाद किया, जिसमें मीडिया और पुलिस के बीच समन्वय, सूचना संप्रेषण की भूमिका तथा जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।


समारोह में शामिल डीजीपी मकवाणा

# पीएडब्ल्यूडी ईएनसी ने निरीक्षण किया, गायब मिले 4 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकारी महकमों के अधिकारियों और कर्मचारियों को फाइव डेज वीक के तहत सुबह दस बजे समय पर दफ्तर पहुंचने और शाम छह बजे तक काम करने के निर्देश दिए और इसका पालन भी शुरू हो गया।

लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर इन चीफ केपीएस राणा ने गुरुवार को निर्माण भवन का निरीक्षण कर डाला और दस बजे तक ऑफिस नहीं पहुंचने वाले चार लापरवाह अधिकारियों- कर्मचारियों का कारण बताओ नोटिस थमा दिए। मंत्रालय में भी मुख्यमंत्री के निर्देश का असर दिखा और ठंड में अक्सर ग्यारह बजे तक मंत्रालय पहुंच रहे अधिकारी-कर्मचारी समय से पहले दफ्तर आते दिखे। लोक निर्माण विभाग का राज्य मुख्यालय निर्माण सदन में लगता है। अक्सर शिकायत रहती है कि इंजीनियर और अन्य अमला मैदानी निरीक्षण का बहाना लेकर दफ्तर समय से नहीं पहुंचता। कार्यालय में सीटें खाली पड़ी रहती है और यहां आने वाले नागरिक, ठेकेदार और अन्य विभागों के कर्मचारी परेशान रहते हैं। मुख्यमंत्री की सलाह पर लोक निर्माण विभाग के ईएनसी केपीएस राणा सुबह दस बजे ही अपने दफ्तर का निरीक्षण करने निकल पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्हें यहां चार कर्मचारी-अधिकारी समय पर दफ्तर में अपनी सीट पर नहीं मिले। पूछने पर यह भी जानकारी मिली कि इन अधिकारियों-कर्मचारियों को किसी अन्य जगह निरीक्षण या बैठक पर भी नहीं जाना था। इसके बाद सभी को नोटिस थमा गया।

### एटीएस विहीन जिलों में मैनुअल वाहन फिटनेस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति का आग्रह

### मप्र में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं परिवहन से जुड़े विषयों पर चर्चा की

# केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी से परिवहन मंत्री ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान परिवहन मंत्री सिंह ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं परिवहन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

भेंट के दौरान परिवहन मंत्री श्री सिंह ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 1 जनवरी 2026 को जारी पत्र के बारे में केंद्रीय मंत्री गडकरी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिला परिवहन कार्यालयों में वाहनों की मैनुअल फिटनेस प्रक्रिया को समाप्त कर केवल ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के माध्यम से ही फिटनेस परीक्षण कराए जाने का प्रावधान किया गया है।





#### मप्र भौगोलिक दृष्टि से बड़ा राज्य

वर्तमान में यह व्यवस्था मध्यप्रदेश के 9 जिले ग्वालियर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, सतना, सिंगरौली, देवास एवं धार में संचालित हैं। इन जिलों में वाहनों की फिटनेस प्रक्रिया पूरी तरह से ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के माध्यम से ही की जा रही है। उन्हों ने बताया कि मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से एक बड़ा राज्य है, जहां कई जिलों के बीच की दूरी 150 किलोमीटर से अधिक है।

#### समय अधिक लगता है

*ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन विहीन जिलों के वाहन स्वामियों को फिटनेस परीक्षण के लिए अन्य जिलों में वाहन को लेकर जाना पड़ता है। इससे समय अधिक लगता है। यात्री वाहनों के परमिट निश्चित मार्गों एवं क्षेत्रों के लिए जारी किए जाते हैं। यदि यात्री वाहन निर्धारित परमिट मार्ग से भिन्न मार्ग पर फिटनेस परीक्षण के लिए जाते हैं, तो यह वैधानिक रूप से भी अनुचित होगा। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परिवहन मंत्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया है कि जब तक राज्य के प्रत्येक जिले में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना नहीं हो जाती, तब तक एटीएस विहीन जिलों में वाहन स्वामियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से मैनुअल फिटनेस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी जाए।*

### नेता प्रतिपक्ष ने अपने निवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए आरोप

#### यह हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा

# इंदौर ने फर्जी डॉक्यूमेंट्स से 8 स्वच्छता अवॉर्ड लिए, दूषित जलकांड में ननि कमिश्नर पर गैर इरादतन हत्या का केस हो, मेयर इस्तीफा दें: सिंघार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा पाने वाले इंदौर पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया है कि इंदौर को लगातार आठ बार स्वच्छता अवॉर्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दिलवाए गए। इंदौर के दूषित जलकांड को लेकर भोपाल स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंघार ने कहा कि यह हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज करने और मेयर के तत्काल इस्तीफे की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि जिस शहर में नलों से जहर जैसा पानी आ रहा है, वहां इंदौर को आठ बार स्वच्छता अवॉर्ड कैसे मिले। उन्होंने कहा कि यह बात सरकारी अधिकारी भी जानते हैं कि किस तरह दस्तावेज तैयार किए गए। अगर सब कुछ सही था तो फिर गंदा पानी पीने से मौतें क्यों हुईं।



#### पीड़ित परिवारों से मिलने नहीं दिया

सिंघार ने आरोप लगाया कि इंदौर में प्रशासन की निष्पक्षता खत्म हो चुकी है। जब वे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कार्यकर्ता पीड़ितों से मिलने पहुंचे, तो प्रभावित इलाकों को पुलिस छावनी में बदल दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार मौतों के आंकड़े और मुआवजे की सच्चाई छिपाना चाहती है। भागीरथपुरा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वहां करीब दो हजार लोग दूषित पानी से प्रभावित हुए हैं। सरकारी जांच में ऐसे बैक्टीरिया मिले हैं, जो मल में पाए जाते हैं। उन्होंने सवाल किया क्या, सरकार लोगों को मल-मिला पानी पिला रही थी? 2018 में सीएजी ने भी पानी के सैंपल में गड़बड़ी को लेकर चेताया था।

### सिंघार को किसने रोका, वह भी जाएं संघ कार्यालय और सत्संग करें: शर्मा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय वह सब लोग जाते हैं, जो भारत माता की जय जयकार करना जानते हैं। हम तो उमंग सिंघार से भी कहेंगे कि उनको किसने रोका है, वह भी जाएं संघ कार्यालय और सत्संग करें। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने उमंग उस बयान पर पलटवार किया है। जिसमें उमंग ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा के संघ कार्यालय जाने पर आपत्ति जताते हुए डीओपीटी को शिकायत करने की बात कही थी। इस संबंध में रामेश्वर ने कहा कि कांग्रेस की जब सरकार थी, तब कलेक्टर किस हैसियत से कांग्रेस कार्यालय जाते थे।



# नववर्ष मिलन समारोहः वर्मा बने मंत्रालय शीघ्रलेखक संघ अध्यक्ष


चुनाव में निर्वाचित हुए पदाधिकारी।

**भोपाल।** राज्य मंत्रालय में गुरुवार को शीघ्रलेखक संघ की आमसभा और नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान संघ का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। जिसमें सुभाष वर्मा अध्यक्ष चुने गए, जबकि जितेंद्र श्रीवास्तव को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। सचिव भगवानसिंह राजपूत, सह सचिव अमर सिंह रावत और कोषाध्यक्ष अनूप हिराऊ बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में जीपी सिंह, हरिशंकर भार्गव, शेख हबीब, किरण शिंदे, पूनम चौहान और अजय प्रजापति बनाए गए है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026


## राजधानी में भी निकला इंदौर में 20 मौतों का जिम्मेदार खतरनाक 'ई-कोलाई' बैक्टीरिया

### 15 दिन से बदबूदार पानी का दो हजार लोग कर रहे थे उपयोग

# खानूगांव के पानी में 'जहर'... बच्चे को नहलाया तो शरीर पर पड़ गए निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में दूषित पानी से हुई 20 मौतों के बाद राजधानी में पानी की सैंपलिंग में भी खतरनाक 'ई-कोलाई' बैक्टीरिया निकला है। आदमपुर, खानूगांव और वाजपेयी नगर में मिले इस बैक्टीरिया के बाद यहां के रहवासी सकते में हैं।

हालात यह हैं कि खानूगांव में रहने वाले वसीम खान के डेढ़ साल के बेटे अब्बास को उन्होंने तीन-चार दिन पहले नहला दिया था। उसके बाद से उसके शरीर पर निशान और हाथ में सूजन है। वे उसका इलाज करवा रहे हैं।



अपने डेढ़ साल के बेटे के साथ वसीम खान।

### नर्मदा कनेक्शन, लेकिन पानी नहीं आता

रहवासियों ने बताया कि यहां नर्मदा जल के कनेक्शन हैं, लेकिन पानी नहीं पहुंचता है। ऊपरी क्षेत्र से पानी लाना पड़ता है। ऐसे में कुएं का पानी ही सहारा है। नगर निगम से केवल आश्वासन मिलते हैं। अभी तो पानी सप्लाई की कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई है।

### वाजपेयी नगरः पाइप लाइन के पास बह रहा सीवेज

वाजपेयी नगर में बैक्टीरिया निकलने के बाद भी लापरवाही बरती जा रही है। पानी के वॉल्व सीवेज के पानी में डूबे हैं। सड़कों पर सीवेज बह रहा है। यहां चारों तरफ संक्रमण के बीच लोग रहने को मजबूर हैं। यहां की दस हजार से ज्यादा की आबादी बीते चार साल से गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

*खानूगांव, वाजपेयी नगर में जहां 'ई-कोलाई' बैक्टीरिया निकला, वहां लोग परेशान*

निगम बोलाः वाजपेयी नगर में नलकूप और खानूगांव में भू-जल स्त्रोत, इनसे सप्लाई नहीं

### डॉक्टरों की टीम करेगी रहवासियों की जांच


ईदगाह हिल्स के वाजपेयी नगर के हाल। यहां सड़क पर ही सीवेज का पानी बह रहा है।

सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा का कहना है कि वाजपेयी नगर, खानूगांव और आदमपुर के पानी में बैक्टीरिया मिलने के बाद शुक्रवार को तीनों जगहों पर डॉक्टरों की टीम भेजी जा रही है, जहां पर रहवासियों का स्वास्थ्य सर्वे किया जाएगा। अगर किसी भी व्यक्ति को कोई स्वास्थ्य समस्या होगी तो उसका पूरा इलाज किया जाएगा।

### जिम्मेदारों ने नहीं अटैंड किए मोबाइल पर कॉल

*इस मामले में नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन और जल कार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल फोन अटैंड नहीं हुए।*

### पानी का वॉल्व ही गंदे पानी में डूबा


वाजपेयी नगर में गंदे पानी में डूबा पानी का वॉल्व।

इधर, ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर के पानी में भी बैक्टीरिया निकला है, जहां पानी का वॉल्व ही गंदे पानी में डूबा हुआ था। जिससे लोगों के घरों में पानी की सप्लाई की जा रही थी। रहवासियों ने बताया कि वे कई सालों से इसकी शिकायत कर रहे थे, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं।

### रहवासियों का पानी के लिए खोदा कुआ बना मुसीबत


खानूगांव का वह कुआ जिसके बदबूदार पानी की वजह से लोग परेशान हैं।

खानूगांव में जिस कुएं को स्थानीय रहवासियों ने ही पानी के लिए खोदा था, वही कुआं दो हजार लोगों के लिए मुसीबत बन गया। बीते 15 दिन से रहवासी बदबूदार पानी का उपयोग कर रहे थे और इसकी शिकायतें भी। पार्षद प्रतिनिधि के द्वारा बनाए गए वीडियो के वायरल होने के बाद निगम प्रशासन, पीएचई विभाग यहां पाइपलाइन और सीवेज लाइन बिछाने काम तो शुरू कर दिया, लेकिन यहां रहने वाले परिवारों के लिए पीने के पानी की कोई वैकल्पिक व्यवस्थ नहीं की। खानूगांव निवासी रुबीना खान ने बताया कि 35 साल पहले यह कुआ दो लोगों ने खोदा था, पानी बहुत साफ था। लेकिन कुछ दिनों से सीवेज लाइन का पानी इस कुएं में मिलने लगा और बदबूदार पानी आना घरों में शुरू हो गया।




रेलवे कॉलोनी में सीवर के पास से निकली पीने के पानी की पाइप लाइन।

### रेलवे बोर्ड ने दिए जांच के आदेश

## हबीबगंज रेलवे कॉलोनी में पुरानी पाइपलाइन जर्जर, पाइप के ऊपर से बह रहा सीवेज का पानी


सीवेज का पानी कॉलोनी की सड़कों पर बह रहा है। लोग बदबू से परेशान हैं।

भोपाल रेल मंडल की ओर से पिछले कुछ सालों से जहां स्टेशन से लेकर रेलवे कॉलोनी को स्वच्छ व साफ बनाने के लिए लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन हबीबगंज रेलवे कॉलोनी की पीने के पानी की पाइप लाइन के ऊपर से सीवेज का पानी बह रहा है। इसको लेकर कॉलोनीवासियों ने मामले की रेलवे से शिकायत की है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यहां पर गंदा पानी आ रहा है। इससे कभी इंदौर जैसी घटना हो सकती है तो वहीं इस मामले को लेकर रेलवे की ओर से भोपाल रेल मंडल को जांच करने को कहा है।

### सप्लाई लाइन फूटी है

मामले को लेकर शिकायत करने वाली संगीता मिश्रा का कहना है कि हबीबगंज रेलवे कॉलोनी में सीवेज का गंदा पानी जगह जगह से पीने के पानी की लाइन से मिल रहा है। जबकि पानी की सप्लाई लाइन फूटी हुई है। इससे मैदान में जहां गंदा पानी जमा हो रहा है, इससे मैदानी घास को खासा नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कॉलोनी की मुख्य सड़कों पर भी गंदा पानी जमा होने से बदबू आती रहती है। इस मामले को लेकर मंडल स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी से की गई थी। इसको लेकर अब मंडल स्तर पर जांच शुरू हो गई है। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि गंदे पानी की सप्लाई को लेकर कॉलोनी वासियों की कोई लिखित शिकायत नहीं है। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए। पाइप लाइन की जांच कराई जा रही है। अगर पीने के पानी पाइप लाइन फूटी निकलती है तो इसको तत्कल बदल दी जाएगी।

### ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के बाद निगम के अमले ने एक दिन में लिए 338 सैंपल

**भोपाल।** खानूगांव, वाजपेयी नगर और आमदपुर में पानी में जहरीला वायरस ई कोलाई मिलने के बाद नगर निगम का अमला शहर में गंदे पानी की शिकायतों को लेकर सक्रिय हो गया है। निगम ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 338 सैंपल एकत्र किए। जिनमें झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 111 सैंपल हैं। इन सभी सैंपल्स की जांच निगम की आठ लेबोरेटरी में की जा रही है।

शहर के 46 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे गए हैं, जबकि अब तक 317 लीकेज दुरुस्त किए गए हैं। सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन पर गंदे पानी की नौ शिकायतों में से पांच का निपटान कर दिया गया है। इसके अलावा नगर निगम ने 133 स्थानों पर सीवेज चैंबर की सफाई करवाई है।

### हैंडपंपों की भी होगी जांच

संभागायुक्त संजीव सिंह ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले के पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों की सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि पेयजल की टेस्टिंग रोजाना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेयजल की टेस्टिंग अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। उन्होंने हैडपंप के पेयजल की भी टेस्टिंग तुरंत की जानी चाहिए।

### क्या कहते हैं लोग?


पंप हाउस तक सीवेज लाइन बिछाई गई थी। उसके टूटने से गंदा पानी कुएं में मिला। इससे पानी दूषित हो गया और घरों में पहुंचा। अब यहां सुधार के काम तो शुरू हुए हैं, लेकिन वाटर सप्लाई नेटवर्क को मजबूत बनाया जाए।

**अब्दुल आहद खान, खानूगांव**


खानूगांव में जिस कुएं का पानी दूषित हुआ, उससे घरों में पानी सप्लाई होता था। पहले यही पानी का एक साधन था। इसकी देखरेख भी रहवासी करते थे, लेकिन सीवेज लाइनों के चलते पानी दूषित हो गया। पूरे क्षेत्र में जल प्रदाय व्यवस्था नए सिरे से सुधारी जाए।

**मोहम्मद यूसुफ, खानूगांव**


जब लोगों को इस बात का पता चला कि पानी में सीवेज मिलने से बदबूदार पानी घरों में पहुंच रहा है तो शिकायतें की गईं। लापरवाही बरती गई। अब जांच में भी पानी में बैक्टीरिया निकला है। शुद्ध पानी सप्लाई के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

**असद खान, खानूगांव**


खानू गांव में बाइक से पानी ले जाता एक व्यक्ति।


वाजपेयी नगर में सीवेज टैंक के पास से निकली पानी की पाइप लाइन।

### वाजपेयी नगर के रहवासी बोले

#### क्या इंदौर जैसे हादसे का इंतजार?


वाजपेयी नगर में गंदे पानी की शिकायत चार साल से कर रहे हैं। दस हजार से ज्यादा आबादी यहां रहती है। अब जांच के बाद यहां सफाई जरूर हो रही है। लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

**शहजाद खान, रहवासी**

#### लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर


लोग गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। घरों में गंदा पानी पहुंचे या लोग गंदे पानी के बीच से आवाजाही करें, किसी को इसकी रोकथाम की परवाह नहीं है। लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

**मुश्ताक खान, वाजपेयी नगर**

### नरेला जोन 17 में भी भगीरथपुरा जैसी घटना की प्रतीक्षाः शुक्ला


अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 20 लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन अभी तक प्रशासन एवं अधिकारी नहीं जागे हैं। नरेला विधानसभा जोन 17 जिसकी आबादी लगभग 1.5 लाख है, वहां की जनता आज भी सीवेज मिश्रित दूषित जल पीने को मजबूर हैं। यहां की नवाब कॉलोनी में लोग लगभग 5 सालों से सीवेज मिला दूषित जल पीने को मजबूर हैं। शिकायतें करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही नगर निगम लीपापोती में मशगूल है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला क्षेत्र में मौजूद इन जहरीले जल स्त्रोत का निरीक्षण कर नगर निगम से इस मामले में तुरंत एक्शन लेने की मांग की है। शुक्ला ने चेतावनी दी है की यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो दूषित जल लेकर नगर निगम आयुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### शाहपुरा थाने के पास का मामला

## खुदाई में गैस लाइन हुई लीक तो मची अफरा-तफरी


मौके पर रिपेयर करते थिंक गैस के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा में गुरुवार दोपहर गैस लाइन लीकेज हो गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। थिंक गैस कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लीकेज में सुधार कार्य शुरू कराया। लाइन बंद करने से बड़ा हादसा टल गया।

शाहपुरा थाने के सामने से थिंक गैस की भूमिगत लाइन गुजर रही हैं। यहां कुछ मजदूर काम कर रहे थे। खुदाई के दौरान पाइप लाइन फूट गई। इसके बाद तेजी से गैस निकलने लगी। गैस लाइन से प्रेशर से गैस निकलने से पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं, पास में ही बिजली कंपनी की एक फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची। गैस कंपनी को भी सूचना दी गई। इसके बाद लाइन बंद कर दी गई ओर लीकेज को सुधारा जाने लगा।

### नयापुरा की 16 एकड़ जमीन मामले में 25 वर्ष बाद कोर्ट का फैसला

## शर्मिला, सैफ, सबा और सोहा के खिलाफ केस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्राम नयापुरा तहसील हुजूर जिला भोपाल के खसरा नंबर 114 की 16.62 एकड़ जमीन को लेकर पिछले 25 वर्षों से नवाब मंसूर अली खान पटौदी की पत्नी शर्मिला टैगोर, पुत्र सैफ अली खान , पुत्रियां सबा अली खान और सोहा अली खान सहित नवाब खानदान के अन्य वारिसान के खिलाफ चल रहा मुकदमा जिला न्यायाधीश संजय अग्रवाल ने दावे के समर्थन में ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं करने के आधार पर निरस्त कर दिया ।

शर्मिला टैगोर,सैफ, सबा अली खान और सोहा की ओर से एडवोकेट सै.फैजान हुसैन ने पैरवी की थी। 25 नवंबर 2000 को वादी अकील अहमद, शकील अहमद और परवेज अहमद ने न्यायालय में मुकदमा प्रस्तुत कर यह दावा किया था कि यह जमीन उनकी है। उन्होंने कहा था कि उनके पिता वकील अहमद भोपाल की जाने माने शायर थे, वकील अहमद के दादा सैयद मोहम्मद नवाबी शासनकाल में किलेदार थे। वह किला चैकीगढ़, बाड़ी-बरेली एवं आलमपुर के किलेदार थे। उनके दादा की सेवाओं से खुश होकर वर्ष 1936 में भोपाल के तत्कालीन नवाब हाजी मोहम्मद हमीद उल्लाह खान ने उन्हें भूमि खसरा नंबर 114 रकवा 16.62 एकड़ इनायत की थी। हालांकि कोर्ट में वे इस दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सके। वादीगण कोर्ट में मूल इनायत नामा ही पेश नहीं कर सके। हालांकि न्यायालय में वे इस दावे के समर्थन में ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके।

### कोर्ट ने इन तीन कारणों से निरस्त किया मामला


फाइल फोटो

न्यायालय ने तीन प्रमुख कारणों के आधार पर मुकदमा निरस्त किया। पहला, दान संबंधी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया गया। दूसरा, निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के लगभग 19 महीने बाद याचिका दायर की गई। तीसरा, राजस्व रिकॉर्ड और दस्तावेजों के अनुसार भूमि सैफ अली खान एवं अन्य वारिसों की वैध संपत्ति पाई गई।



## खबर संक्षेप

### रेडमी ने लांच की नोट 15 5जी और रेडमी पैड 2 प्रो

**नई दिल्ली।** शाओमी इंडिया ने रेडमी नोट 15 5जी और रेडमी पैड 2 प्रो लांच किया। ये दोनों डिवाइस



भरोसेमंद परफॉर्मेंस, इमर्सिव एंटरटेनमेंट, और रोजमर्रा के उपयोग के दौरान लंबे समय तक साथ देने के लिए बनाई गई हैं। रेडमी नोट 15 5जी का 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वाला वेरिएंट भारत में 22,999 रुपए में उपलब्ध होगा। इसकी बिक्री 9 जनवरी, 2026 से शुरू होगी।

### ब्लेंडर्स प्राइड ने दिखाया फैशन का नेक्स्ट मूव

**जयपुर।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने जयपुर में अपनी रफ्तार बढ़ाई और हाई फैशन और मोटरस्पोर्ट को एक साथ लाकर फैशन का नेक्स्ट मूव दिखाया। डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने रेसिंग से प्रेरित बोल्ड सिल्हूट्स के जरिए मोटरकोर के सौंदर्यशास्त्र को नया रूप दिया, जबकि बॉलीवुड स्टार हरनाज संधू ने शोस्टॉपर बनकर समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। शो की रात का समापन रफ्तार के धमाकेदार प्रदर्शन के साथ हुआ, जहां तीन लैप वाले रनवे ने पूरे आयोजन स्थल को एक जीवंत और ऊर्जावान स्टाइल के केंद्र में बदल दिया।

### ग्रो म्यूचुअल फंड ने पेश किया ग्रो स्मॉल कैप फंड

**बेंगलुरु।** ग्रो म्यूचुअल फंड ने ग्रो स्मॉल कैप फंड लांच करने की घोषणा की। यह ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करेगी। नई फंड पेशकश (एनएफओ) 8 यानि गुरूवार से 22 जनवरी, 2026 तक खुली रहेगी। इस योजना का लक्ष्य है, ग्रो म्यूचुअल फंड के क्यूजीएआरपी ढांचे – तर्कसंगत मूल्य पर गुणवत्ता और वृद्धि से प्रेरित दीर्घकालिक स्तर धन सृजन करना। भारत की अर्थव्यवस्था में भारी बदलाव आ रहा है ।

### पोको ने भारत में एम8 5जी को लांच किया

**नई दिल्ली।** पोको ने भारत में पोको एम8 5जी को लांच किया है। यह स्मार्टफोन एक स्लिम, लाइटवेट डिज़ाइन, शानदार एमोलेड डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और पूरे दिन चलने वाली बैटरी के संयोजन के जरिये रोजमर्रा के मनोरंजन में महत्वपूर्ण अपग्रेड लेकर आया है। पोको एम8 5जी वास्तविक दुनिया के उपयोग को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक अपग्रेड पर फोकस करता है। शाओमी इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर संदीप सिंह अरोड़ा ने कहाकि पोको एम8 5जी सीरीज एक बड़ा विकास है।

### हैबिल्ड ने शुरू किया 'हर घर योग' अभियान

**नई दिल्ली।** हैबिट-बिल्डिंग प्लेटफॉर्म हैबिल्ड ने नए साल के अवसर पर अपनी फ्लैगशिप पहल 'हर घर योग' के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। इस मुहिम का मूल उद्देश्य भारतीयों को भारी-भरकम संकल्पों के बोझ से आजाद कर, योग की एक सरल, प्रभावी की शुरुआत करने के लिए प्रेरित करना है। इसके तहत संस्थान 21 दिनों की एक विशेष 'निःशुल्क डिजिटल योग यात्रा' का आयोजन कर रहा है। 'हर घर योग' इस विचार पर आधारित है । कि वास्तविक स्वास्थ्य सुधार 'एक दिन के बड़े बदलाव' से नहीं, बल्कि 'हर दिन के छोटे प्रयासों' से संभव है।

### हिंदी जी5 पर 'हनीमून से हत्या' पेश

**मुंबई।** जी5, भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, अपनी नई सच्ची अपराध डॉक्यू-सीरीज हनीमून से हत्या के लांच की घोषणा करता है, जो 9 जनवरी 2026 को प्रीमियर होगी। यह सीरीज असली घटनाओं पर आधारित है, जहां पत्नियों ने अपने पतियों की हत्या की, यह सिर्फ सुर्खियों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सवाल उठाती है । यह सच्ची अपराध डॉक्यू-सीरीज भारत के कुछ सबसे चौंकाने वाले और चर्चा में रहे मामलों को फिर से सामने लाती है।

# चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 780 अंक टूटा, निफ्टी 25,876 पर बंद

### निवेशकों के 8.55 लाख करोड़ रुपए, जोखिम से बचने का माहौल

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय शेयर बाजारों में गुरुवार को पिछले एक महीने की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली। भारत-अमेरिका व्यापार तनाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बाजार लगातार चौथे सत्र में टूटे और चौतरफा बिकवाली से निवेशकों के 8.55 लाख करोड़ रुपए डूब गए। ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 500 फीसदी तक टैरिफ लगाए जाने की संभावना से जुड़ी खबरों ने निवेशकों को सतर्क कर दिया, जिससे बाजार में व्यापक स्तर पर जोखिम से बचने का माहौल बन गया और चौतरफा बिकवाली देखी गई। दिन के दौरान निफ्टी 1.07 फीसदी और सेंसेक्स 1 फीसदी तक टूट गए, जो पिछले साल 8 दिसंबर के बाद का सबसे खराब सत्र रहा। पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स करीब 1,600 अंक और निफ्टी लगभग 470 अंक गंवा चुका है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक गिरकर 84,778.02 पर खुला। खुलने के बाद इसमें गिरावट देखने को मिली।



फाइल फोटो

### निफ्टी में माइनस 50 अंक गिरा

*बाजार बंद होने पर सेंसेक्स 780.18 अंक यानी 0.92 फीसदी की गिरावट के साथ 84,180.96 पर बंद हुआ इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी माइनस 50 भी गिरावट के साथ 26,106 अंक पर खुला और बाद में 26 हजार के नीचे फिसल गया। कारोबार के अंत में निफ्टी50 263.9 अंक या 1.01 फीसदी टूटकर 25,876.85 पर बंद हुआ।*

## घोषित निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना से चेंबर के कई मेंबर वंचित

# अनियमितता,तानाशाही और सदस्यों की अनदेखी का प्रतीक बनी बीसीसीआई की वर्तमान चुनाव प्रक्रिया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वर्तमान चुनाव प्रक्रिया अनियमितता, तानाशाही और आम सदस्यों की अनदेखी का प्रतीक बन गई है । क्योंकि पूर्व में सभी सदस्यों को घोषित निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना, होने वाले बदलाव की सूचना, निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व डाक द्वारा या संस्था के कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से चेंबर सभी सदस्यों तक पहुंचाई जाती थी , ताकि कोई भी सदस्य चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी कर सकें।

परंतु इस बार सदस्यों तक जानकारी पहुंचाने की इस प्रक्रिया की अनदेखी की गई। काफी लोग तो सोशल मीडिया की दुनिया से दूर है अतः सोशल मीडिया से दूर चेंबर के कई मेंबर अभी भी चेंबर के चुनाव प्रक्रिया की जानकारी से ही वंचित हैं।




चेंबर कार्यालय

### कई लोग सूचना से ही वंचित

गतिविधि शुल्क लिया, लेकिन नहीं दी व्यवस्थित व्यक्तिगत रूप से हो रही गतिविधि की सूचना भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स आजीवन सदस्यता शुल्क के अतिरिक्त गतिविधि शुल्क भी लिया जाता है जो इस बात के लिए होता है कि संस्था की गतिविधियों के संचालन की जानकारी सदस्यों तक व्यवस्थित रूप व्यक्तिगत पहुंचाई जाई, परंतु गतिविधि शुल्क देने वाले सदस्य चुनाव जैसे महत्वपूर्ण गतिविधि की ही सूचना से ही वंचित रहे गए।

### संपूर्ण शुल्क जमा होने के बाद भी मतदाता सूची में नाम नही होने की शिकायत

*निरंकुश व्यवस्थाएं ,सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया के 45 दिन के नियम की अवहेलना करती हुई दिख रही यह वर्तमान चुनाव प्रक्रिया से कई ऐसे सदस्य जिनके संपूर्ण शुल्क जमा होने के बाद भी मतदाता सूची में नाम नही होने की शिकायत करते दिख रहे हैं। संस्था के संविधान की जानकारी करना, प्रतिलिपि प्राप्त करना, प्रत्येक सदस्य का वैधानिक अधिकार होता है। अगर सदस्यों द्वारा विधान की कॉपी मांगने पर कार्यालय द्वारा उपलब्ध नही कराना निश्चित रूप से सदस्य की वैधानिक अधिकार का हनन हो रहा है ।*

### न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में जुटे चेंबर के कुछ मेंबर

खबर है कि वर्तमान चुनाव प्रक्रिया में कुछ चेंबर के पूर्व महामंत्री जैसे अन्य पदाधिकारी की तानाशाही रवैए के खिलाफ व्यापारिक संगठनों के कुछ प्रतिनिधि न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में जुट गए हैं। कुछ ऐसे सदस्य जिनके संपूर्ण शुल्क जमा है परंतु मतदाता सूची में से उनका नाम ही गायब है। ऐसे व्यापारी भी काफी परेशान दिख रहे हैं इसी वजह से इस बात की शंका है कि पूर्व नियोजित परिणामों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं का संचालन तो नहीं किया जा रहा है।

### मतदान के अगले दिन मतगणना

संस्था के अभी तक कई दशक चुनाव हो चुके चुनाव प्रक्रिया में अभी तक होता यही रहा है कि मतदान के ठीक एक- दो घंटे पश्चात मतगणना शुरू होती थी और परिणाम घोषित किए जाते थे। लेकिन चेंबर के विधान की अवहेलना करते हुए इस बार यानी वर्तमान चेंबर चुनाव प्रक्रिया में मतदान के बाद मतगणना अगले दिन करना और परिणाम घोषित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जो कि राजधानी के व्यापारियों मेंपरिणाम को लेकर शंका, कुशंका का बाजार अभी से गर्म होने लगा है।

## होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसो. का मेगा ट्रेड फेयर 10 जनवरी से

# 100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स होंगे शामिल, 500 से अधिक होटल व्यवसायी लेंगे इसमें भाग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मेगा ट्रेड फेयर 2.0- 2026 का आयोजन होटल रॉयल ऑर्बिट में 10, 11, 12 एवं 13 जनवरी को किया गया है।

जहां होटल इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग एक ही छत के नीचे जुटेंगे। फेयर में क्रॉकरी, कटलरी, फर्नीचर, आर्किटेक्ट, सर्विसेज, बैड शीट्स, वॉटर सप्लायर्स, इलेक्ट्रीफिकेशन एक्सपर्ट, सोलर कंपनियां, इंटीरियर डिजाइनिंग एक्सपर्ट से जुड़े व्यवसायी रहेंगे। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि फेयर में कुल 100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स हैं, वहीं आसपास के करीब 500 से अधिक होटल व्यवसायी इसमें शामिल होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष वसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा, ट्रेजरार विनीत गोकलानी, सह सचिव उपनीत छाबड़ा, इवेंट चेयर पर्सन संदीप विजन, वरिष्ठ सदस्यों कमल ग्रोवर, अमित जसूजा, नितिन चंडोक, संजय जैन आदि ने सहभागिता की अपील की है। सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से फेयर के साथ ही एक जिला, एक उत्पाद के अंतर्गत मटर महोत्सव का 11 जनवरी को आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में होटलों के साथ गृहिणियों की सहभागिता भी रहेगी। कॉम्पिटीशन में 25 होटल सहभागिता करेंगे।



पदाधिकारी

# वायदा कारोबार 10 हजार रुपए तो भोपाल सराफा बाजार में चांदी 5 हजार रुपए टूटी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

गुरुवार को सफेद धातु चांदी में जोरदार बिकवाली देखने को मिली। आमतौर पर सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली चांदी एमसीएक्स यानी वायदा कारोबार में एक ही दिन में करीब 10 हजार रुपए तक टूट गई। जबकि स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में चांदी 5 हजार रुपए किलो टूटी। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल ने बताया कि एमसीएक्स पर मार्च 2026 एक्सपायरी वाला चांदी कॉन्ट्रैक्ट बुधवार को 2,50,605 रुपए प्रति किलो पर बंद हुआ था, लेकिन गुरुवार को कारोबार शुरू होते ही भारी दबाव में आ गया। इंट्रा-डे में चांदी 2,40,605 रुपए प्रति किलो तक फिसल गई। दोपहर के कारोबार में यह 2,43,911 रुपए पर ट्रेड कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से करीब 2.7 फीसदी नीचे है। जबकि स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में बीते दिन बुधवार को चांदी 2 लाख 44 हजार रुपए किलो के भाव थी जो गुरूवार को 5 हजार टूट कर 2 लाख 39 हजार रुपए प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई। स्थानीय सराफा बाजार में सोने का भाव बुधवार को 1 लाख 41 रुपए प्रति दस ग्राम था जो गुरूवार को 1 हजार कम होकर 1 लाख 40 हजार रुपए प्रति दस ग्राम बोला गया। सराफा व्यापारी आनंद सोनी ने बताया कि इस तेज गिरावट ने दिसंबर 2025 की उस रिकॉर्ड तेजी की याद दिला दी है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 83.60 डॉलर प्रति औंस के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। उस समय सप्लाई की कमी और मजबूत मांग ने कीमतों को सहारा दिया था लेकिन अब हालात बदलते दिख रहे हैं।




फाइल फोटो

**भोपाल में 2 लाख 39 हजार रुपए प्रति किलो , 1 लाख 40 हजार रुपए प्रति दस ग्राम**

### गिरावट से बढ़ी निवेशकों की चिंता

वायदा कारोबार में आए इस बड़े करेक्शन के बाद चांदी ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। क्योंकि चांदी की हालिया तेजी थकती नजर आ रही है और कीमतें अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले स्तर पर पहुंच चुकी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जहां सोना अब भी सुरक्षित निवेश बना हुआ है, वहीं चांदी की इंडस्ट्रियल और ज्वेलरी डिमांड पर दबाव बढ़ रहा है।

# समापन की ओर मेला.... फर्नीचर और ऑटोमोबाइल पर भारी डिस्काउंट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

भोपाल के टी टी नगर दशहरे मैदान में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में ठिठुरती सर्दी के बावजूद भारी भीड़ उमड़ रही है। 11 जनवरी तक मेला जारी रहेगा। मेला समिति के महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया कि इस मेले में शहरवासियों को न केवल स्वस्थ मनोरंजन का मौका मिल रहा है, बल्कि खानपान के विविध प्रकार के व्यंजन भी उन्हें आकर्षित कर रहे हैं।

इस बार मेले में सेल्फी जोन, आटोमोबाइल जोन, फर्नीचर महासेल, फूड जोन, बम्पर सेल, पुस्तक गैलरी, हैण्डलूम जोन बनाए गए हैं। यह मेला ऐसा है,जहां आपको सस्ते सामानों की बहुत सारी वेराइटी मिलती है।

### मेले में इस बार रखा जा रहा खरीदारी के साथ सेहत का भी खास ध्यान

*इस मेले की खास बात यह है कि मेला भोपाल का सस्ते सामानों का सबसे बड़ा मेला है। वहीं एक ओर भोपाल उत्सव मेले में इस बार खरीदारी के साथ सेहत का भी खास ध्यान रखा जा रहा है। मेले में जहां एक ओर तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, वहीं समांश ब्रांड का आयुर्वेदिक और स्वास्थ्य उत्पादों का स्टॉल खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समांश के स्टॉल पर हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पादों की विस्तृत रेंज लोगों को खूब पसंद आ रही है। प्राकृतिक तत्वों से बने ये उत्पाद स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।*

### फर्नीचर और ऑटोमोबाइल पर 70 प्रतिशत छूट

मेला ग्राउंड के फर्नीचर सेक्टर और ऑटोमोबाइल सेक्टर पर लगे स्टॉल पर ऑफर की धूम लगी है। मेले के फर्नीचर और ऑटोमोबाइल सेक्टर में जहां दो पहिया वाहन, ई-रिक्शा पर डिस्काउंट मिलता है। अब मेला समापन की ओर है तो मेले में ऑफर और डिस्काउंट दिया जा रहा है। मेले में जहां फर्नीचर और वह टू व्हीलर और फोर व्हीलर वाहनों पर मेला डिस्काउंट ऑफर चल रहा है। वहीं कहीं उत्पाद पर 70 प्रतिशत तक फर्नीचर की खरीदारी पर भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। मेला ग्राउंड में लगी फर्नीचर सेक्टर में लक्ष्मी ट्रेडर्स,यूनीक फर्नीचर, मलिक स्टील फर्नीचर,एजे फर्नीचर और आर्यन फर्नीचर की दुकान दुकान पर 70 प्रतिशत तक की भारी डिस्काउंट चल रहा है.. ग्राहक को इन दुकानों से आपको हर तरह के फर्नीचर की वैरायटी मिल जाएगी।

### यूनियन बैंक की दृष्टिबाधित कर्मचारी छोंजिन ने की माउंट किलिमंजारो चढ़ाई पूरी

**मुंबई।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की कर्मचारी और दृष्टिबाधित पर्वतारोही छोंजिन आंगमो द्वारा




अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (5,895 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर ली गई है। माउंट एवरेस्ट और माउंट एल्ब्रुस को फतह करने वाली एकमात्र दृष्टिबाधित महिला के तौर पर पहले से ही विश्व रिकॉर्ड धारक आंगमो ने अब अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों की सूची में रूफ ऑफ अफ्रीका को भी शामिल कर लिया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया उन्हें इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देता है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा छोंजिन आंगमो को पूरा वित्तीय सहयोग देकर इस अभियान में उनकी सहायता की गई।

## बिजनेस न्यूज

### आरआर काबेल के स्टार सीजन 4 के विजेता 58 विजेता सम्मानित

**भोपाल।** इलेक्ट्रिकल्स और वायर एवं केबल निर्माता कंपनी आरआर काबेल ने भोपाल में अपने काबेल स्टार छात्रवृत्ति



कार्यक्रम 2025 के विजेताओं की घोषणा की। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम खासतौर पर उन इलेक्ट्रिशियनों के बच्चों के लिए बनाया गया है जिन्होंने इस वर्ष अपनी 10वीं की परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी की है। आरआर काबेल के शिक्षित और सशक्त भारत के विज़न के अनुरूप, कंपनी होनहार छात्रों की उच्च माध्यमिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 1 करोड़ से अधिक की राशि देती है। अब तक पूरे देश में लगभग 4000 छात्रों को प्रत्येक को 10,000 रुपए की छात्रवृत्ति मिल चुकी है। देशभर के 1,000 विजेताओं में से भोपाल ने सबसे अधिक 58 विजेताओं के साथ खास पहचान बनाई, जिन्हें भोपाल के एमपी सिंधु भवन ट्रस्ट 7, शिवाजी नगर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। यह छात्रवृत्ति 2022 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य 'काबेल दोस्त' कहे जाने वाले बच्चों को उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करने में मदद करना है।

### स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने पेश की रियलमी 16 प्रो सीरीज

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने रियलमी 16 प्रो सीरीज पेश की। इस सीरीज के साथ ही प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में कंपनी की



स्थिति मजबूत हुई है फ्लैगशिप ग्रेड के रियलमी 16 प्रो.प्लस और किफायती ऑल-राउंडर रियलमी 16 प्रो के साथ यह सीरीज़ परफॉर्मेंस और डिज़ाईन के नए मानक स्थापित कर रही है। रियलमी 16 प्रो सीरीज प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में 200 मेगापिक्सल का पोट्रेट मास्टर है। रेडमी 16 प्रो 5जी के 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 31,999 रुपए है। 8जीबी+ 256जीबी मॉडल की कीमत 33,999 है, जबकि टॉप 12जीबी + 256जीबी वेरिएंट की कीमत 36,999 है। वहीं, रेडमी 16 प्रो + 5जी का 8जीबी रैम + 128जीबी स्टोरेज वाला वेरिएंट 39,999 रुपए से शुरू होता है।

### सैमसंग की गैलेक्सी बुक6 नई डिजाइन में पेश

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने सीईएस 2026 के दौरान गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा, गैलेक्सी बुक6 प्रो और गैलेक्सी बुक6 को पेश किया। अब तक की सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बुक सीरीज, ये डिवाइसेस मजबूत परफॉर्मेंस देती हैं जो एक परफेक्ट तरीके से बैलेंस्ड स्लिम प्रोफाइल में सटीक निर्माण के साथ एआई-पावर्ड प्रोडक्टिविटी को बेहतर बनाती हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रेसिडेंट, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) और आरएंडडी ऑफिस, मोबाइल एक्सपीरियंस (एमएक्स) बिजनेस के हेड वॉन-जून चोई ने कहा "सैमसंग में, हमारा मानना है कि सच्चा इनोवेशन फंडामेंटल्स को सही करने से शुरू होता है।



### सर्दियों में डाबर रेड टूथपेस्ट करता है ओरल केयर को मजबूत : डॉ.दत्ता

**नई दिल्ली।** पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री प्रोफेसर, पीएचडी-एमडीएस डॉ.सोनिया दत्ता की सलाह दी है कि सर्दियों में अपने ओरल केयर को मजबूत करने के लिए आयुर्वेदिक टूथपेस्ट जैसे डाबर रेडपेस्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि सर्दियों में दांतों में झनझनाहट बढ़ जाती है, मुंह खुश्क होने लगती हैं, कई बार मसूड़ों में जलन या परेशानी होती है। अतःआयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां सर्दियों में विशेष रूप से कारगर होती हैं, क्योंकि ये गर्माहट और आराम देती हैं। डाबर रैड जैसे टूथपेस्ट में कैमिकल्स के बजाए इन जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया गया है।




### एयरबीएनबी रिपोर्ट: अब युवा बना रहे जेन जेड की ट्रैवल प्लानिंग

**नई दिल्ली।** म्यूजिक अब युवा भारतीयों की यात्रा की दिशा तय कर रहा है एयरबीएनबी की अनुभव-आधारित ट्रैवल इनसाइट्स के अनुसार, जेन जेड अब लाइव कॉन्सर्ट और म्यूजिक फेस्टिवल्स के इर्द-गिर्द अपनी यात्राओं की योजना बना रहे हैं। यह उनके लिए नए शहरों को एक्सप्लोर करने का जरिया बन रहा है जहां वे सिर्फ इवेंट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कुछ दिन ठहरते भी हैं और स्थानीय इलाकों को तसल्ली से जानते-समझते हैं।

### नेटफ्लिक्स पर इंस्पेक्टर की वापसी

**मुंबई।** इंस्पेक्टर जटिल यादव की रहस्यमयी और उलझी हुई दुनिया एक बार फिर सामने आ गई है। द बंसल मर्डर्स के प्रीमियर के साथ यह कहानी अब सिर्फ नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह कहानी 'हूडनइट' फ्रेंचाइजी को और गहराई में ले जाती है, जहां एक ताकतवर परिवार की हवेली में घटने वाला साइकोलॉजिकल ड्रामा पेश किया गया है।

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/285/2024
बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम एम एस 24 फैशन द्वारा प्रोपराईटर ए0के0आचार्य
NEXT DATE: 16-02-2026
प्रेषिती-
**एम एस 24 फैशन द्वारा प्रोपराईटर ए. के आचार्य पता - शॉप नं जी एम-33 मानसरोवर कॉम्प्लेक्स बीजेपी कार्यालय के पास हुजूर भोपाल एम पी**
यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आपके विरुद्ध आरसीएस बी/285/2024 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 23-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — राहुल कुमार नामदेव
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/80/2025
बैंक ऑफ महाराष्ट्र बनाम एम एस 24 फैशन द्वारा प्रोपराईटर ए0के0आचार्य
NEXT DATE: 19-02-2026
प्रेषिती-
**एम एस 24 फैशन द्वारा प्रोपराईटर ए. के आचार्य पता - शॉप नं जी एम-33 मानसरोवर कॉम्प्लेक्स बीजेपी कार्यालय के पास हुजूर भोपाल एम पी**
यह कि प्रार्थी बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आपके विरुद्ध आरसीएस बी/80/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 09-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — श्रीमती मेघा अग्रवाल
पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड

**कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल (म.प्र.)**
**पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री (स्टोर-2 भाग-2) क्रय करने हेतु 03 माह के लिऐ अनुबंध हेतु**
कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पी.टी.एस. (एमटी), भोपाल द्वारा पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री (स्टोर-2 भाग-2) क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु खुली ई-निविदा आंमत्रित की गई है। नियम एवं शर्तें तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 05/01/2026 के 17:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 05/01/2026 के 18:00 बजे |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 08/01/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 12/01/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 27/01/2026 के 14:00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 28/01/2026 के 16:00 बजे |

जी - 24064/25
स्वच्छता ही सेवा
**पुलिस अधीक्षक**
**पी.टी.एस. (एमटी), भोपाल**

## चिंतन

# दबाव की रणनीति पर उतरे खिसियाए ट्रंप

वर्तमान समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, भारत सरकार उसका बहुत ही सूझबूझ और संयमित तरीके से जवाब दे रही है। चाहे वह टैरिफ की बात हो, रूस से तेल खरीदने का मामला हो या पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप द्वारा किए गए दावे का। लगता है इससे ट्रंप खिसिया गए हैं और बेतुकी बयानबाजी पर उतर आए हैं। ऐसी भाषा एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर अशोभनीय है। दो राष्ट्राध्यक्षों या राजनयिकों के बीच वार्ता बेहद गुप्त होती है। इसे कभी भी, किसी भी रूप से उछाला नहीं जा सकता। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच मुलाकात बेहद शालीनता और कूटनीति को दर्शाती है, लेकिन हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत को लेकर की जा रही बयानबाजी किसी भी नजरिये से ठीक नहीं है। ऐसी भाषा न तो राजनयिक रूप से ठीक है और न ही एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर। इसे अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार भी नहीं माना जा सकता। एक शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर ऐसी भाषा न तो देश के हित में होती है और न ही लोगों के हित में सही कही जा सकती है। बता दें कि ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाक़ात के लिए पूछा था कि सर, प्लीज़ क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। मैंने हां कहा, क्योंकि मेरे उनके साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। ट्रंप के इस बयान पर चर्चा हो रही है कि क्या भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से इस भाषा में बात की होगी? हालांकि भारत ने इस पर भी बेहद संयम बरता। इससे खिसियाए ट्रंप दबाव की रणनीति पर उतर आए हैं। हालांकि जर्मनी के एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चार बार फोन पर बात करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की तरफ से ट्रंप की फोन कॉल का कोई उत्तर नहीं दिया गया। यह रिपोर्ट उस समय आई थी, जब ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगाया था। दरअसल, पहले ही भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप चुके ट्रंप ने अब 500 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इससे भारत, चीन और ब्राजील पर दबाव बढ़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अच्छे आदमी हैं, लेकिन रूसी तेल खरीदने से वे नाराज हैं। हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि मोदी जानते हैं कि मुझे खुश रखना जरूरी है। हम भारत पर टैरिफ बहुत जल्दी बढ़ा सकते हैं। ट्रंप ने ऐसे एक बिल को समर्थन दिया है। यह बिल जल्दी ही कांग्रेस में वोटिंग के लिए आ सकता है। अगर यह बिल कानून बन गया तो भारत के अमेरिका निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। इससे भारतीय सामान अमेरिका में बहुत महंगा हो जाएगा। इससे दोनों देशों के मध्य व्यापार को नुकसान होने का अंदेशा है। गौरतलब है कि भारत ने रूसी तेल आयात कम किया है। आंकड़े बताते हैं कि बीते दिसंबर माह में आयात काफी गिर गया, लेकिन पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। ट्रंप की भाषा अक्सर कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार के खिलाफ रहती है, क्योंकि वह अपने बयानों में आक्रामक, अनौपचारिक और व्यक्तिगत होते हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन होता है, लेकिन भारत सरकार ऐसे में बहुत ही सोच-समझकर निर्णय ले रही है। ऐसे में ट्रंप को भी समझना चाहिए कि वह अपनी अनर्गल बयानबाजी पर रोक लगाएं, क्योंकि ऐसी बयानबाजी राष्ट्र और लोगों के हित में नहीं होती है।



## आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

सात जनवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वित्त वर्ष 2025-26 के अग्रिम अनुमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष के मजबूत आर्थिक आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित हुई 7.4 फीसदी वृद्धि दर के बेहतर आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में देश में विभिन्न आर्थिक अनुकूलताएं दिखाई देंगी।

# टैरिफ चुनौतियों के बीच बढ़ती अर्थव्यवस्था

यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ और घटते वैश्विक व्यापार के बीच भारत की अर्थव्यवस्था अनुमान से अधिक बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। 7 जनवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वित्त वर्ष 2025-26 के अग्रिम अनुमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष के मजबूत आर्थिक आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं।

एक्सिस बैंक के मुताबिक आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 7.5 फीसदी के ऊंचे स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगी। वैश्विक निवेश फर्म इन्वेसको के मुताबिक 2026-27 में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। खासतौर से वर्ष 2026 में घरेलू बाजार की मजबूती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। वर्ष 2026 में भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष 2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। वर्ष 2026 में महंगाई घटने, टैक्स सुधार और ब्याज दर में कमी से घरेलू बाजार को रफ्तार से बढ़ने के आधार मिलेंगे। जिस तरह नए ऐतिहासिक वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) सुधारों के तहत 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को स्लैब लागू किया गया है, उसका लाभ वर्ष 2026 से उभरकर दिखने लगेगा। निश्चित रूप से वर्ष 2026 में जीएसटी सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार दिखाई देंगे। इसके साथ ही एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाने वाला नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं के बदलाव ही नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था के कायापलट के साथ अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगा। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 6 जनवरी को प्रकाशित आइआइएफएल कैपिटल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) वर्ष 2026 में ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी कम हो सकती हैं। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की हालिया रिपोर्ट के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों के जून 2026 तक 50 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। सस्ते तेल से महंगाई 3.5 प्रतिशत से नीचे आ सकती है और विकास दर भी 7.45 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। साथ ही आयात बिल में भी कमी आएगी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी भी देखने को मिल सकती है।

ऐसे में वर्ष 2026 में भारतीय उपभोक्ताओं को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीददारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले माह दिसंबर 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई। इस समीक्षा बैठक में कहा गया कि देश में महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर



2.2 फीसदी पर है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। निश्चित रूप से ब्याज दर घटने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी और उपभोक्ता बाजार में चमक बढ़ेगी। इस समय जब भारत 5 जनवरी को ट्रंप के द्वारा भारत के लिए और टैरिफ बढ़ाने की धमकी तथा वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के कारण विदेशी निवेश भी बढ़ेंगे। ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और सर्विस सेक्टर के विकास को बल मिलेगा। निसंदेह वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, बुनियादी ढांचा, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति के कारण देश में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले बढ़कर 14.75 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिसंबर तक 8.44 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यदि हम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत के द्वारा वर्ष 2025 में ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए एफटीए का 2026 में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही नए वर्ष में अमेरिका, यूरोपीय यूनियन पेरू,चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए आकार लेते हुए दिखाई देंगे। इन सबके साथ-साथ नए वर्ष में मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच हुए एफटीए के लाभ वर्ष 2025 की तुलना में अधिक मिलते हुए दिखाई देंगे। वर्ष 2026 में भारतीय शेयर बाजार रफ्तार से आगे बढ़ेगा। बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों का रुझान भारत की ओर बढ़ेगा। एक अप्रैल 2026 से नए श्रम कानून लागू होने से उद्योग-कारोबार व निर्यात बढ़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई देगा।

वर्ष 2026 में भारत के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं हैं, लेकिन भारत को अपनी मजबूत आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच घरेलू खपत बढ़ाने, रोजगार सृजन और राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण के साथ आर्थिक सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित हुई 7.4 फीसदी वृद्धि दर के बेहतर आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में देश में विभिन्न आर्थिक अनुकूलताएं दिखाई देंगी। देश में महंगाई कम रहेगी, सर्विस सेक्टर निर्माण और विनिर्माण गतिविधियां मजबूत होंगी, निजी क्षेत्र की बेलेंस शीट दमदार रहेगी, डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत होगा और कर सुधार व ब्याज दर में कटौती से विकास दर को रफ्तार मिलेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
बाल मुकुन्द ओझा



# कुत्तों का मूड नहीं, इंसानों की जान मायने रखती है

देश की सर्वोच्च अदालत आजकल डॉगलवर और डॉगहेटर की सुनवाई में व्यस्त है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उससे होने वाले हादसों पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह मसला केवल कुत्तों के काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं से भी जुड़ा है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें पेश कर रहे हैं। अदालत में कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दिलचस्प और अनूठी बहस सुनने को मिल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि यह नहीं पढ़ा जा सकता कि कोई कुत्ता कब काटने के मूड में है और कब नहीं। बहस के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुत्ते सड़कों पर नहीं होते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ने नाराज होते हुए कहा कि लगता है आपकी जानकारी पुरानी है। अदालत ने माना कि किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना संभव नहीं है कि कोई कुत्ता कब शांत रहेगा और कब अचानक आक्रामक हो सकता है। कुत्तों पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी रही।

गौरतलब है 7 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी दफ्तर और खेल परिसरों जैसे संवेदनशील स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में पिछले वर्ष कुत्तों के काटने के 37 लाख केस दर्ज हुए। इनमें 74 मौतें रेबीज से हुई। इस तरह दस हज़ार से अधिक लोग प्रतिदिन कुत्तों से काटने के शिकार हुए। हालांकि कोर्ट के फैसलों का जानवर प्रेमी लोगों ने विरोध किया है। देखा गया है कि देशभर के छोटे नगरों से लेकर बड़े मैट्रो शहरों में आवारा पशुओं के कातिलाना कहर की खबरें अक्सर मीडिया में सुर्खियां बनती रहती हैं, फिर भी उन पर लगाम नहीं कसी जा रही। सही तो यह है कि आवारा पशुओं का यह मुद्दा हमें देखने में छोटा लगता है, लेकिन है बड़ा गंभीर। आवारा कुत्ते भी लोगों की नाक में कम दम नहीं करते। बच्चे तो उन के डर से घर से बाहर तक नहीं निकल पाते। अब तो शहरों में गाय, भैंस या सांड ही क्यों, बंदरों का खौफ भी देखा जा रहा है। अस्पतालों में कुत्तों के अलावा बंदरों के काटने के बहुत से मामले सामने आने लगे हैं। आवारा पशुओं की समस्या पूरे देश में विकराल रूप ले रही है। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोष लोग अपने हाथ-पैर तुड़वाने को मजबूर हैं तो वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। शहरी इलाकों में कुत्तों के साथ गायों के झुंड विचरण करते मिल ही जाएंगे। इस कारण न केवल लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलती है। इन पशुओं से एक्सीडेंट की भी समस्या बढ़ रही है। गायों तथा सांडों के बड़े झुंड, बाजारों, गलियों, मुख्य सड़कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सरेआम टहलते हुए राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। आवारा पशुओं की भरमार एवं उनके आतंक के कारण रहवासियों को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। बाजार क्षेत्र सहित संकरी गलियों में कुत्तों, सांडों व आवारा पशुओं का निरंकुश होकर घूमना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इनके आपस में झगड़ने के कारण कई बुजुर्ग-महिलाएं एवं बच्चे भी इनकी चपेट में आने के कारण चोटिल हो जाते हैं। अक्सर खाद्य व सब्जी आदि की दुकानों पर भी यह मुंह मारते रहते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में समुचित सफाई नहीं होने और जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहने से वहां आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। भयावह स्थिति तब बन जाती है, जब ये आवारा मवेशी मार्गों के किनारे लगे कचरे के ढेरों पर आपस में झगड़ते हैं।

कई बार तो बाजार क्षेत्र में भी इनके आपस में झगड़ने से यातायात बाधित होता है। दिन हो या रात, आवारा पशु सड़क पर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को वाहन रोककर इन्हें हटाना पड़ता है, तब आगे का रास्ता खुलता है। आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। शहरी क्षेत्रों के मुख्य बाजार और कॉलोनियां के मार्गों पर जाकर अठखेलियां करने लगते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं जिसके चलते प्रतिदिन कोई ना कोई दुर्घटना घटती रहती है। स्थिति रात के समय और भी घातक हो जाती है। इन आवारा पशुओं में से कुछ का रंग काला होने की वजह से किसी भी वाहन चालक के लिए दूर से इन्हें देख पाना बहुत मुश्किल होता है। कई वाहन चालक इनका शिकार बनकर मौत के मुंह में समा चुके हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# किसी भी कार्य में अपना सौ प्रतिशत लगाएं



संकलित
## दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता का महत्व



संकलित
## प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## सटाका




## आज की पाती


### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या?

*- संजय पटेल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### एआई पर चर्चा



भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा हुई। यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने भारत द्वारा एआई की दुनिया को बदलने के प्रयासों के बारे में अपने दृष्टिकोण और कार्यों को साझा किया।

- नरेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री

### अमर्यादित टिप्पणी



नेता प्रतिपक्ष सुश्री आतिशी द्वारा सदन में गुरु तेग बहादुर पर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी से मैं आहत हूं और इसकी कड़ी निंदा करती हूं। इस मर्यादाहीन टिप्पणी से सिख समाज के साथ-साथ देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अपराधियों को संरक्षण



मेरठ में माँ की हत्या और बेटी को उठाकर ले जाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देते-देते आज जिस स्तर पर पहुँच गयी है, वहाँ से वापस नहीं लौट सकती क्योंकि अपराधी उनके राज़ खोल देंगे।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### युद्ध नशे के विरुद्ध



आज पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' सिर्फ़ नारा नहीं, ज़मीनी हकीकत है। पहले दूसरी पार्टियों के नेताओं के रिश्तेदार नशा बेचते थे, कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करता था। आज आम आदमी पार्टी की सरकार ने बड़े-बड़े नशा तस्करों को भी जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर


# सोमालिया को जारी सहायता निलंबित



अमेरिका ने सोमालिया की संघीय सरकार को दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता निलंबित कर दी है। विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि सोमाली अधिकारियों ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के एक अमेरिकी वित्तपोषित गोदाम को ध्वस्त कर दिया और गरीब नागरिकों के लिए निर्धारित 76 मीट्रिक टन खाद्य सहायता जब्त कर ली। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ट्रंप प्रशासन जीवनरक्षक सहायता की बर्बादी, चोरी और दुरुपयोग के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाता है। बयान में कहा गया, विदेश मंत्रालय ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी मौजूदा अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की बहाली इस बात पर निर्भर करेगी कि सोमाली संघीय सरकार अपने अस्वीकार्य कृत्यों की जिम्मेदारी लेती है और उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाती है। यह निलंबन ऐसे समय में किया गया है जब ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में सोमाली शरणार्थियों और प्रवासियों की आलोचना तेज कर दी है। इसमें मिनेसोटा में बाल देखभाल केंद्रों से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामलों को लेकर व्यापक रूप से प्रचारित करने के आरोप भी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# 2026 में दक्षिणी आकाश में होंगी कई खगोलीय घटनाएं



वर्ष 2026 में दक्षिणी आकाश में खगोलीय घटनाओं की भरमार रहेगी- अनुकूल समय पर पूर्ण चंद्रग्रहण, ब्लू मून और सुपरमून, दो सबसे चमकीले ग्रहों का एक-दूसरे के बेहद करीब आना और दिन के समय चंद्रमा के पीछे बृहस्पति का ओझल होना खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र होंगे। इनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी घटनाएं सामान्य आंखों से देखी जा सकेंगी, यहां तक कि प्रकाश प्रदूषण वाले शहरों में भी। इन खास घटनाओं के अलावा, हर साल की तरह उल्का वर्षा और रात को तारामंडलों की परेड भी देखने को मिलेगी। हालांकि इन्हें ग्रामीण और अंधेरी जगहों से देखना बेहतर होता है, लेकिन इनमें से कई शहरों से भी दिखाई देंगी। वर्ष की कुछ प्रमुख खगोलीय घटनाओं का विवरण इस प्रकार है। मार्च, मई और दिसंबर में चंद्रमा की हलचल मंगलवार, तीन मार्च की शाम को चंद्रग्रहण होगा। इस दौरान पूर्णिमा का चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करेगा और लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई दे सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य के प्रकाश को परावर्तित कर चंद्रमा तक पहुंचाता है और यह प्रकाश लाल रंग का होता है-जो दुनिया भर के सूर्योदय और सूर्यास्त की आभा जैसा होता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

26.5 टन प्रतिबंधित मांस से भरा ट्रक पकड़ने के बाद हिंदू संगठन ने किया था जमकर हंगामा

# फॉरेंसिक रिपोर्ट में प्रतिबंधित मांस की हुई पुष्टि, नगर निगम ने किया स्लॉटर हाउस सील, संचालक और कंटेनर चालक पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट में जब्त कंटेनर में प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि के बाद गुरुवार को भोपाल नगर निगम ने जहांगीराबाद स्थित स्लॉटर हाउस को सील कर दिया। दरअसल, 17 दिसंबर को हिंदू संगठन ने पुलिस मुख्यालय के पास मांस से भरा कंटेनर पकड़ा था। कंटेनर में 26.5 टन मांस था। हिंदू संगठन का आरोप था कि यह प्रतिबंधित मांस है और विदेश भेजा जा रहा है। पुलिस ने मांस का सैंपल फॉरेंसिक लैब भेजा, वहां प्रतिबंधित मांस होने की पुष्टि हो गई। जहांगीराबाद पुलिस ने स्लॉटर हाउस संचालक और कंटेनर चालक पर प्रकरण दर्ज किया गया।

- 17 दिसंबर को हिंदू संगठन ने पुलिस मुख्यालय के पास मांस से भरा कंटेनर पकड़ा था
- जब्त मांस के सैंपल जहांगीराबाद स्थित राज्य पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सकों ने लिए
- जब्त मांस जांच के लिए मथुरा स्थित वेटरनरी कॉलेज की फोरेंसिक लैब भेजा



नगर निगम ने जहांगीराबाद स्थित स्लॉटर हाउस को किया सील।

### देर रात रोका था ट्रक

17 दिसंबर की देर रात चंद्रशेखर तिवारी और भानु हिंदू के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पुलिस मुख्यालय के पास जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में मेरठ नंबर के एक कंटेनर को रोका था। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि कंटेनर में प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा है। उनका यह भी कहना था कि जिन्सी स्थित स्लॉटरहाउस से प्रतिबंधित मांस देश के अलग-अलग हिस्सों और विदेशों तक सप्लाई किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर के साथ मांस के पैकेट जब्त कर लिए। पुलिस जांच में सामने आया कि कंटेनर में करीब 26.5 टन मांस था। जब्त मांस के सैंपल जहांगीराबाद स्थित राज्य पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सकों ने लिए और जांच के लिए मथुरा स्थित वेटरनरी कॉलेज की फोरेंसिक लैब भेजे गए। बुधवार को आई रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि मांस गाय या उसके वंश का है।

### संचालक से पूछताछ जारी

पुलिस ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि जब्त खेप का संबंध लाइवस्टॉक फूड प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड से है। यह नगर निगम के जिंसी स्लॉटरहाउस का संचालन करती है। स्लॉटरहाउस के संचालक आसलम कुरैशी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। वहीं कंटेनर चालक शोएब, निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस मांस की सप्लाई चेन, उसके स्रोत, पैकिंग और परिवहन से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### मांस के सैंपल गाय या उसके वंश के होने की पुष्टि

फॉरेंसिक रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि मांस के सैंपल गाय या उसके वंश के हैं। इसके आधार पर आसलम कुरैशी उर्फ चमड़ा, कंटेनर चालक शोएब और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 5 और 9 तथा भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**मान सिंह चौधरी**, थाना प्रभारी जहांगीराबाद

## खबर संक्षेप



### कथावाचक ने भोले बाबा की सुनाई अमर कथा

**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर शिवमंदिर परिसर में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथावाचक राजेंद्र शास्त्री ने भोले बाबा कि अमर कथा सुनाई। इस दौरान भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल एकादशी महिला मंडल की अनिता पांडे, निर्मला शर्मा, कुसुम शर्मा, बबली शर्मा, सुनिता सैनिक, राजभाषा मल्होत्रा यादव, समिति अध्यक्ष आरती यादव, जेपी शर्मा, इंग्लैश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, पार्षद भारती सेठी, पूजा लोधी, प्रियंका गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### नए कर्मचारियों के प्रोबेशन पीरियड में वेतन कटौती अवैध

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नए कर्मचारियों के प्रोबेशन पीरियड में उनकी वेतन कटौती को अवैध ठहराया है। जस्टिस विवेक रूसिया एवं जस्टिस दीपक खोत की डिवीजन बेंच ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 12 दिसंबर 2019 को जारी सर्कुलर को भी निरस्त कर दिया, जिसमें प्रोबेशन पीरियड के दौरान कर्मचारियों के वेतन कटौती का प्रावधान किया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि प्रोबेशन काल के दौरान कर्मचारी को पूर्ण (शत प्रतिशत) वेतन देना होगा। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी का प्रोबेशन के दौरान वेतन काटा गया है, तो उसका भुगतान करें। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जब सरकार कर्मचारियों से 100 फीसदी काम ले रही है तो आखिर उनका वेतन कैसे काटा जा सकता है। वाड़ा निवासी आदित्य मिश्रा सहित कई जिलों के कर्मचारियों ने याचिका दायर कर प्रोबेशन पीरियड के दौरान वेतन कटौता को चुनौती दी थी। याचिकाओं में कहा गया कि शासन के उक्त परिपत्र में प्रावधान है कि सरकार की नई भर्तियों में कर्मचारियों को पहले साल 70 प्रतिशत, दूसरे साल 80 और तीसरे साल 90 फ़ीसदी वेतन दिया जाएगा। चौथे वर्ष से नियमित होने पर पूरा वेतन दिया जाएगा।

### सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. राजेश मिश्रा का निधन

**भोपाल।** 1998 बैच के मप्र कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा का गुरूवार को निधन हो गया। वे करीब 67 वर्ष के थे और स्वस्थ थे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेश मिश्रा का प्रशासनिक जीवन कर्तव्यनिष्ठा, जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। शुक्ल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने व शोकाकुल परिजनों, सहयोगियों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1683 | | |
| दिन: | 488 | 04 | 158 |
| रात: | 136 | 01 | 245 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 347 | 48 | 134 |
| रात: | 158 | 48 | 378 |

## छत से गिरकर छात्रा की मौत का मामला

# परिजन ने लगाया दोस्त पर हत्या का आरोप, नर्मदापुरम रोड पर चक्काजाम

*चूनाभट्टी स्थित पारिका सोसाइटी में भूमि होम स्टे से गिरकर हुई थी मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी स्थित पारिका सोसाइटी में भूमि होम स्टे में बुधवार सुबह छत से गिरकर हुई मौत के बाद पुलिस ने छात्रा का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। गुरुवार दोपहर परिजन छात्रा का शव अंतिम संस्कार के लिए बागसेवनिया स्थित श्मशान घाट ले जा रहे थे। इससे पहले परिजन ने दानिश नगर चौराहा पर शाम करीब चार बजे शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन ने उसके दोस्त पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है और उसकी गिरफ्तारी की मांग की। चक्काजाम की सूचना मिलते ही बागसेवनिया पुलिस मौके पर पहुंची और परिजन को समझाइश दी गई। पुलिस की समझाइश के बाद परिजन का गुस्सा शांत हो सका।

उल्लेखनीय है कि प्रिया पिता कैलाश मेहरा (22) ईश्वर नगर, बावड़िया कला में रहती थी और नूतन कॉलेज में पढ़ती थी। बुधवार सुबह वह कॉलेज जाने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन वह अपने दोस्त तुषार के किराए स्थित कमरे पर पहुंची थी। वहां दोपहर करीब बारह बजे के आसपास वह छत से नीचे गमले के पास गिरी थी। तुषार उसे तत्काल जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर प्रिया को मृत घोषित कर दिया। प्रिया की मौत होने का पता चलते ही तुषार अस्पताल से फरार हो गया।


दानिश नगर चौराहा पर शाम करीब चार बजे शव रखकर प्रदर्शन करते परिजन।

### भूमि होम स्टे में काम करता है तुषार

पुलिस ने बताया कि तुषार की तलाश की जा रही है। उसका मोबाइल बंद है। प्राथमिक जांच में पता चला कि तुषार भूमि होम स्टे में काम करता है और करीब छह साल से यहीं रह रहा था। यहां अक्सर तुषार से मिलने प्रिया आती थी। बुधवार को भी प्रिया मिलने पहुंची थी। छत पर दोनों के बीच विवाद होते कुछ लोगों ने देखा था। इसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में प्रिया मेहरा छत से नीचे गिर गई।

## जहांगीराबाद में चौथी मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बैंक कॉलोनी में चौथी मंजिल से गिरकर सेकंड ईयर की छात्रा की मौत हो गई। उसने आत्महत्या की या फिर वह गलती से गिर गई। पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार अंजली साहू पिता शरद साहू (20) बैंक कॉलोनी जहांगीराबाद में अपनी नानी के घर रहती थी। वह नवीन कॉलेज में सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। अंजली के माता-पिता की आपस में नहीं बनती है। लिहाजा वह बचपन से ही नानी के घर रह रही थी। नानी ने पुलिस को बताया कि गत 6 जनवरी मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अंजली चौथी मंजिल की छत पर बच्ची किराएदार की बच्ची के साथ खड़ी थी। तभी अचानक नीचे गिर गई। करीब चालीस फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। एक दिन बाद 7 जनवरी बुधवार दोपहर करीब तीन बजे अंजली की मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नानी के बयान दर्ज करने चाहे, लेकिन वह शोकाकुल थी और कुछ बता नहीं सकी। पुलिस उसके साथ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं से पूछताछ करेगी।

# पेट मित्र क्लीनिक में एक घंटे के अंदर दो डॉग की मौत, संचालक सहित स्टाफ पर एफआईआर

### चूनाभट्टी थाना क्षेत्र के सी सेक्टर स्थित पेट मित्र एडवांस पेट क्लीनिक का मामला

- *डॉग मालिक का आरोप, बिना डिग्री के कर रहे थे पेट का इलाज*
- *डॉक्टर ने डॉग का गलत इलाज किया, जिससे उनकी मौत हुई*

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर में पेट मित्र एडवांस पेट क्लीनिक में एक घंटे के भीतर दो डॉग की मौत का मामला सामने आया है। डॉग के मालिक डॉग का इलाज कराने यहां पहुंचे थे। उनका आरोप है कि डॉक्टर ने डॉग का गलत इलाज किया, जिससे डॉग की मौत हो गई। डॉग की गलत इलाज से मौत होने की जानकारी मिलते ही पेट लवर मालिक के साथ थाने पहुंची और वहां शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पेट मित्र क्लीनिक के संचालक सहित स्टाफ पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के अनुसार आदित्य वंशकार (26) ग्यारह सौ क्वार्टर, हबीबगंज में रहते हैं। खजूरी निवासी शशांक मिश्रा के साथ उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि बुधवार दोपहर वह डॉग को लेकर पेट मित्र एडवांस पेट क्लीनिक पहुंचे। आदित्य का जर्मन सेफर्ड था और 8 साल का था। इसी प्रकार शशांक का पग प्राजाति का डॉग था। क्लीनिक में डॉक्टर विशाल जायसवाल आौर स्टाफ ने डॉग का इलाज किया। एक घंटे के भीतर दोनों डॉग की मौत हो गई। आदित्य और शशांक का आरोप है कि उनके डॉग का लापरवाही पूर्वक इलाज किया गया, जिससे डॉग की मौत हो गई।

### सफाईकर्मी दे रहे थे एनेस्थीसिया

इधर, घटना की जानकारी पेट लवर को मिली। वे पहले क्लीनिक पहुंचे और वहां बातचीत की। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पेट लवर और डॉग मालिक का आरोप है कि यहां बिना डिग्री के डॉग का इलाज किया जा रहा है। सफाइकर्मी द्वारा एनेस्थीसिया दिया जा रहा है। इससे डॉग की मौत हुई है। पुलिस ने क्लीनिक संचालक डॉक्टर विशाल जायसवाल और स्टाफ के लिए मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों डॉग का शव पीएम के लिए भेज दिए है। पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

# सीएम हाउस में डॉग ने मास्टर और बावर्ची पर किया हमला, हाथ-पैर में दोनों को काटा

### जेपी अस्पताल में दोनों का हुआ इलाज, रैबिज का डॉक्टर ने लगाया इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री आवास में डॉग बाइट का मामला सामने आया है। आवास के भीतर पातलू डाग ने दोनों लोगों को निशाना बना लिया। डॉग मास्टर और बावर्ची पर किया हमला। उनके हाथ-पैर में दोनों के काटा है। डॉग बाइट की घटना के बाद दोनों को जेपी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने रैबिज का इंजेक्शन लगा है।

जानकारी के अनुसार सीएम आवास में सुबह के समय की घटना है। डॉग का केयरकेटर उसके पास बैठा था। इसी दौरान बावर्ची भी निकले। डॉग अचानक उन पर हमला कर दिया। बावर्ची को बचाने आए केयरटेकर को भी काट लिया। दोनों डाग के हमले से घायल हो गए। सीएम आवास में तैनात स्टाफ ने तुरंत ही अस्पताल में डॉक्टर के पास इलाज के लिए भेजा। बताया जाता है कि छोटे में वह कहीं से गिर गया था, जिसके बाद उसकी मानसिक हालत खराब रहती है। उसके लिए मास्टर रंजीत की तैनाती रहती है। वहीं डॉग की सेहत का ध्यान रखते हैं। वहीं कृपाशंकर मिश्रा मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री का खाने की व्यवस्था देखते हैं।

### जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित

## विकास कार्यों की प्रगति जानी समय पर पूर्ण करने के निर्देश

*विधायक चौधरी भी बैठक में हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में आयोजित जिला कोर कमेटी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की अहम बैठक में सहभागिता की। बैठक में शासन की प्रमुख प्राथमिकताओं, जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति तथा समय पर पूर्ण करने पर विचार-विमर्श किया गया, साथ ही अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए।

इस बैठक में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, जिला विकास एवं समन्वय समिति सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


विधायक पटवा के साथ अन्य अतिथि।

### हिंदू सम्मेलन का हुआ शंखनाद, घर-घर जा कर दिया आमंत्रण

**औबेदुल्लागंज।** 11 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर है। दशहरा मैदान में भूमि पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। इसी क्रम में गुरुवार को घर-घर पहुंच कर आमंत्रण देकर हिंदू एकता को बढ़ावा दिया गया और लोगों से बड़ी संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की गई।

गुरुवार को ढोल बाजों के साथ वार्ड 10, 11, 12 अर्जुन बस्ती में घर-घर जाकर हिंदू सम्मेलन के कार्यकर्ताओं ने लोगों से संपर्क किया और हिन्दू एकता पर जोर दिया। 9 और 10 जनवरी को अपने-अपने घर के सामने रंगोली बनाने, दीपक जलने और 11 जनवरी को कार्यक्रम में आयोजित भंडारे में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

गुजरात के राजकोट में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# जिले के 30 विद्यार्थी राष्ट्रीय कथा शिविर में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ऋषभ और लीलाकिशन कक्षा 11वीं के शासकीय सांदीपनि विद्यालय औबेदुल्लागंज के विद्यार्थी हैं। जो सीमा सोनपुरे के साथ शिविर में भाग लिया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सीमा सोनपुरे ने बताया कि गुजरात के राजकोट में वैदिक मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 26 से राष्ट्रीय कथा शिविर में जिले के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर 27 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक चला। इसमें पूरे देश के करीब 21,000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में देश भक्ति और अनुशासन की भावना को मजबूती देना था।

शिविर में स्वामी धर्मबंधु द्वारा राष्ट्र कथा के अंतर्गत देश को स्वतंत्र करने में दी गई कुर्बानियों को बताया। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को 2047 तक पूर्ण करने की बात कही गई, जो प्रधानमंत्री का सपना है। रायसेन जिले के 30 बच्चों को शिक्षिका सीमा सोनपुरे एवं सिलवानी के शिक्षक अजय चौरसिया साथ में गुजरात गए और शिवर के समाप्त होने पर पुनः वापस आ गए। शिविर में भारतीय सेना, नौसेना और अन्य अर्ध सैनिक बलों ने परेड व प्रदर्शनी का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को अडालज बावड़ी, अक्षरधाम मंदिर और स्टैच्यु ऑफ यूनिटी का भ्रमण कराया गया।


स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण के दौरान फोटो शूट कराते विद्यार्थी।

### किसान जन आंदोलन यात्रा से राजनीति गरमाई

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस पार्टी का किसान जन आंदोलन यात्रा औबेदुल्लागंज आने से कांग्रेस की राजनीति गरमा गई है। सरदार हरजीत सिंह मंगू एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रतिपक्ष नेता एवं पार्षद राजेश खटीक के नेतृत्व में अल्पसंख्यक नेताओं द्वारा किसान जन आंदोलन यात्रा का भव्य स्वागत करने से कांग्रेस में खलबली मच गई है। हरजीत सिंह मंगू ने बताया कि कांग्रेस में सभी लोगों को सम्मान मिलता है एवं कांग्रेस हिन्दू अल्पसंख्यक आदिवासीयों का सम्मान करती है। कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए सभी को साथ लेकर चलती है।



### विधायक रामेश्वर ने गेहानी निवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की

# शिक्षाविद गेहानी की अंतिम यात्रा में उमड़े लोग, बड़ी संख्या में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

नव युवक सभा, साधु वासवानी स्कूल के पूर्व अध्यक्ष व कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए शिक्षाविद विष्णु गेहानी का दाह संस्कार वैकुंट धाम, विश्राम घाट, संत हिरदाराम नगर में किया गया। इससे पूर्व अंतिम यात्रा निवास स्थान से शुरू हुई।

सर्वप्रथम संत वासुराम दरबार में माथा टेककर, इसके बाद साधु वासवानी स्कूल पहुंची जहां सैकड़ों की तादाद में शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद अंतिम यात्रा संत हिरदाराम साहिब की कुटिया पर पहुंची, वहां माथा टेका गया। जहां सिद्ध भाऊ ने कुटिया की ओर से पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद यात्रा गेहानी जी की कर्मस्थली नवयुवक सभा स्कूल पहुंची, जहां गेहानी जी प्रतिदिन शाम 5 बजे स्कूल में स्थित मंदिर में आरती करते थे वहां माथा टेका और स्कूल परिवार द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां से अंतिम यात्रा पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय पहुंची जहां पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद अंतिम यात्रा वैकुंट धाम श्मशान घाट पहुंची जहां उनका दाह संस्कार किया गया।


गेहानी निवास पर शिक्षाविद विष्णु गेहानी को श्रद्धांजलि अर्पित करते रामेश्वर।

### बड़े पुत्र ने दी मुखाग्नि

विष्णु गेहानी के बड़े पुत्र दिलीप गेहानी, ललित गेहानी, धर्मेन्द्र गेहानी व कमलेश गेहानी ने मुखाग्नि दी। इसके बाद पंचायत द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। संत हिरदाराम साहिब की कुटिया की ओर से हीरो ज्ञानचंदानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, नवयुवक सभा अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पूर्व क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा, गेहानी निवास पर पहुंचे जहां उन्होंने गेहानी जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सचिव महेश के प्रयासों से मिला लाभ

# सामाजिक सरोकार: 32 बालिकाओं के बनाए राशन कार्ड, मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी के अथक प्रयासों से निर्मला सगदेव वनवासी बालिका छात्रावास, ई-7 भोपाल की 32 बालिकाओं के राशन कार्ड बनाए गए, जो कि प्रत्येक माह 24,000 रुपए का नियमित राशन प्रदान किया जाता रहेगा। यह सहयोग न केवल बालिकाओं की भोजन व्यवस्था का संबल है, बल्कि उनके शिक्षा, संस्कार, आत्मबल एवं उज्ज्वल भविष्य को सशक्त करने का योगदान है। इस अवसर पर समाजसेवी हीरो भाऊ, कृष्णकांत पुरोहित, नरेंद्र भाई, प्रीतक ओझा, सुमित भाई, दिनेश भाई सहित निर्मला सगदेव बनवासी बालिका छात्रावास की अनीता चावला, आशा श्रीवास्तव, अधीक्षिका शिवा राजपूत एवं मनोज कीर विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सभी बालिकाओं को अल्पाहार कराया गया।



# जहांनुमा में भोपाली ले रहे अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का स्वाद




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की जहांनुमा होटल में लाइफ स्टाइल डेस्क एक बार फिर अपने मेहमानों के लिए लेकर आया है अंतरराष्ट्रीय स्वादों का शानदार अनुभव। इस बार होटल यहां आयोजित हो रहा है एक विशेष थाई फूड फेस्टिवल, जिसमें शामिल हो रही हैं प्रसिद्ध थाई क्यूलिनरी स्पेशलिस्ट शेफ तान्या जो अपने साथ थाईलैंड की पारंपरिक पाक-कला और प्रामाणिक स्वादों की समृद्ध विरासत प्रस्तुत कर रही हैं।

## शेफ तान्या लाईं खास थाई फूड फेस्टिवल


स्वादिष्ट व्यंजन।

### प्रामाणिक थाई स्वादों की झलक

थाई व्यंजनों की गहरी समझ और वर्षों के अनुभव के साथ शेफ तान्या सुगंधित जड़ी-बूटियों, तीखे मसालों और नाजुक बनावट का ऐसा संतुलन रचती हैं, जो हर डिश को एक यादगार अनुभव में बदल देता है। पारंपरिक थाई रेसिपीज़ को आधुनिक अंदाज़ में पेश करने की उनकी खास शैली, मेहमानों को थाईलैंड की गलियों और रसोईयों की स्वादिष्ट यात्रा पर ले जाती है।

## मेन्यू में क्या है खास?

इस फेस्टिवल का विशेष मेन्यू ताज़गी, प्रामाणिकता और बेहतरीन कारीगरी का अनूठा संगम है। मेन्यू में शामिल हैंः क्रिस्पी पालक विद थाई रोस्ट चिली सॉसचियांग माई गाई यांग (लेमनग्रास के साथ ग्रिल्ड चिकन) क्लासिक थाई क्रैब ऑमलेटटॉम यम और टॉम खा सूपसोम टम (पपाया सलाद) पैड थाईखाओ सोई चियांग माईरेड और ग्रीन थाई करी।

### डेजट में मीठा पानदान डंपलिंग्स

मेहमानों के लिए ग्रिल्ड पाइन एप्पल विद वनीला आइसक्रीम खानॉम टॉम (पानदान डंपलिंग्स) रेड रूबीज़ताज़ा तैयार टेंडर कोकोनट और लेमनग्रास जेलाटो।

### खाने के शौकीनों के लिए खास दावत

शेफ तान्या के इस विशेष थाई मेन्यू के साथ टीएओ सभी फ़ूड लवर्स को थाईलैंड के असली, ताज़ा और फ्लेवरफुल स्वादों का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करता है । यह फेस्टिवल थाई संस्कृति और परंपरा का भी उत्सव है।



यह फेस्टिवल थाई संस्कृति और परंपरा का भी उत्सव

## गुलाब बगीचा प्रदर्शनी में आईं 65 प्रविष्टियां, शुभारंभ कल



# इस बार गुलाब प्रदर्शनी में महकेंगे अलंका लेजरफील्ड, लव रोज जैसे कई आकर्षक गुलाब

## मध्य प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे गुलाब और सजावटी पौधे




प्रदर्शनी के लिए कई जिलों से आए सुंदर सुंदर फूलों के विभिन्न प्रकार के सजावटी पौधे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गुलाब उद्यान में 10 और 11 जनवरी को आयोजित होने वाली गुलाब प्रदर्शनी के अंतर्गत 'गुलाब बगीचा' प्रतियोगिता में भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों से कुल 65 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। प्रदर्शनी में इस बार अलंका, लेजरफील्ड, लव रोज़ सहित कई आकर्षक किस्मों के गुलाब देखने को मिलेंगे। गुलाब के पौधों की कीमत 100 से लेकर 1500 रुपए तक रखी गई है। इस प्रतियोगिता में शामिल गुलाब बगीचों का गुरुवार को रोज सोसायटी और उद्यानिकी विभाग की छह संयुक्त टीमों द्वारा निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया।


'गुलाब बगीचा' में पहुंचे आकर्षक गुलाब के पौधे।

### घरों में लगे गुलाबों का भी होगा प्रदर्शन

घरों में गमलों में लगाए गए गुलाबों का प्रदर्शन भी गुलाब उद्यान परिसर में किया जाएगा। इसके लिए गुलाब उत्पादक में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक गुलाब उद्यान में अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही 10 जनवरी को कट-फ्लावर (कटे हुए फूलों) का विशेष प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा।

### 10 जनवरी को शुभारंभ, 11 को पुरस्कार वितरण

गुलाब प्रदर्शनी का औपचारिक शुभारंभ 10 जनवरी को समारोह किया जाएगा। वहीं 11 जनवरी को प्रतियोगिता में चयनित विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

### राज्य सरकार फूल उत्पादन को बढ़ावा देने में जुटी

गुलाब उद्यान के अधिकारी मुफजिल सैफी ने बताया कि राज्य सरकार फूलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में भोपाल से 40 किमी के दायरे में विकसित गुलाब उद्यानों की 65 प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। गुरुवार को विशेषज्ञ टीमों ने इन उद्यानों का मौके पर जाकर मूल्यांकन किया।


### मध्य प्रदेश भर से मंगाए गए नर्सरी पौधे

दो दिवसीय पौधों की प्रदर्शनी के लिए मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से पौधों के विक्रेता पहुंचे हैं। खजूरी से आए फूल और पौधों के विक्रेता शंकर मैती ने बताया कि गुलाब की कई किस्में कोलकाता से मंगाकर खजूरी में रोपी जाती हैं, जिन्हें प्रदर्शनी में लाया गया है।



# बने फिरते जो पक्के यार जो गद्दार निकलेंगे...

## तुलसी साहित्य अकादमी की सृजन श्रृंखला 51 में 29 कवियों ने किया काव्यपाठ


पुस्तक सुंदर लाल प्रजापति की शायरी पार्ट-2 का लोकार्पण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी सृजन श्रृंखला 51, के अंतर्गत अजय अज्ञात, फरीदाबाद का सारस्वत अभिनंदन एवं वीर रस की रचनाओं पर केंद्रित काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मोहन तिवारी आनंद ने की। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गजलकार अजय अज्ञात फरीदाबाद, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश तिवारी, सारस्वत अतिथि डॉ.सुरेश पटवा एवं अशोक निर्मल रहे। सर्वप्रथम डॉ.राजेश तिवारी ने मां सरस्वती की वंदना का पाठ किया। इसके बाद सुंदर लाल प्रजापति की सद्य प्रकाशित पुस्तक सुंदर लाल प्रजापति की शायरी पार्ट-2 का लोकार्पण किया गया।

प्रजापति ने लोकार्पित कृति से ही देशभक्ति पूर्ण रचना का पाठ किया। इस क्रम 29 रचनाकारों ने काव्यपाठ किया। इनमें जगत शर्मा ने रचना सुनाई...बने फिरते जो पक्के यार जो गद्दार निकलेंगे, यही मुखबिर तुम्हारे दुश्मनों के यार निकलेंगे। इनके बाद सुनीता शर्मा सिद्धी, सरदार मलिक सिंह, लक्ष्मीकांत जवणें, दीपक पंडित, डॉ. शिव कुमार दीवान, दिल्ली से आए प्रमोद शर्मा आदि ने रचना पाठ किया।

### रवीन्द्र भवन में 20 से 22 मार्च और 29 को अंतिम नाट्य की होगी प्रस्तुति

# इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवलः रंगमंच के सितारों से गुलजार होगा भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल एक बार फिर रंगमंच के चमकते सितारों का साक्षी बनने जा रहा है। रंग थियेटर कल्चरल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित इंडीमून्स आर्ट्स फेस्टिवल 2026 इस वर्ष भी शहर के कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण लेकर आ रहा है।

यह फेस्टिवल 20 मार्च से 22 मार्च तक और अंतिम नाट्य प्रस्तुति 29 मार्च को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में प्रतिदिन शाम 7 बजे से आयोजित होगा।

फेस्टिवल के संयोजक एवं रंग थियेटर के निदेशक बिजॉन मंडल ने बताया कि पिछले वर्ष दर्शकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद इस बार भी वही संवेदनशीलता, वैचारिक गहराई और कलात्मक उत्कृष्टता के साथ आयोजन किया जा रहा है।

### दिन में परिचर्चा, शाम को रंगोत्सव

फेस्टिवल के दिन के सत्रों में रंगमंच, सिनेमा और कलाओं पर केंद्रित परिचर्चाएं होंगी, जिनका संयोजन क्लब लिटरेटी की सीमा रायज़ादा करेंगी। शाम के सत्रों में 'पूर्वरंग' के अंतर्गत युवाओं के लिए ओपन माइक का आयोजन होगा, जिसमें प्रतिभागी अपनी कला प्रस्तुत कर सकेंगे। पूर्वरंग का विशेष आकर्षण ग्वालियर के सिंधिया स्कूल के विद्यार्थियों की ब्रास बैंड प्रस्तुति होगी। चार नाटकों की खास पेशकश फेस्टिवल में चार चर्चित नाटकों का मंचन होगा। 20 मार्च को राकेश बेदी का वन-मैन शो 'मसाज', 21 मार्च को संजय मिश्रा अभिनीत 'घासीराम कोतवाल', 22 मार्च को नितीश भारद्वाज का दार्शनिक नाटक 'चक्रव्यूह',और 29 मार्च को शेखर सुमन द्वारा प्रस्तुत 'एक मुलाकात' दर्शकों को भावनात्मक और वैचारिक यात्रा पर ले जाएंगे।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन आज डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह और राष्ट्रीय संगोष्ठी का करेंगे शुभारंभ

## प्रसिद्ध पुरातत्वविद् पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 9 जनवरी को सुबह 11 बजे, कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में प्रतिष्ठित डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह में 19वां डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय पुरस्कार से प्रसिद्ध पुरातत्वविद् पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल को सम्मानित करेंगे। संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय की ओर से यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन 9 से 11 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है।

भारत के विरासत एवं ज्ञान परिदृश्य में यह राष्ट्रीय आयोजन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसमें देशभर से प्रख्यात विद्वान, वरिष्ठ प्रशासक, नीति-निर्माता, शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं विरासत क्षेत्र के विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश की धरोहर प्रशासन, अंतर्विषयक अनुसंधान एवं वैज्ञानिक संरक्षण पद्धतियों में बढ़ती भूमिका को प्रतिबिंबित करता है।

पुरातत्वविद् डॉ. मठपाल को यह सम्मान पुरातत्व एवं शैल-चित्र अध्ययन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। डॉ. मठपाल एक वरिष्ठ पुरातत्वविद्, चित्रकार, क्यूरेटर एवं शैल-चित्र संरक्षण विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने पश्चिमी घाट, हिमालय, विंध्य एवं कैमूर पर्वत श्रृंखलाओं में 400 से अधिक प्राचीन गुफाओं की खोज की है। शैल-चित्र संरक्षण की वैज्ञानिक पद्धतियों के विकास में उनके योगदान ने भारत की प्रागैतिहासिक विरासत के अध्ययन एवं संरक्षण को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा प्रदान की है।

संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात विचारकों एवं विशेषज्ञों की ओर से व्याख्यान, सत्र अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इनमें कल्याण कुमार चक्रवर्ती (आईएएस), प्रो. रवि कोरिसेट्टर, अरुण सिंघल (सेवानिवृत्त आईएएस), हरसहाय मीणा (आईएएस), प्रो. आलोक त्रिपाठी, डॉ. नंदिनी भट्टाचार्य साहू, डॉ. एके सिन्हा तथा डॉ. डी. दयालन सहित अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय अभिलेखागार एवं विभिन्न राज्य अभिलेखागारों से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञ इन सत्रों का मार्गदर्शन करेंगे, जिससे शैक्षणिक गहनता एवं नीतिगत प्रासंगिकता सुनिश्चित होगी।

संगोष्ठी में तीन प्रमुख विषयगत क्षेत्रों पर चर्चा की जाएगी। पुरातत्व, नृवंश-पुरातत्व, पुरातत्वमिति, कलाकृति विश्लेषण एवं सांस्कृतिक संसाधन प्रबंधन में नवीन उपलब्धियां, अभिलेखागार एवं दस्तावेज प्रबंधन में उभरती प्रौद्योगिकियां, जिनमें हाइब्रिड सिस्टम शामिल हैं, तथा मूर्त एवं अमूर्त विरासत के संग्रह, भंडारण, उपलब्धता एवं संरक्षण में नवीनतम विकास, विशेष रूप से डिजिटल क्यूरेशन पर केंद्रित विमर्श होगा। कार्यक्रम में शोध-पत्रों की प्रस्तुति, विचार-विमर्श एवं साक्ष्य-आधारित अनुशंसाएं तैयार करने की प्रक्रिया भी सम्मिलित है।

## राजधानी की खबरें

### पौने पांच लाख के जेवरात बरामद, फुटेज से पहचाना

# निगरानी बदमाश ने की थी महिला लेखापाल के घर चोरी, पत्नी की मदद से बेचे जेवरात, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गौतम नगर पुलिस ने टीला जमालपुरा के निगरानी बदमाश और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर 4 लाख 75 हजार रुपए के चोरी के जेवरात बरामद किए हैं। आरोपी ने ट्राइवल म्यूजियम की महिला लेखापाल के सूने घर को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए थे। उसने पत्नी की मदद से चोरी के जेवरात बेच दिए थे।

पुलिस के अनुसार गौतम नगर कॉलोनी निवासी सोनू यादव (45) ट्राइवल म्यूजियम में लेखापाल हैं। विगत 28 दिसंबर को उनके पति रमेश माथुर जयपुर गए थे। पति के जाने के बाद सोनू यादव बेटी के साथ अपनी मां के घर चली गईं। उसी दौरान रात में किसी अज्ञात चोर ने खिड़की से घर में घुसकर गोदरेज की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच की। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए और मुखबिर तंत्र भी विकसित कर दिया। अहम सुराग मिलने पर पुलिस ने सुनील पंथी (42) निवासी हरिजन बस्ती टीला जमालपुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने उक्त वारदात को अंजाम देने और अपनी पत्नी रानी पंथी की मदद से चोरी के जेवरात बेचना स्वीकार लिया। पुलिस ने रानी पंथी को भी हिरासत में सोने-चांदी के जेवरात व चांद के सिक्के समेत चार लाख 75 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया।

## फर्जी पत्रकार विस पार्किंग पास मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश विधानसभा का फर्जी पत्रकार पार्किंग पास निजी वाहन में उपयोग करने के आरोपी भोपाल निवासी यासीन अहमद उर्फ मछली को किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त करते हुए कहा कि मामला विधानसभा की सुरक्षा से जुड़ा है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को भी जमानत न दिए जाने का एक महत्वपूर्ण आधार माना। बचाव पक्ष की दलीलों के बावजूद सरकारी वकील ने आरोपी को लिस्टेड अपराधी बताते हुए जमानत का कड़ा विरोध किया। हाई कोर्ट ने केस डायरी के अवलोकन के बाद माना कि पत्रकार के नाम पर जारी पास का निजी वाहन पर उपयोग कर विस परिसर जैसे अति-संवेदनशील क्षेत्र के आसपास पहुंचना सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

■ भोपाल निवासी यासीन मछली का मामला

# डॉ. रश्मि को प्रताड़ित करने वाले डॉक्टर पर हो सख्त कार्रवाई

## कांग्रेस नेताओं ने एम्स के डिप्टी डायरेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स भोपाल के डॉ. मोहम्मद यूनुस की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी करने वाली डॉ. रश्मि वर्मा को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस नेता एम्स के डिप्टी डायरेक्टर संदेश कुमार जैन से मिले। कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष निकेश चौहान और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के नेतृत्व में डॉ. रश्मि वर्मा को प्रताड़ित करने वाले डॉ. मोहम्मद यूनुस के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। डिप्टी डायरेक्टर से चर्चा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने बताया कि एम्स भोपाल में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा, मरीजों को समय पर भर्ती नहीं करने के साथ इमरजेंसी सेवा भी ठप है। पीसी शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की ओर से डॉ. रश्मि वर्मा को प्रताड़ित करने वाले दोषियों पर त्वरित व कठोर कार्रवाई हो, इमरजेंसी सेवाओं को तत्काल सुदृढ़ किया जाए। डिप्टी डायरेक्टर संदेश जैन ने आश्वत किया कि जल्द ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार कर मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।


प्रदेशाध्यक्ष निकेश चौहान और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भोपाल एम्स के डिप्टी डायरेक्टर से चर्चा करते हुए।

### सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ पर पत्रकारों से रामेश्वर शर्मा ने चर्चा

## सरदार पटेल का हृदय से धन्यवाद, भारत आजाद होते ही सोमनाथ मंदिर के निर्माण का लिया संकल्पः रामेश्वर


रामेश्वर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरदार वल्लभ भाई पटेलका हृदय से धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने भारत आजाद होते ही सोमनाथ मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया। सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि देशभर में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शुक्रवार को भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए जा रहे है। आज सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ पूरा देश धूमधाम से मना रहा है।

### पुलिस मुख्यालय ने गृह को भेजा प्रस्ताव

# साइबर मुख्यालय में शुरू होगा कॉल सेंटर, 1930 पर दर्ज शिकायतें राज्य स्तर पर जुड़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित राहत देने के लिए प्रदेश के सायबर मुख्यालय में जल्द ही कॉल सेंटर शुरू किया जाएगा। इसके शुरू होने से राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज होने वाली साइबर अपराध की शिकायतें सीधे राज्य स्तर पर जुड़ जाएंगी, जिससे मामलों में तेजी से कार्रवाई संभव हो सकेगी। ठगी के मामले में शुरुआती समय को गोल्डन आंवर माने जाते हैं। इस अवधि में ठगी की रकम को फ्रीज करवाना आसान होता है। राज्य साइबर मुख्यालय द्वारा साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए 50 सीटर कॉल सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई गई है। यह कॉल सेंटर 24 घंटे संचालित रहेगा। साइबर फ्रॉड के मामलों में शुरुआती दो घंटे को गोल्डन ऑवर माना जाता है। यदि इस अवधि में पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराई जाती है, तो बैंकों में गई धोखाधड़ी की राशि को समय रहते फ्रीज किया जा सकता है।

### अनुमति मिलने के बाद होगी शुरुआत

कॉल सेंटर बनने के बाद कोई मध्य प्रदेश का पीड़ति व्यक्ति 1930 पर शिकायत करता है तो उसका कॉल टॉवर लोकेशन को सर्च कर ऑटोमेटिक सभी शिकायतें सीधे भोपाल स्थित साइबर मुख्यालय के कॉल सेंटर पर ट्रांसफर हो जाएंगी। इससे न सिर्फ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी, बल्कि शिकायतकर्ता को सही मार्गदर्शन और जरूरी जानकारी भी समय पर मिल सकेगी। कॉल सेंटर के माध्यम से पीड़ितों को आगे की कानूनी प्रक्रिया, बैंक समन्वय और राशि वापसी से जुड़ी जानकारी दी जाएगी।

# एक नैतिक, समावेशी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी एआई ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को प्रमुख भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्ट-अप्स के साथ एक राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में देश में एक नैतिक, समावेशी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी एआई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। यह बातचीत प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई, जिसमें 12 भारतीय एआई स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। ये स्टार्ट-अप्स अगले महीने होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एआई फॉर ऑल: ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने विशिष्ट भारतीय एआई दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए कहा कि देश को 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' मॉडल दुनिया के सामने पेश करना चाहिए। उन्होंने एआई मॉडल्स को नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा प्राइवेसी पर आधारित बनाने का आग्रह किया। साथ ही, स्थानीय कंटेंट और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित किया, ताकि भारत किफायती और समावेशी एआई इनोवेशन में वैश्विक नेता बने।

भारत को वैश्विक एआई लीडर बनाने की पहल

- पीएम मोदी ने की स्टार्ट-अप्स के साथ विशेष मुलाकात
- 12 भारतीय एआई स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा
- स्थानीय कंटेंट व क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया

## देश 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' मॉडल दुनिया में पेश करे

### स्टार्ट-अप्स ने काम का किया प्रदर्शन

भाग लेने वाले स्टार्ट-अप्स ने भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी बड़े भाषा मॉडल (एलएलएमएस), स्पीच-टू-टेक्स्ट और टेक्स्ट-टू-ऑडियो/वीडियो टेक्नोलॉजी, 3डी कंटेंट बनाने के लिए जेनरेटिव एआई, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, मटीरियल रिसर्च, एडवांस्ड डेटा एनालिटिक्स, और हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स तथा मेडिकल रिसर्च सहित कई क्षेत्रों में अपने काम का प्रदर्शन किया।


प्रधानमंत्री मोदी अपने आवास पर बैठक के दौरान भारतीय एआई स्टार्ट-अप्स ऑनर के साथ

### इस क्षेत्र की तेज ग्रोथ और भविष्य की संभावनाओं पर भी डाला प्रकाश

चर्चा के दौरान स्टार्ट-अप नेताओं ने भारत के एआई I सेक्टर की तेज ग्रोथ और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई इनोवेशन और डिप्लॉयमेंट का वैश्विक केंद्र तेजी से भारत की ओर शिफ्ट हो रहा है, जिसका श्रेय मजबूत टैलेंट पूल, स्केलेबल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और सहायक पॉलिसी माहौल को जाता है। इसमें खास बता यह रही कि स्टार्ट-अप्स ने एआई इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में सरकार की प्रतिबद्धता की सराहना की।

### उद्यमियों को दिया नया मंत्र- 'भारत के भविष्य का सह-वास्तुकार' बताया

प्रधानमंत्री मोदी ने एआई की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी से टेक्नोलॉजी सेक्टर में भारत का नेतृत्व मजबूत होगा। उन्होंने स्टार्ट-अप्स और एआई उद्यमियों को 'भारत के भविष्य के सह-वास्तुकार' बताया और बड़े पैमाने पर इनोवेशन की भारत की अनोखी क्षमता पर बल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एंटरप्रेन्योर को आश्वासन दिया कि उनके एआई मॉडल्स की सफलता के लिए सरकार पूरा सपोर्ट देगी। मीटिंग में अवतार, भारत जेन , फ्रैक्टरल, जेन, जेनलूप ,जीनैनी, टेलीहेल्थ, सरवन, शोध एआईसॉकेट एआई, टेक महिंद्रा और जेंटिक जैसे स्टार्टअप के सीईओ और सीनियर प्रतिनिधि शामिल हुए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद थे।

---

## खबर संक्षेप

### किसान की नकदी और सामान ले उड़े शातिर



**दिल्ली।** यहां से पांवटा साहिब जा रही एचआरटीसी बस में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। अज्ञात शातिर ने एक किसान यात्री को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर लाखों रुपए पर हाथ साफ कर दिया। जिला सिरमौर के गांव दुगाना निवासी ट्रांसपोर्टर एवं किसान बलबीर पुंडीर को बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। नकदी उड़ा दी।

### सपा विधायक विजय गोंड का निधन



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और दुद्धी विधायक विजय सिंह गोंड का लखनऊ के एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव ने की। लंबे समय से बीमार चल रहे गोंड की दोनों किडनी खराब हो गई थी, जिसके चलते एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था।

### ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला, 2 की मौत



**बरेली।** यहां गुरुवार सुबह कोहरे के कारण रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है।

### नाबालिग से गैंगरेप यूट्यूबर गिरफ्तार



**कानपुर।** यहां के सचेंडी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अगवा और गैंगरेप मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी (यूट्यूबर पत्रकार) को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी दरोगा अभी भी फरार है, उसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी हुईं हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी यूट्यूबर परेशान है। साथ ही और उसने खुद को निर्दोष बताया है।

### दिल्ली में 548 अवैध विदेशी बाहर होंगे



**नई दिल्ली।** दिल्ली आउटर जिला पुलिस ने 2025 में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। साल भर चले इस मुहिम में 548 विदेशी नागरिकों की पहचान की गई, जो बिना वैध वीजा या दस्तावेजों के यहां रह रहे थे। इन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें देश से निकाले जाने का आदेश मिला।

---

### पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को उद्धृत किया

# सिद्धांत पर अडिग रहने वालों की याद में हो रहा स्वाभिमान पर्व, उनकी चेतना नहीं डिगी

### तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और आडवाणी और गणमान्यों को किया याद



प्रधानमंत्री ने उन पलों की साझा कीं तस्वीरें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर 2001 को सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम में मैंने भाग लिया था, जब 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया था। वह ऐतिहासिक समारोह तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में सरदार पटेल, केएम मुंशी सहित कई महान विभूतियों का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृह मंत्री आडवाणी और गणमान्य लोग शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि जय सोमनाथ! सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज से शुरू हो रहा है। जनवरी 1026 में सोमनाथ पर पहला हमला हुआ था, लेकिन हमले और उसके बाद हुए आक्रमण भी करोड़ों लोगों की आस्था और उस सभ्यतागत चेतना को नहीं तोड़ सके, जिसने सोमनाथ को बार-बार खड़ा किया।

पुनर्निर्माण में योगदान देने वालों को किया याद

सरदार पटेल, मुंशी सहित महान विभूतियों को सराहा

### भक्तों से तस्वीरें साझा करने की अपील की


सोमनाथ की पूजा करते प्रधानमंत्री मोदी — फाइल फोटो

मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 में 1951 के भव्य समारोह के 75 वर्ष पूर्ण होने का स्मरण भी किया जा रहा है। उन्होंने 'जय सोमनाथ' के उद्घोष के साथ बताया कि आज से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ की अपनी पिछली यात्राओं की तस्वीरें साझा करते हुए लोगों से आग्रह किया कि यदि वे भी सोमनाथ गए हैं, तो अपनी तस्वीरें 'सोमनाथ सावाभिमान पर्व' के साथ साझा करें।

### 1,000 वर्षों के सफर पर हो रहा आयोजन

सोमनाथ मंदिर को पहले से कहीं ज्यादा भव्य स्वरूप प्रदान किया। विध्वंस से पुनरोत्थान तक 1,000 वर्षों के इसी सफर पर 8 से 11 जनवरी तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल होंगे। वर्ष 2026 इस वजह से भी बेहद खास है कि क्योंकि यह मंदिर के आधुनिक पुनरोद्धार की 75वीं वर्षगांठ है। 1951 में इसकी आधुनिक प्राण प्रतिष्ठा सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों का नतीजा थी।

### मुख्यमंत्री रहते मोदी की देखरेख में हुआ था आयोजन

यह पूरा कार्यक्रम उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की देखरेख में आयोजित किया गया था। मोदी आर्काइव के अनुसार यह आयोजन 31 अक्टूबर 2001 को हुआ था, जिसे सोमनाथ मंदिर में एक ऐतिहासिक सभा के रूप में याद किया जाता है।

### स्वर्ण जयंती समारोह का किया था समापन

इस दिन सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष तक चले स्वर्ण जयंती समारोह का समापन हुआ था। यह तारीख सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के साथ भी जुड़ी थी, जिन्होंने वर्ष 1951 में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की पहली परिकल्पना की थी।

### सोमनाथ को बताया- देश की आत्मा का प्रतीक

पीएम ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर भारत की आत्मा को दर्शाता है। उन वीरों को भी नमन किया, जिन्होंने पहले ज्योतिर्लिंग की रक्षा के लिए विदेशी आक्रमणकारियों से मुकाबला करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

**अटूट विरासत और लचीलेपन का उत्सव**
यह पर्व हमले के 1000 वर्ष पूरे होने की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। यह सोमनाथ की अटूट विरासत और लचीलेपन का उत्सव है।

**लोगों से जश्न में शामिल होने का किया आग्रह**
पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर की अपनी पिछली यात्राओं की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और नागरिकों से इस पर्व से जुड़ी यादें साझा कर जश्न में शामिल होने का आग्रह किया।

---

### दिल्ली के तुर्कमान गेट पर बवाल

# 30 पत्थरबाजों की पहचान की पुलिस ने 11 को किया गिरफ्तार

गुरुवार को फिर हटाया अतिक्रमण


अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के तुर्कमान गेट में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हुई पत्थरबाजी की घटना से जुड़े 30 लोगों की पहचान कर ली है। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। गुरुवार को फिर से तुर्कमान गेट के पास अतिक्रमण हटाने का अभियान फिर से शुरू किया। पत्थरबाजी की घटना के सिलसिले में 30 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो की मदद से उनकी पहचान की है। पुलिस टीमें उन्हें हिरासत में लेने के लिए छापेमारी कर रही हैं।

### गुरुवार को 6 उत्पातियों को धर-दबोचा

तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामले में पुलिस ने अफान पुत्र इकबाल, आदिल पुत्र आमिल, शाहनवाज पुत्र मोह वाली, हमजा पुत्र मोह कामिल, अतहर पुत्र नदीम और उबेद पुत्र अब्दुल सुभान को गिरफ्तार किया है। तुर्कमान गेट पर हुए बवाल के मामले में पुलिस ने 6और लोगों को गिरफ्तार किया, अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बवाल की कार्रवाई यह घटना तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई। एमसीडी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की थी।

### सीसीटीवी फुटेज का लिया जा रहा सहारा

लोगों के एक समूह ने कार्रवाई का विरोध किया, जिससे बवाल हो गया। भीड़ ने एमसीडी अमले और पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया, जिसमें एसएचओ सहित 5पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की और उपद्रवियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी शुरू की। प्रारंभिक गिरफ्तारियों के बाद, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त गिरफ्तारियां की हैं। पुलिस की टीमें इन उपद्रवियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों का सहारा ले रही हैं।

---

### फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले में ईडी की कार्रवाई

# खुद को सरकारी कर्मचारी बताकर फर्जी ई मेल अकाउंट के जरिए बांटे नियुक्त पत्र

### उत्तरप्रदेश, बिहार, बंगाल, केरल, तमिलनाडु और गुजरात में छापे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में गुरुवार को छह राज्यों में 15 ठिकानों पर छापा मारा। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और गुजरात में ये कार्रवाई हुई। गैंग द्वारा अभ्यर्थियों को सरकारी विभागों में नौकरी का झांस देकर ठगने का आरोप है। ईडी ने बताया कि ईडी के पटना जोनल कार्यालय ने ये कार्रवाई की। सबसे पहले नौकरी का फर्जीवाड़ा रेलवे के नाम पर किया गया। इसके बाद 40 सरकारी संगठनों और विभागों तक ये नेटवर्क फैला।

### बिहार से बंगाल तक फैला जाल



ईडी ने बिहार के मोतिहारी में दो और मुजफ्फरपुर में एक स्थान, बंगाल के कोलकाता में दो, केरल के एर्नाकुलम, पंडलम, अदूर और कोडूर, तमिलनाडु में चेन्नई, गुजरात में राजकोट, गोरखपुर में दो स्थानों जबकि प्रयागराज और लखनऊ में एक-एक स्थान पर छापे मारे।

**फर्जी ई-मेल अकाउंट के जरिए दी नौकरी :** आरोपियों ने फर्जी ई-मेल अकाउंट के जरिए खुद को सरकारी कर्मचारी के रूप में पेश किया और अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया।

### कांग्रेस के निलंबित 12 पार्षद भाजपा में शामिल



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की अंबरनाथ नगर परिषद में चुनाव नतीजों के बाद मचा राजनीतिक घमासान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अंबरनाथ नगर परिषद में भाजपा के कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन को तुरंत खारिज कर दिया गया। साथ ही कांग्रेस ने 12 नए पार्षदों और ब्लॉक अध्यक्ष को निलंबित कर दिया। इसके बाद कांग्रेस के सभी 12 निलंबित पार्षद भाजपा में शामिल हो गए।

### देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं



**राष्ट्रपति ने अरुणाचल के छात्रों से की मुलाकात**

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश से आए छात्रों के एक समूह ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। ये नेशनल इंटीग्रेशन टूर के तहत राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। राष्ट्रपति ने छात्रों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण भ्रमण जैसे कार्यक्रम से राष्ट्रीय एकता और आपसी सद्भाव को मजबूती मिलती है। राष्ट्रपति ने अनुशासन, देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

---

### 'पर्यटन मित्र' 'पर्यटन दीदी' और स्वदेश दर्शन की पहल

# यूं कुलांचे भरेगा देसी पर्यटन, ओरछा को भी किया शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पर्यटन मंत्रालय ने 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' पहल के तहत पायलट परियोजनाओं के लिए 7 प्रमुख पर्यटन स्थलों की पहचान की है। इनमें मध्य प्रदेश का ओरछा, आंध्र प्रदेश का गांडीकोटा, बिहार का बोधगया, मिजोरम की राजधानी आइजोल, राजस्थान का जोधपुर, जम्मू-कश्मीर का श्रीनगर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का श्री विजयपुरम शामिल हैं। इन स्थलों पर स्थानीय युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें पर्यटन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटकों के लिए ये गाइड का काम करेंगे।



विश्व पर्यटन दिवस 2024 के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय ने इस पहल का विस्तार करते हुए देश के 50 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी कार्यक्रम लागू किया। योजना के अंतर्गत लगभग 4,382 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं मिल रही हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपनी क्षमता निर्माण सेवा प्रदाता योजना के तहत अल्पकालिक आतिथ्य और पर्यटन कौशल विकास कार्यक्रम भी मंत्रालय संचालित कर रहा है। इनमें हुनर से रोजगार तक, स्किल टेस्टिंग सर्टिफिकेट जैसे कार्यक्रम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य पर्यटन से जुड़े सेवा प्रदाताओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना है। मंत्रालय इन्क्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट फैसिलिटेटर और इन्क्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट गाइड प्रमाणन कार्यक्रम भी चला रहा है। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य देशभर में, विशेषकर दूरदराज और पर्यटन संभावनाओं वाले क्षेत्रों में, प्रशिक्षित और पेशेवर टूरिस्ट गाइड एवं फैसिलिटेटर्स की मजबूत श्रृंखला तैयार करना है।

### 5 गांवों की पहचान की

पर्यटन मंत्रालय ने चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट पहल के अंतर्गत वाइब्रेंट विलेजेज को एक थीम के रूप में शामिल किया है। इसके तहत पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए 5 गांवों की पहचान की गई है। इनमें अरुणाचल प्रदेश का किबिथो, हिमाचल प्रदेश का रकछाम-छितकुल, सिक्किम का ग्राथांग और उत्तराखंड के जादुंग एवं माणा गांव शामिल हैं। इनके लिए 24.90 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। अंतरिम बजट 2024-25 में केंद्र सरकार ने राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के समग्र विकास, ब्रांडिंग और वैश्विक स्तर पर प्रचार के लिए प्रोत्साहित करने की घोषणा की है। इसके तहत गुणवत्ता और सेवाओं के आधार पर रेटिंग फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा तथा राज्यों को 50 वर्षों के लिए दीर्घकालिक, ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे।

### 21-23 जनवरी तक होगा आयोजन

# दुनिया को चुनाव कराने के गुर सिखाएगा चुनाव आयोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग दुनिया के विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन संस्थानों को अपने अनुभव साझा करेगा। आयोग 21 से 23 जनवरी तक भारत मंडपम में पहला इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट आयोजित करेगा। यह भारत द्वारा लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से पहले आयोग ने गुरुवार को राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की।



### शैक्षणिक विशेषज्ञ शामिल होंगे

मृतक की पहचान 36 वर्षीय दविंदर सिंह के रूप में हुई है, जो लुधियाना की भारती कॉलोनी का था। वह हौजरी मशीन का मैकेनिक था। दविंदर मंगलवार को मुंबई से घर लौटा था, लेकिन घर पर वह केवल 15 मिनट रुका। कुछ देर में वह दोस्त शेरा से मिलने गया था।

जयशंकर ने कहा कि भारत का यूरोप के साथ रिश्ता सिर्फ ब्रसेल्स तक सीमित नहीं है बल्कि यूरोपीय संघ के अलग अलग देशों के साथ भी लगातार आगे बढ़ रहा है। ऐसे में छोटे समूहों में बातचीत करना भी जरूरी हो जाता है और यही इस बैठक का मकसद है

### वीमर प्रारूप बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर बोले


# भारत का यूरोप के साथ जुड़ाव लगातार बढ़ रहा, वीमर देश इसमें अहम साझेदार

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पेरिस में भारत वीमर प्रारूप की पहली बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत के साथ पोलैंड, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री भी शामिल हुए। पोलैंड की ओर से डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट और जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल मौजूद थे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह पहली बार है जब भारत इस प्रारूप में शामिल हुआ है।

इस बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें पहला भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते। दूसरा इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति और तीसरा यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा।

**बैठक के मुद्दे**
- भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते
- इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति
- यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा


पेरिस में वीमर प्रारूप की पहली बैठक में चर्चा करते विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

**आमंत्रण के लिए फ्रांस का आभार जताया**

बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह नया प्रारूप भारत और यूरोप के बीच जुड़ाव को और मजबूत करेगा। उन्होंने बैठक के निमंत्रण के लिए फ्रांस के विदेश मंत्री बैरोट का आभार जताया। बता दें, वीमर प्लस समूह की स्थापना वीमर त्रिकोण (फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड) के विस्तार के रूप में की गई थी, जिसमें यूनाइटेड किंगडम, इटली, स्पेन और यूरोपीय आयोग को प्रतिभागियों के रूप में शामिल किया गया था, जिसमें विदेश मंत्री प्राथमिक प्रतिनिधियों के रूप में कार्य करते थे।

**दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही**

*जयशंकर ने कहा कि जैसे-जैसे सहयोग बढ़ता है, वैसे-वैसे छोटे समूहों में संवाद भी जरूरी हो जाता है ताकि व्यापक की दिशा को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। पिछले कुछ वर्षों में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यह साफ दिखाई दिया है। यूरोप भी कई रणनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके अलावा, कुछ वैश्विक घटनाएं ऐसी हैं जो पूरी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नए सिरे से परिभाषित कर सकती हैं।*

**फ्रांस पुराना रणनीतिक साझेदार**

*जयशंकर ने कहा कि फ्रांस यूरोप में भारत का सबसे पुराना रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों के संबंध बेहद खास हैं। द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही राष्ट्रपति मैक्रों का भारत में स्वागत किया जाएगा।*

**सहयोग के कई नए अवसर**

*विदेश मंत्री ने कहा कि भले ही हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में हों, लेकिन इसी वजह से विचारों का नियमित आदान-प्रदान और साझा आकलन बेहद जरूरी हो जाता है। भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संबंधों में यूरोपीय संघ और यूरोप के देशों के साथ संबंधों में सबसे अधिक विकास की संभावना है। इस क्षेत्र में अभी भी बहुत क्षमता मौजूद है और सहयोग के कई नए अवसर हैं। वीमर प्रारूप में शामिल तीनों यूरोपीय देश भारत के लिए महत्वपूर्ण भागीदार हैं। आपसी चर्चा भारत-यूरोप संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाने में मददगार साबित होगी।*

**दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही**

*जयशंकर ने कहा कि बहुध्रुवीय दुनिया में अस्थिरता और अनिश्चितता गहरे सहयोग की जरूरत बढ़ाती है, और यही विचार इस बैठक की आधारशिला रहा है उन्होंने कहा कि दुनिया बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। जो घटनाएं दुनिया को अस्थिर और अनिश्चित बनाती हैं, वही समान सोच वाले देशों के बीच गहरे सहयोग की जरूरत को भी मजबूत करती हैं। यही सोच इस बैठक की आधारशिला रही है।*

**खबर संक्षेप**

### शरजील की कोर्ट में दलील, उमर गुरु नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी और एक्टिविस्ट शरजील इमाम ने गुरुवार को एक अदालत में बताया कि पुलिस का यह यह आरोप सरासर गलत है कि उमर खालिद उसका मेंटर या गुरु था। शरजील इमाम ने यह भी दावा किया कि जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच बातचीत नहीं होती थी। इमाम की तरफ से पेश हुए वकील तैयब मुस्तफा ने कहा कि उनके मुवक्किल और खालिद के बीच कोई कनेक्शन नहीं है।

### डीआरआई ने 40 करोड़ से ज्यादा का सोना जब्त किया



**नई दिल्ली।** सीमा पार तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली और अगरतला में तलाशी की और दुबई और बांग्लादेश से काम करने वाले एक बड़े इंटरनेशनल सोने की तस्करी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 29 किलो से अधिक का विदेशी सोना और लगभग 2.90 करोड़ नकद जब्त किया गया। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। 6 जनवरी को एक बड़े सिंडिकेट सदस्य को पकड़ा।

### तेल ले जा रहे रूस के जहाज मैरिनेरा को अमेरिका ने जब्त किया

*मैरिनेरा वेनेजुएला और ईरान से बैन तेल को ट्रांसपोर्ट कर रहा था*

# क्रू पर आपराधिक केस की दी चेतावनी रूस ने कहा- 'मानवीय' व्यवहार करें

*रूस ने अमेरिका से मांग की है कि वह टैंकर पर सवार रूसी नागरिकों के साथ मानवीय व्यवहार करे और उनके अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित करे और उन्हें जल्द से जल्द वापस घर भेजे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने रूस के जब्त जहाज मैरिनेरा पर सवार क्रू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का दावा किया है। वहीं रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि वो अमेरिकी कर्मियों के जहाज पर सवार होने की खबरों पर करीब से नजर रखे हुए हैं। मंत्रालय ने कहा, रूस ने अमेरिका से मांग की है कि वह टैंकर पर सवार रूसी नागरिकों के साथ मानवीय व्यवहार करे और उनके अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित करे और उन्हें जल्द से जल्द वापस घर भेजे।

अमेरिका ने प्रतिबंधित वेनेज़ुएला व ईरान का तेल ढोने वाले मैरिनेरा टैंकर के क्रू पर आदेश उल्लंघन के आरोप में आपराधिक कार्रवाई और विस्तृत जांच की घोषणा की। बता दें, अमेरिका ने बुधवार को वेनेज़ुएला से तेल खरीदने वाले दो टैंकरों को पकड़ लिया। इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है।

सोफिया पर पनामा देश का झंडा है, लेकिन यह किस देश का है इसकी जानकारी नहीं है। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े गए। अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया।


अमेरिका द्वारा जब्त रूसी

**रूस ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की दी धमकी**

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी नेता एलेक्सी ज़ुरावलेव ने टैंकर के जब्त होने के बाद अमेरिकी जहाजों पर हमले और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की बात कही। वहीं, रूस के ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ने कहा कि 1982 के यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ द सी के नियमों के मुताबिक किसी भी देश को दूसरे देशों के अधिकार क्षेत्र में पंजीकृत जहाजों के खिलाफ ताकत इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। रूस ने यह भी कहा कि 24 दिसंबर को मेरिनेरा को रूसी झंडे के तहत चलने की अस्थायी अनुमति दी गई थी।*

**दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज करेंगे**

*अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने 'लिखा कि यूएस अधिकारी जब्त किए गए मैरिनेरा टैंकर, जिसे बेला-1 के नाम से भी जाना जाता है, के क्रू मेंबर्स के खिलाफ क्रिमिनल मामला दर्ज करेंगे। जहाज कर्मियों ने टैंकर को बचाने की बहुत कोशिश की, जो कथित तौर पर वेनेजुएला और ईरान से बैन तेल को ट्रांसपोर्ट करने को कहा था।*

**अब अमेरिका में बने उत्पाद खरीदेगा वेनेजुएला**



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की है कि वेनेज़ुएला अमेरिका की मध्यस्थता वाली नई तेल डील से होने वाली कमाई से सिर्फ अमेरिकी उत्पाद खरीदेगा। वेनेज़ुएला ने इस पर सहमति जताई है। ट्रंप ने कहा कि वेनेज़ुएला हमारी नई ऑयल डील से मिले पैसे से सिर्फ अमेरिका में बने उत्पाद ही खरीदेगा। वेनेज़ुएला, अमेरिकी कृषि उत्पाद और अमेरिका में बनी दवाइयां, चिकित्सा उपकरण के साथ-साथ वेनेज़ुएला के बिजली ग्रिड और एनर्जी सुविधाओं को बेहतर बनाएंगे।

**जिसे कहा ड्रग्स तस्कर उसे व्हाइट हाउस बुलाया**



कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो से ट्रंप ने एक घंटे बात की और व्हाइट हाउस आने का न्योता भी दिया। ट्रंप ने कहा कि पेट्रो से बात करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात थी। ट्रंप ने पेट्रो को अच्छा इंसान बताते हुए कहा कि मैं उनके लहजे की सराहना करता हूं।

**नारकोटिक्स की आड़ में संसाधन पर कब्जा**



*वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि अमेरिका के नारकोटिक्स के आरोप केवल बहाना थे और असली मकसद संसाधनों पर कब्जा करना था। उन्होंने अमेरिका सहित सभी देशों के साथ ऐसे ऊर्जा समझौतों की ओर खुलेपन की बात कही, जिससे सभी पक्षों को लाभ हो। उन्होंने सभी देशों को एकजुट होने की अपील की।*

**ट्रंप का एक और बड़ा फैसला**

## आईएसए समेत 66 वैश्विक संगठनों से 'अलग' हो गया

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-फ्रांस की अगुवाई वाले अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस (आईएसए) सहित दुनिया के कुल 66 वैश्विक संगठनों से अमेरिका की भागीदारी को खत्म कर दिया है। बीते बुधवार को इस संबंध में उन्होंने एक आदेश (ज्ञापन) देने वाली घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें यह कहा गया है कि आईएसए को मिलाकर यह तमाम अंतरराष्ट्रीय संगठन अमेरिका विरोधी होने के साथ ही बेकार और फिजूलखर्ची वाले हैं। इसी के चलते अमेरिका को इनसे बाहर निकल जाना चाहिए। 66 संगठनों में 35 गैर-संयुक्त राष्ट्रीय निकाय और 31 संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से जुड़े हुए संगठन मुख्य रूप से शामिल हैं।



**सदस्य देशों संग जारी कार्य**

*भारत में सूत्रों ने कहा कि सरकार ने मीडिया में मामले से जुड़ी खबरों पर ध्यान दिया है। जिनमें ये बताया गया है कि अमेरिका ने आईएसए सहित 66 अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपनी भागीदारी खत्म कर ली है। आईएसए में वर्तमान में सदस्यों और हस्ताक्षरकर्ता देशों की कुल संख्या 125 है और यह संगठन सदस्य देशों को सहयोग प्रदान करने के समान चुनौतियों के अपने लक्ष्यों पर संयुक्त रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है। जिसमें तमाम सदस्यों की आवश्यकताओं के मद्देनजर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना शामिल है।*

**रक्षा बजट 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव**

*ट्रंप ने साल 2026 के लिए रक्षा बजट को 1.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ के जरिए बताया कि यह फैसला सीनेटरों, कांग्रेस सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत के बाद लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त खर्च से अमेरिका एक ड्रीम मिलिट्री बना सकेगा, जो किसी भी दुश्मन के खिलाफ देश को पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत रखेगी। ट्रंप ने कहा कि अगर टैरिफ से इतनी ज्यादा कमाई नहीं होती तो वह बजट को 1 ट्रिलियन डॉलर तक ही सीमित रखते। ट्रंप ने दावा किया कि पहले कई देश अमेरिका को लूटते रहे हैं।*

**भारतीय सेना का अहम फैसला**

## खरीदें जाएंगे स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन, 2000 करोड़ रुपए खर्च होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना स्वदेशी 'सुसाइड' ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन की बड़ी खेप खरीदने जा रही है। ये आत्मघाती ड्रोन विस्फोटकों से लैस होंगे और दुश्मन के इलाके में घुसकर उनके ठिकाने को तबाह कर देंगे।

ये ऐसे ड्रोन हैं, जो जैमिंग (रडार सिग्नल जाम करने) और स्पूफिंग (गलत रडार सिग्नल भेजने) वाले माहौल में भी अपना काम पूरा करने में सक्षम होते हैं।

**कुछ महीनों में आर्मी को मिलेंगे ड्रोन**

*इस ऑर्डर को पूरा करने के लिए कई भारतीय कंपनियां आगे आएंगी, ताकि विदेशी कंपनियों पर से निर्भरता कम हो सके और आत्मनिर्भर भारत की मुहिम आगे बढ़ सके। इस ऑर्डर से एक ऐसा स्वदेशी औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे सेना को जब भी जरूरत पड़े, भारतीय कंपनियां ऐसे सिस्टम तैयार करके दे सकें। ये टेंडर फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया की तहत जारी होंगे।*



**कई यूनिटें बनाएंगे**

सूत्रों के अनुसार शुरू में यह ठेका करीब 2,000 करोड़ रुपए का होगा और आने वाले वर्षों में इसमें कई गुना बढ़ोतरी की संभावना है। क्योंकि, आर्मी अपनी कई तरह की यूनिट को 'सुसाइड' ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन से लैस करने की योजना पर काम कर रही है।

**भारत-लिकटेंस्टीन के बीच अहम बैठक**

## व्यापार, इनोवेशन, प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने लिकटेंस्टीन की डिप्टी पीएम और विदेश मामलों की मंत्री सबाइन मोनाउनी से दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बातचीत की है।

पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि बातचीत के दौरान व्यापार विस्तार, इनोवेशन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी से जुड़े अवसरों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत-ईएफटीए टीईपीए के संचालन के बाद पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी विचार किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक अनोखी साझेदारी है, जिसमें भारत प्रतिभा, विशाल क्षमता और मजबूत मांग प्रदान करता है, जबकि लिकटेंस्टीन उच्च मूल्य वाले विनिर्माण और विशिष्ट इंजीनियरिंग में योगदान देता है।

**घास का आशियाना 'भेलाघर'**


असम के नागांव में, गुरुवार को 'माघ बिहू' त्योहार से पहले, मजदूर पुआल और बांस से बना एक अस्थायी शेल्टर, 'भेलाघर', जहाज के आकार में तैयार करते हुए।

### भारत के खिलाफ लगाई गई वीजा पाबंदियों को बांग्लादेश ने किया और सख्त

**भारतीयों के लिए बांग्लादेश का वीजा केवल कुछ खास श्रेणियों तक ही सिमट कर रह गया**

## बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़ रद्द की गई सभी वीजा सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कट्टरपंथी उस्मान हादी की मौत के बाद तेजी से बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ अपनी वीजा पाबंदियों को और अधिक कड़ा कर दिया है। जिसके तहत अब उसके द्वारा बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर भारतीयों को दी जाने वाली सभी वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में मुंबई, गुवाहाटी और चेन्नई स्थित बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावासों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। गुरुवार को इसका प्रत्यक्ष प्रभाव इन तमाम जगहों पर देखने को मिला। जिसके तहत दूतावासों में कामकाज तो हुआ। लेकिन उन्होंने इसके साथ ही भारतीयों के लिए अपनी सामान्य वीजा सेवाएं बंद रखीं।

**मुंबई गुवाहाटी और चेन्नई स्थित बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावासों को जरूरी निर्देश जारी**


अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस

**22 दिसंबर को लगी थी पहले दौर की पाबंदी**

*बता दें, बांग्लादेश द्वारा वीजा के संबंध में की गई यह सख्ती उसके द्वारा पिछले साल 22 दिसंबर 2025 को लागू किए गए प्रतिबंधों के पहले दौर के बाद लागू की गई है। तब बांग्लादेश ने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग, त्रिपुरा में उप उच्चायोग और सिलीगुड़ी के वीजा केंद्र में वीजा और काउंसलर सेवाएं बंद कर दी थीं। इसके साथ ही असम के गुवाहाटी में बांग्लादेश के मिशन में भी इस प्रकार की समान रोक प्रभावी कर दी गई थी। जबकि नई पाबंदियों में अब भारतीयों के लिए बांग्लादेश का वीजा केवल कुछ चुनिंदा श्रेणियों तक ही सिमट कर रह गया है।*

**भारत ने भी बंद किए वीजा केंद्र**

भारत ने भी बीते दिनों पड़ोसी देश में बने हुए चिंताजनक सुरक्षा हालात के मद्देनजर खुलना और राजशाही में अपने दो वीजा आवेदन केंद्र बंद किए थे। जिसके जवाब में बांग्लादेश ने भी भारत में अपनी वीजा सेवाएं रोकने का ऐलान किया था। भारत पहले ही यह साफ कर चुका है कि वो अपने निकट पड़ोसी देश और वहां की आम जनता के साथ सकारात्मक रूप से संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के पक्ष में है।

**सुरक्षा कारणों को बताया आधार**

भारत को लेकर वीजा सेवाओं पर जो रोक लगाई है। जिसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। फैसले के दिन ही यानी 7 जनवरी को बांग्लादेश ने भारत में मौजूद अपने तमाम राजनयिक परिसरों को इस बाबत सूचित भी कर दिया था।

**वायुसेना प्रमुख एपी सिंह बोले**

## एनसीसी के मूल्यों के साथ सदैव राष्ट्र सेवा में जुटे रहें युवा कैडेट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को राजधानी के दिल्ली कैंट में लगाए गए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के मासिक गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने देश के अलग-अलग भागों से आए कोर के युवा कैडेटों को एनसीसी के मूल्यों के साथ हमेशा राष्ट्र की सेवा के अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और विभिन्न सरकारी पहलों को बढ़ावा देने में कोर के कैडेटों की सक्रिय भागीदारी की भी सराहना की। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि एयरचीफ मार्शल सिंह ने कैडेटों से राष्ट्रवाद को बनाए रखने और जीवन में कभी हार न मानने वाले दृष्टिकोण, रवैये के साथ निरंतर सुधार के लिए प्रयासरत रहने पर जोर दिया।


दिल्ली कैंट में लगाए एनसीसी शिविर में वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह

**देश का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन**

एपी सिंह ने कैडेटों के माध्यम से देश के युवाओं के प्रति अपना विश्वास जताते हुए राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, देशभक्ति और मूल्यों से प्रेरित नागरिकों को तैयार करने में एनसीसी की भूमिका की सराहना की है। उन्होंने कहा कि एनसीसी 20 लाख से अधिक कैडेटों और 40 फीसदी छात्राओं वाला देश का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है।

# एशेज सीरीज में हेड ने ठोके सर्वाधिक 629 रन, मिचेल ने चटकाए 31 विकेट

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के आखिरी टेस्ट मैच में 5 विकेट से हार मिली। कंगारू टीम को 161 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उन्होंने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पूरी सीरीज में अपना दबदबा कायम रखा। इस बीच सीरीज में सर्वाधिक रन, सर्वाधिक विकेट और अन्य रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक रन

ऑस्ट्रेलिया टीम के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 62.90 की औसत के साथ 629 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 शतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 170 रन रहा। हेड के अलावा और कोई भी बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना पाया। जो रूट दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 44.44 की औसत से 400 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 शतक निकला और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 160 रन रहा।

### मिचेल-कॉर्स ने चटकाए सबसे ज्यादा विकेट

मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने 5 मैच की 10 पारियों में 19.93 की शानदार औसत के साथ 31 विकेट अपने नाम किए। स्टार्क ने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/58 का रहा। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के ब्रायडन कार्स रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 9 पारियों में 30.31 की औसत से 22 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 का रहा।





### जोश, स्टोक्स और आर्चर ने लिए 5 विकेट हॉल

एशेज सीरीज 2025-26 में स्टार्क के अलावा 4 गेंदबाजों ने 5 विकेट हॉल अपने नाम किए। इंग्लैंड के जोश टंग, बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने ये कारनामा किया। वहीं, कंगारू टीम के लिए माइकल नेसर ने 5 विकेट हॉल लिए। टंग ने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 18 विकेट चटकाए। नेसर और स्टोक्स के नाम सीरीज में 15-15 विकेट आए। वहीं, आर्चर सिर्फ 3 टेस्ट खेल पाए और इसकी 6 पारियों में 9 विकेट लेने में सफल रहे।

### रूट, हेड, केरी, स्मिथ व बेथल ने भी जड़े शतक

सीरीज में रूट और हेड के अलावा सिर्फ 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए। एलेक्स केरी ने 5 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक के साथ 46.14 की औसत से 323 रन बनाए। स्टीव स्मिथ के बल्ले से 4 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक और 1 अर्धशतक के साथ 286 रन निकले। जैकब बेथल सिर्फ 2 टेस्ट खेले और इसकी 4 पारियों में 1 शतक की मदद से 51.25 की औसत से 205 रन बनाने में सफल रहे।

### सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद ऐसी है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में ऑस्ट्रेलिया की कुल 7वीं जीत साबित हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में अपनी टॉप पोजिशन को और मजबूत किया। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान (48.15) पर है।

**शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड** : टॉप पर स्थित ऑस्ट्रेलिया की टीम ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अब तक कुल 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 7 मुकाबलों में उसने जीत (हार-1) दर्ज की। दूसरे स्थान पर फिलहाल न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम है। कीवी टीम ने अब तक 3 मैच खेले हैं, 2 में उसे जीत और 1 में हार मिली है।

#### भारत सहित अन्य टीमों की स्थिति

दक्षिण अफ्रीका ने 4 में से अपने 3 टेस्ट जीतकर तीसरे स्थान पर, श्रीलंका एक टेस्ट जीतकर चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान 1 जीत और 1 हार के साथ 5वें स्थान पर बनी हुई है। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है।

#### इंग्लैंड ने इस चक्र में अपनी छठी हार झेली

इंग्लैंड ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अपनी छठी हार झेली। इंग्लिश टीम ने 10 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से उन्हें 3 में जीत मिली है और 1 टेस्ट उन्होंने ड्रॉ कराया है। फिलहाल इंग्लिश टीम 7वें स्थान पर मौजूद है। इंग्लैंड के नीचे बांग्लादेश 8वें और वेस्टइंडीज अंतिम 9वें स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### एसए20 शानदार मंच पर आईपीएल से तुलना नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी ने एसए20 लीग को दक्षिण अफ्रीका और दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए शानदार मंच करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि इसकी तुलना इंडियन प्रीमियर लीग से नहीं की जा सकती। डुमिनी ने कहा कि एसए20 लीग की शुरुआत से स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को दुनिया भर के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के अधिक अवसर मिल रहे हैं जिससे देश के क्रिकेट को फायदा हो रहा है। डुमिनी ने एसए20 द्वारा आयोजित ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि इसे आप आईपीएल के बराबर रख सकते हैं। मेरे लिए आईपीएल गोल्ड स्टैंडर्ड है और यह हमेशा ऐसा ही रहेगा।

### राठौर बने श्रीलंका क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच



**कोलंबो।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को श्रीलंका क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। यह निर्णय टी-20 विश्व कप 2026 से पहले लिया गया है। राठौर ने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्य किया था और वह 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत का हिस्सा भी रहे थे। श्रीलंका अब उनके अनुभव का लाभ उठाएगी। वह राजस्थान रॉयल्स से भी जुड़े हुए हैं। साल 2026 का विश्व कप भारत और श्रीलंका में होना है। विक्रम 15 जनवरी तक श्रीलंका की टीम से जुड़ने की उम्मीद है, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप की तैयारी में है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी प्रारंभिक टीम पहले ही घोषित कर चुकी है। टीम 7 जनवरी से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेलेगी।

### आईसीसी टूर्नामेंटों की चमक फीकी पड़ रही



**डरबन।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि आईसीसी टूर्नामेंटों के प्रति लोगों का आकर्षण कम होता जा रहा है और इनकी चमक को बरकरार रखने के लिए 'प्रशासनिक दृष्टिकोण' से बदलाव करने की जरूरत है। मौजूदा क्रिकेट कैलेंडर में 10 महीनों के भीतर तीन विश्व कप आयोजित किए जा रहे हैं। महिला वनडे विश्व कप सितंबर और नवंबर 2025 के बीच खेला गया था। अब पुरुषों का टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जून जुलाई में महिला टी20 विश्व कप होगा। उथप्पा अभी एसए20 में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे हैं।

### ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़द मैच और मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़द सीरीज

# ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया, 4-1 से जीती एशेज सीरीज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 5वें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। सिडनी टेस्ट में जीत के लिए मिले 160 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नस लाबुशेन के 37 रनों की बदौलत हासिल किया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने इस प्रतिष्ठित सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़ द मैच और 31 विकेट हासिल कर मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़।

### ऑस्ट्रेलिया की रही मजबूत शुरुआत

इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट के शतक (160) की मदद से सभी विकेट खोकर 384 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) के शतकों की बदौलत 567 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। पहली पारी के आधार पर पिछड़ने वाली इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में जैकब बेथेल (154) के शतक की मदद से 342 रन बनाए। आखिर में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

### रूट ने शतकों में रिकी पोंटिंग की बराबरी की

रूट ने 160 और 6 रन के स्कोर किए। रूट ने शतकों के मामले में रिकी पोंटिंग की बराबरी की। बता दें कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पोंटिंग ने 168 टेस्ट में 41 शतकों की मदद से 13,378 रन बनाए थे। रूट अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सर्वाधिक शतक (41) वाले बल्लेबाज बने। टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ भारत के सचिन तेंदुलकर (51) और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (45) ने लगाए हुए हैं।




### इस सूची में शुमार हुए रूट

रूट 21वीं सदी में एक एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए कम से कम 2 शतक लगाने वाले चौथे इंग्लिश बल्लेबाज बने। बता दें कि पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन ने 2002-03 में 3 शतक लगाए थे। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलिस्टर कुक ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 शतक अपने नाम किए थे। जोनाथन ट्रॉट ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई एशेज सीरीज में 2 शतक जड़े थे।

### ट्रेविस हेड ने लगाया बड़ा शतक

हेड ने पहली पारी में 163 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 12वां और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5वां टेस्ट शतक साबित हुआ। वह दूसरी पारी में 29 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने एशेज सीरीज 2025-26 में 5 मैचों की 10 पारियों में 62.90 की औसत से 629 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 3 शतक भी लगाए है। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना सका।

### हेड 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे प्लेयर

क्रिकइंफो के अनुसार, हेड 21वीं सदी की शुरुआत से एशेज सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले स्टीव स्मिथ, एलिस्टर कुक और माइकल वॉन ऐसा कर चुके थे। स्मिथ ने 2 बार 2019 में 774 रन और 2017-18 में 687 रन बनाए थे। कुक ने 2010-11 में 766 रन अपने नाम किए थे। वॉन ने 2002-03 में 633 रन बनाए थे।

### स्मिथ ने शतक में तोड़ा द्रविड़ का रिकॉर्ड

स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाया। स्मिथ ने टेस्ट शतकों के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। बता दें कि द्रविड़ ने 36 शतकों की मदद से 13,288 रन बनाए थे। स्मिथ अब टेस्ट क्रिकेट में छठे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। बता दें कि सर्वाधिक शतक तेंदुलकर (51) ने लगाए थे। उनके बाद कैलिस (45), पोंटिंग (41), रूट (41) और कुमार संगाकारा (38) हैं।यह एशेज सीरीज के इतिहास में स्मिथ का कुल 13वां शतक रहा। उन्होंने इस प्रतिष्ठित सीरीज में शतकों के मामले में जैक हॉब्स (12 शतक) को पीछे छोड़ा। अब एशेज में स्मिथ से ज्यादा शतक सिर्फ डॉन ब्रैडमैन (19) ने लगाए हुए हैं। इस शतकीय पारी के दौरान स्मिथ एशेज में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।

## बैडमिंटन

# सिंधू जीत के साथ मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली जापान की खिलाड़ी तोमोका मियाजाकी को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने आठवीं वरीयता प्राप्त मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना चीन की गाओ फांग जी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### ऐसा रहा सिंधू का मियाजाकी से रोमांचक मुकाबला

तीस वर्षीय सिंधू ने वापसी करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मियाजाकी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे जापानी किशोरी के खिलाफ उनका करियर का रिकॉर्ड 2-1 हो गया है। सिंधू ने पहले गेम में 5-1 की बढ़त हासिल की और फिर लगातार 13 अंक जीतकर 18-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी काफी हद तक एकतरफा रहा, हालांकि 19 वर्षीय मियाज़ाकी 8-9 से पिछड़ने के बाद कुछ समय के लिए मुकाबले में बनी रहीं। लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया और 17-11 से छह अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगा।

## खेलो इंडिया

# घोघला बीच पर 2100 से अधिक खिलाड़ी दिखा रहे अपना दम




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र शासित प्रदेश द्वीव के घोघला बीच पर खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 के दूसरे संस्करण की रंगारंग शुरुआत 5 जनवरी से हो गई है। उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष संदेश पढ़कर सुनाया गया, जबकि खेलों का औपचारिक उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। 10 जनवरी तक चलने वाले इन खेलों में 2100 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और द्वीव द्वारा आयोजित इन खेलों में 1100 से अधिक खिलाड़ी वॉलीबॉल, सॉकर, सेपक टकरॉ, कबड्डी, पेंकक सिलाट, ओपन वॉटर स्विमिंग, मल्लखंब और रस्साकशी सहित आठ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इनमें से पहले छह मैडल स्पोर्ट्स होंगे और कुल 32 स्वर्ण पदक दांव पर रहेंगे। उद्घाटन से पहले एथलीट परेड और मशाल रिले आयोजित हुई, जिसमें डॉन रेमेडियोस, पायल परमार, अजीश पटेल और जलपा सोलंकी शामिल रहे। मशाल को मनोज सिन्हा और प्रशासक प्रफुल्ल पटेल ने स्थापित किया।

### बीच कबड्डी में हरियाणा ने पंजाब को 51-23 से हराया

बीच सॉकर और बीच कबड्डी में मुकाबले खेले गए। बीच कबड्डी महिला पूल ए में हरियाणा ने पंजाब को 51-23 से हराया। वहीं महाराष्ट्र ने दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव को 71-18 से हराया। जबकि पूल बी में उत्तर प्रदेश ने हिमाचल प्रदेश को 43-35 से हराया और राजस्थान ने आंध्र प्रदेश को 64-22 से हराया। पुरुषों के मुकाबले में पूल ए में हरियाणा ने आंध्र प्रदेश को 53-16 से हराया और उत्तर प्रदेश ने दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव को 55-33 से हराया। जबकि पूल बी में राजस्थान ने उत्तराखंड को 44-36 से हराया और महाराष्ट्र ने दिल्ली को 47-20 से हराया। इसके अलावा महिलाओं के बीच सॉकर के ग्रुप ए में ओडिशा ने महाराष्ट्र को 11-3 से हराया। जबकि ग्रुप बी में हिमाचल प्रदेश ने दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव को 7-5 से हराया।

# टी-20 विश्व कप से पहले तिलक वर्मा की हुई सर्जरी

## न्यूजीलैंड सीरीज में खेलना हुआ संदिग्ध



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद फरवरी में टी-20 विश्व कप भी खेला जाएगा। इस प्रमुख टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों में जुटी भारतीय टीम के लिए चिंताजनक खबर है। दरअसल, भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा की 'टेस्टिकुलर टॉर्शन' की सर्जरी हुई है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 जनवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं।

### विश्व कप में खेलने पर भी हुआ संदेह


स्पोर्ट्स तक के मुताबिक, विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में हैदराबाद के आखिरी लीग स्टेज मैच से एक दिन पहले, 7 जनवरी की सुबह तिलक के पेट में दर्द हुआ। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें सर्जरी की सलाह दी गई। खबरों के मुताबिक, उनकी सफल सर्जरी हुई है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं, और विश्व कप में खेलने को लेकर भी उन पर संदेह है।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ से नवाजे गए मिचेल, शेफाली, ग्रीव्स और डफी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दिसंबर 2025 के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को नामांकित किया। उन्होंने एशेज सीरीज 2025-26 में अपनी गेंदबाजी से अंतर पैदा किया।

आईसीसी ने स्टार्क के अलावा वेस्टइंडीज के जस्टिन ग्रीव्स और न्यूजीलैंड के जैकब डफी को भी नामित किया। महिलाओं में भारत की शेफाली वर्मा, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और सुने लुस को नामांकित हुई हैं।





### स्टार्क ने एशेज सीरीज में लिए 31 विकेट

स्टार्क ने दिसंबर 2025 में एशेज सीरीज के दौरान गेंदबाजी में 16 विकेट लिए थे और बल्लेबाजी में 139 रन बनाए थे। एशेज 2025-26 में स्टार्क ने 10 पारियों में 19.93 की औसत के साथ 31 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58 रन पर 7 विकेट लेना रहा। कोई भी दूसरा गेंदबाज 25 विकेट के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया है।

### दिसंबर में शेफाली ने किया था कमाल

दिसंबर 2025 में शेफाली ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में कमाल किया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 5 पारियों में 80 की औसत से 241 रन बनाए थे। वोल्वार्ड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार 2 शतक (124 और 100*) रन बनाए थे। वह सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थी। उनकी साथी खिलाड़ी लुस ने आयरलैंड के विरुद्ध सीरीज में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था।

### ग्रीव्स का ऐसा रहा प्रदर्शन

ग्रीव्स ने न्यूजीलैंड में खेली गई टेस्ट सीरीज में 6 पारियों में 56.60 की औसत के साथ 283 रन बनाए थे। वह अपनी टीम की ओर से उस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट में नाबाद दोहरा शतक 202* लगाया था और मैच को ड्रॉ कराया था।

## चीन में होने वाली स्पर्धा के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

# एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक (शॉट-पुट) खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर छह से आठ फरवरी तक चीन के तियानजिन में होने वाली 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तीन फरवरी को रवाना होगी। तूर के अलावा युवा गोला फेंक खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल भी शामिल हैं।






### लंबी कूद और फर्राटा धावकों से लबरेज है टीम

लंबी कूद के खिलाड़ी शाहनवाज खान और त्रिकूद में अनुभवी खिलाड़ी प्रवीण चित्रवेल भी नए सत्र की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन) और मणिकांत होब्लिधर (60 मीटर) इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष टीम के अन्य प्रमुख खिलाड़ी हैं। देश की शीर्ष महिला फर्राटा धाविका नित्या गंधे और अभिनया राजाराजन 60 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि मौमिता मंडल महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में भाग लेंगी।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**पुरुष** : मणिकांत होबलीधर (60 मीटर), तेजस शिरसे (60 मीटर बाधा दौड़), जे आदर्श राम (ऊंची कूद), सीवी अनुराग और शाहनवाज खान (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (त्रिकूद), समरदीप सिंह गिल, तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन)।

**महिला** : नित्या गंधे, अभिनया राजराजन (60 मीटर), मौमिता मंडल और प्रज्ञान प्रशांति साहू (60 मीटर बाधा दौड़), पूजा (ऊंची कूद), एंसी सोजन और मौमिता मंडल (लंबी कूद), योगिता (शॉट पुट) और केए अनामिका (पेंटाथलॉन)।




## खबर संक्षेप

### 11वां लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

**भोपाल।** 11वें लाल परेड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट शुभारंभ रिटायर्ड डीजी पवन जैन शुक्रवार सायं 6 बजे करेंगे। इस अवसर पर रिटायर्ड एडीजी विपिन माहेश्वरी और डीजी (रेल) रवि गुप्ता विशेष अतिथि होंगे। स्पर्धा 9 से 14 जनवरी तक पुलिस जिम्नेज़ियम हॉल, जहांगीराबाद में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव गोपाल सिंह धाकड़ ने बताया की स्पर्धा में अंडर 7 एज ग्रुप से 70 वर्ष से अधिक के शटलर्स हिस्सा लेंगे। लाल परेड ग्राउंड स्पोर्ट्स क्लब द्वारा भोपाल डिस्ट्रिक बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में केवल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही स्वीकार किये गए हैं।

### खेलो एमपी गेम्स में हॉकी के लिए सिलेक्शन ट्रायल 11 को

**भोपाल।** खेलो एमपी गेम्स जो 12 से 31 जनवरी तक प्रदेशभर में आयोजित किए जाएंगे। इन खेलों में ओपन हॉकी के लिए सिलेक्शन ट्रायल 11 जनवरी को ऐशबाग स्टेडियम में शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कोच तबरेज शेर खान और मैनेजर साजिद नूर ने प्रतभागी खिलाड़ियों को सूचित किया है कि सिलेक्शन ट्रायल में वे खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 के बाद हुआ हो। इसके साथ ही ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे अपने साथ अपना जन्म प्रमाण पत्र अवश्य लेकर आएं। इसके साथ ही प्रतिभागियों को आधार कार्ड, बोर्ड परीक्षा की अंकसूची भी साथ लाएं।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ

# देश में पहली बार आधुनिक तकनीक से 4के वाटर प्रोजेक्शन के साथ होगा लॉन्चिंग इवेंट

***शुभारंभ समारोह में दिखेगी भोपाल के बड़े तालाब की भव्यता और आधुनिक तकनीक***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को बड़े तालाब स्थित वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी में खेलो एमपी यूथ गेम्स की लॉन्चिंग तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री सारंग ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक खेल प्रेमियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा, तकनीकी एवं व्यवस्थागत सभी इंतजाम पूर्णतः पुख्ता हों।

मंत्री सारंग ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' 12 जनवरी को खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। यह शुभारंभ कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शाम 6 बजे बड़े तालाब से किया जाएगा।


अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मंत्री विश्वास सारंग।

### देश में पहली बार फ्लोटिंग स्टेज पर ऐतिहासिक लॉन्चिंग

देश में पहली बार किसी राज्य स्तरीय यूथ स्पोर्ट्स इवेंट की लॉन्चिंग फ्लोटिंग स्टेज पर की जाएगी, जहां 4के वॉटर प्रोजेक्शन इस ऐतिहासिक समारोह का मुख्य आकर्षण होगा। भोपाल के बड़े तालाब की प्राकृतिक भव्यता के बीच जल-परदे पर अत्याधुनिक 4के तकनीक के माध्यम से खेलो एमपी यूथ गेम्स की थीम, लोगो, विजुअल स्टोरी और खेल भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक प्रस्तुति के साथ हाई-क्वालिटी विजुअल डिस्प्ले, टॉर्च लाइटिंग के माध्यम से आकर्षक फायर वर्क तथा 20 फीट ऊंची 'लार्जर दैन लाइफ' जर्सी जैसे विशेष आकर्षण समारोह की भव्यता को बढ़ाएंगे।


कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देते मंत्री सारंग।

### 28 खेलों के लिए चरणबद्ध चयन प्रक्रिया

खेलो एमपी यूथ गेम्स की चयन प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से प्रारंभ की जाएगी। ब्लॉक स्तरीय 12 से 16 जनवरी, जिला 16 से 20 जनवरी, संभाग 21 से 25 जनवरी तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 28 से 31 जनवरी तक होंगी। उन्होंने बताया कि यूथ गेम्स के अंतर्गत कुल 28 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### लोगो, मैस्कॉट, एंथम और जर्सी का होगा अनावरण

*मंत्री सारंग ने बताया कि शुभारंभ समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव खेलो एमपी यूथ गेम्स के लोगो, मैस्कॉट, एंथम एवं आधिकारिक जर्सी का लोकार्पण करेंगे।*

### शुभारंभ समारोह में दिखेगी भोपाल के तालाबों की भव्यता

*मंत्री सारंग ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ समारोह विशेष रूप से आकर्षक एवं यादगार बनाया गया है। इस अवसर पर ताल-तलैयों की नगरी भोपाल के ऐतिहासिक तालाबों की भव्यता दिखेगी।*

### देश में पहली बार खेल विभाग और सभी खेल संघ मिलकर करेंगे आयोजन

*मंत्री सारंग ने कहा कि यह देश में पहली बार हो रहा है, जब खेल विभाग के साथ सभी मान्यता प्राप्त खेल संघ मिलकर समन्वित रूप से यूथ गेम्स का आयोजन एवं संचालन कर रहे हैं। यह पहल खेल विभाग का एक ऐतिहासिक और नवाचारी कदम है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान प्रारंभिक स्तर पर ही हो सकेगी, जिससे उन्हें आगे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सशक्त अवसर प्राप्त होगा।*


भोपाल फीनिक्स और आरएनटीयू के बीच हुए मैच का एक दृश्य।

### 31वां इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ रोमांचक

## भोपाल फीनिक्स की बड़ी जीत, आरएनटीयू को 7 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रदेश भाजपा के महामंत्री राहुल कोठारी।

भोपाल फीनिक्स ने आएनटीयू को 7 रन से हराकर 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक जीत दर्ज की है। ओल्ड कैंपियन मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में भोपाल फीनिक्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में 9 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में आरएनटीयू टीम 16 ओवर में 140 रनों पर ही सिमट गई। इससे पहले प्रदेश भाजपा के महामंत्री राहुल कोठारी ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया।

### आज के मैच

| टीम | समय | ग्राउंड |
|---|---|---|
| दैनिक नवदुनिया बनाम दैनिक जागरण | सुबह 9.00 बजे से | ओल्ड कैंपियन ग्राउंड |
| ब्लेजिंग यार्कर बनाम एलीट वारियर्स | दोपहर 12.30 बजे से | ओल्ड कैंपियन ग्राउंड |
| महाबली वारियर्स बनाम सुपर हीटर्स | दोपहर 11.30 बजे से | बाबे आली ग्राउंड |

### हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर-18 इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन

## भोपाल ने उज्जैन डिवीज़न को खिलाया फॉलोआन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे राजधानी के ओएफसीए मैदान पर भोपाल और उज्जैन डिवीजन के मध्य खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन भोपाल डिवीजन ने कल के स्कोर 3/346 रन से आगे खेलते हुए 117.4 ओवरों में 390 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में उज्जैन डिवीजन ने 68.4 ओवर में 203 रन ही बना सकी, जिसमें राजदित्य सिंह ने 52, मीत शर्मा ने 39, आरुष अग्रवाल ने 36 रन और शिवम पटेल ने 24 रन बनाए। भोपाल डिवीजन के आलिफ हसन ने 5, रुद्र प्रताप सिंह तोमर ने 3 और रबजीत सिंह मल्ही ने 2 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीजन ने पहली पारी में 187 रनों की बढ़त प्राप्त की। उज्जैन डिवीज़न नें अपनी दूसरी पारी में फॉलोआन खेलते हुए दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 1 ओवर में 9 रन बना लिए हैं। कल तीसरे दिन का मैच खेला जाएगा।


आलिफ हसन

### भोपाल के खिलाड़ी ने शॉट पुट, डिस्कस थ्रो में किया कमाल

## हरदीप सैनी ने स्टेट मीट में जीते दो स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरदीप सिंह सैनी ने भेल स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स मीट में शॉट पुट और डिस्कस थ्रो प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उनका चयन अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है, जो 28 से 31 जनवरी तक त्रिवेंद्रम में होगी।

सैनी इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें सैनी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। उन्होंने अपनी श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त कर भोपाल जिले का नाम रोशन किया। हरदीप सरकारी कर्मचारी हैं। अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद, वे खेलों के प्रति अपने समर्पण और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। वे नियमित रूप से खेल गतिविधियों में सक्रिय रहकर युवाओं को खेल और फिटनेस के लिए प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन भी प्रदान करते हैं। खेल गतिविधियों के अतिरिक्त, हरदीप सिंह सैनी भोपाल के साकेत नगर स्थित गुरुद्वारा में सेवादार के तौर पर भी सक्रिय हैं।


पुरस्कार वितरण के दौरान खिलाड़ी और अतिथि।

## लाइफ स्टाइल

### टीवी मसाला

## स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के सीक्रेट एपिसोड को लेकर लगने लगी अटकलें

**नई दिल्ली।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का फिनाले एपिसोड हाल ही में दर्शकों ने देखा है। लेकिन, इस एपिसोड को आखिरी एपिसोड नहीं माना जा रहा है। क्या इस सीरीज का आखिरी एपिसोड अभी आना बाकी है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स'की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में इस सीरीज का पांचवां सीजन स्ट्रीम हुआ। आखिरी एपिसोड को देखकर कुछ फैंस निराश भी हुए। लेकिन, अब सोशल मीडिया पर आखिरी एपिसोड को लेकर कई थ्योरी चल रही हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें लग रही हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का एक स्पेशल एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड नेटफ्लिक्स पर 1 जनवरी को भारत में स्ट्रीम हुआ। जबकि यूएस और बाकी जगहों पर यह एपिसोड 31 दिसंबर को दर्शकों ने देखा था। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा था। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का था। आखिरी एपिसोड में सीरीज की लीड कैरेक्टर एलेवन, विलेन वेक्ना को खत्म कर देती है। लेकिन, जिस तरह से वेक्ना का खात्मा हुआ, वह फैंस को निराश कर गया। अब स्ट्रेंजर थिंग्स के फिनाले के बारे में बहुत सारी थ्योरीज चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस का मानना है कि आखिरी एपिसोड में कई ऐसे हिंट है, जो बताते हैं कि इस सीरीज का यह आखिरी एपिसोड नहीं था। फैंस का मानना है कि लीड कैरेक्टर इलेवन जिंदा है या मरी है, इस बात का पता नहीं चल रहा है, ऐसे में लगता है कि सीरीज अभी खत्म नहीं हुई है। इसके अलावा कई फैंस ने फिनाले एपिसोड पर रिसर्च की है, जिससे उन्हें कई और हिंट मिल रहे हैं, जो बताते हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' की कहानी अभी खत्म नहीं हुई।



### नागिन के आते ही फीका पड़ा अनुपमा का जादू

**नई दिल्ली।** 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा है। इसकी टीआरपी 2.2 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। इस सीरियल की पहले से अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इस सीरियल ने भी रिलीज होने के एक हफ्ते के बाद ही टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल 'अनुपमा अक्सर ही टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। लेकिन, पिछले कुछ हफ्तों में इसकी टीआरपी कम हुई।





## पुलिसकर्मियों के साथ सोनू ने गुनगुनाया घर कब आओगे गाना

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म का गाना 'घर कब आओगे' जारी किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने यह गाना मुंबई पुलिस के लिए मुंबई में आयोजित एक इवेंट में गुनगुनाया। इस इवेंट का आयोजन पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया था। घर और परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा, देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में मुंबई में बुधवार को एक इवेंट का आयोजित किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के सम्मान में कई भावुक संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में मशहूर सिंगर सोनू निगम भी पहुंचे और उन्होंने फिल्म 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' गाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ यह गाना मंच से गुनगुनाया। इस दौरान मुंबई पुलिस के म्यूजिक बैंड ने संगीत पेश किया। फिल्म 'बॉर्डर 2', क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है।

इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी हैं। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## राजा शिवाजी से लेकर वी शांताराम और ईथा तक इस साल रिलीज होंगी ये बायोपिक फिल्में...

**नई दिल्ली।** इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इनमें रितेश देशमुख की राजा शिवाजी से लेकर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर जैसे सितारों से सजी कई अन्य दिग्गजों की बायोपिक फिल्में भी शामिल हैं। साल 2026 के शुरू होते ही फिल्मों की घोषणा और रिलीज डेट भी सामने आने लगी है। साल की शुरुआत ही बॉलीवुड फिल्म इक्कीस की रिलीज के साथ हुई। इसके अलावा साल के पहले ही महीने यानी जनवरी में ही कई फिल्में रिलीज होनी है। हर साल की तरह 2026 में भी अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।

**राजा शिवाजी** : मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर कई फिल्में बन चुकी हैं। अब रितेश देशमुख एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज पर एक नई फिल्म बना रहे हैं। इसका नाम राजा शिवाजी है। पिछले दिनों रितेश ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में रितेश देशमुख न सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाएंगे, बल्कि फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी खुद ही किया है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। वहीं, फिल्म की कास्ट भी काफी बड़ी है। इसमें रितेश देशमुख के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेंद्र जोशी सरीखे कलाकारों के नाम शामिल हैं। राजा शिवाजी 1 मई को रिलीज होनी है।

**वी. शांताराम** : दिग्गज फिल्म निर्माता वी. शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। वो वी. शांताराम का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म का निर्माण अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं। फिल्म में वी. शांताराम के मूक फिल्म युग से लेकर रंगीन सिनेमा के आगमन तक के सफर को दिखाया जाएगा। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन इसके इसी साल रिलीज होने की संभावना है।

**ईथा** : ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। फिल्म में श्रद्धा कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जो विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन छावा का निर्देशन करने वाले लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। रणदीप हुड्डा फिल्म में लीड एक्टर के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

**व्हाइट** : विक्रांत मैसी आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की बायोपिक व्हाइट में नजर आएंगे। यह कोलंबिया के गृहयुद्ध को समाप्त करने में श्री श्री रविशंकर की भूमिका पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर है। फिल्म की अधिकांश शूटिंग कोलंबिया में ही हुई है। मोंटू बस्सी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के 2026 के अंत तक रिलीज होने की संभावना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930